हरिभूमि
छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी

वन विभाग ने की कार्रवाई, फरार आरोपियों को पकड़ने के लिए चला रहे अभियान






### ओडिशा सीमा तक पहुंचाते थे लकड़ियां

बताया गया है कि तस्कर चार-चार लट्ठों को एक साथ बांधकर नदी में बहाते थे, ताकि वे बहाव के साथ ओडिशा सीमा तक पहुंच जाएं। विभाग की टीम ने इस तरकीब को नाकाम कर तस्करों के मंसूबों पर पानी फेर दिया।

# 'पुष्पा-स्टाइल' में सागौन तस्करी

# नदी में बहाई जा रही थी बेशकीमती लकड़ियां

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद

उदंती-सीता अभयारण्य में वन विभाग ने सागौन तस्करों की एक बड़ी साजिश नाकाम की है। ओडिशा से जुड़े तस्कर लंबे समय से 'पुष्पा-स्टाइल' में सागौन की तस्करी कर रहे थे। वे नदी के तेज बहाव का फायदा उठाकर लकड़ियों को बहा देते थे, जिन्हें आगे ▶▶|शेष पेज 6 पर



### जल्द पकड़ेंगे आरोपियों को

मौके से कई सागौन लट्ठे जब्त किए गए हैं और तस्करों की पहचान की जा रही है। प्रारंभिक जांच में पता चला है कि सभी आरोपी ओडिशा के रहने वाले हैं। उन्हें जल्द गिरफ्तार किया जाएगा।

- वरुण जैन
उपनिदेशक, उदंती-सीता अभयारण्य

आनंद का सच्चा भाव®

| | |
|---|---|
| 18 कैरेट रेट* (75.00%) = | ₹89861/- |
| 22 कैरेट रेट* (91.60%) = | ₹109750/- |
| 24 कैरेट रेट* (99.99%) = | ₹119802/- |

सोने का भाव* प्रति 10 ग्राम | GST Extra
ANAND® Jewels
Pandri, Raipur
*Conditions apply

## खबर संक्षेप

### तस्कर से 2.82 करोड़ के सोने के बिस्कुट जब्त

**कोलकाता।** बीएसएफ के जवानों ने पश्चिम बंगाल के नादिया जिले में भारत-बांग्लादेश सीमा के पास एक तस्कर को पकड़ा और उसके कब्जे से 20 किलोग्राम सोने के बिस्कुट जब्त किए। होरंदीपुर सीमा चौकी पर तैनात बीएसएफ की 32वीं बटालियन को विश्वसनीय खुफिया जानकारी मिली कि सीमा के पास मुस्लिमपारा गांव का एक भारतीय नागरिक बांग्लादेश से लाए गए अवैध सोने की तस्करी होरंदीपुर इलाके से करने योजना बना रहा है।

कलेक्टर्स कांफ्रेंस में सीएम ने दिखाए सख्त तेवर, कहा- योजनाओं का लाभ जनता तक समय पर पहुंचना चाहिए

# सिर्फ कागज नहीं, धरातल पर दिखना चाहिए काम

# सुबह 7 बजे से पहले कलेक्टर वार्डों में नजर आएं

रविवार को कलेक्टर्स कॉन्फ्रेंस में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय का सख्त अंदाज देखने को मिला। कलेक्टरों से साथ चर्चा में उन्होंने साफ कहा कि यह केवल समीक्षा बैठक नहीं, सुशासन, पारदर्शिता और जनहित के नए मानक तैयार का अवसर है। शासन की नीतियों और योजनाओं का लाभ जनता तक समयबद्ध और पारदर्शी तरीके से पहुंचना ही सुशासन का वास्तविक अर्थ है। इसमें किसी भी स्तर पर ढिलाई स्वीकार्य नहीं होगी।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

सीएम साय ने अधिकारियों को चेताया कि जिलों में योजनाओं के क्रियान्वयन में परिणाम दिखाई देने चाहिए, केवल रिपोर्टों में नहीं। धरातल पर काम देखने कलेक्टरों को उन्होंने सुबह सात बजे से पहले उठकर वार्डों कर निरीक्षण करना होगा। मुख्यमंत्री ने कलेक्टर्स कांफ्रेंस में कहा, शासन की नीतियों और योजनाओं का अंतिम उद्देश्य आम जनता तक योजनाओं का लाभ पहुंचाना है। जनता के बीच आपकी उपस्थिति और संवेदनशीलता ही आपकी पहचान है। बैठक में ▶▶|शेष पेज 6 पर



### इन कलेक्टरों को मिली तारीफ

- बाल विवाह रोकने के लिए बालोद जिले का बेहतरीन कार्य
- रायगढ़ और बेमेतरा जिले की अपार आईडी में अच्छा काम
- स्थानीय भाषा बोली गोंडी में प्राथमिक स्तर पर शिक्षा देने के लिए बीजापुर बेहतरीन
- रायगढ़, दंतेवाड़ा और गौरेला पेंड्रा मरवाही जिले में शिक्षा गुणवत्ता, बोर्ड परीक्षाओं ▶▶|शेष पेज 6 पर

### कोरबा बना सूर्य घर मॉडल जिला

मुख्यमंत्री श्री साय ने ऊर्जा विभाग की समीक्षा करते हुए कहा, प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना का लाभ अधिकतम लोगों तक पहुंचे। प्रधानमंत्री सूर्य घर योजना में सबसे अच्छा प्रदर्शन करने वाले कोरबा जिले की सराहना हुई। कलेक्टर ने बताया कि जिले के बैगा और कोरवा जनजाति बहुल क्षेत्रों में डीएमएफ फंड से योजना को तेजी से लागू किया जा ▶▶|शेष पेज 6 पर

### ऐसे भी निर्देश

- रेत का खेल तत्काल बंद होना चाहिए
- जैम पोर्ट से खरीदी में सतर्कता बरते और सख्ती भी करें
- गुणवत्तापूर्ण कार्य करने वालों का समय पर भुगतान करें। लोगों को भटकना न पड़े
- शिक्षा में ड्रॉपआउट शून्य करने और सकल नामांकन अनुपात को 100 प्रतिशत करने का लक्ष्य किसी भी हालत में पूरा होना चाहिए
- सभी कलेक्टर्स पाँच विशेष पिछड़ी जनजातियों के ग्राम विकास और उनके जीवन स्तर को सुधारने के काम तेजी से पूरे करें ▶▶|शेष पेज 6 पर

आईपीएस खुदकुशी मामला

# डीजीपी को हटाएं, वरना करेंगे देशव्यापी आंदोलन

एजेंसी ▶▶| चंडीगढ़


हरियाणा के आईपीएस वाई पूरन कुमार आत्महत्या मामले में रविवार को चंडीगढ़ में महापंचायत बुलाई गई थी। महापंचायत का फैसला आ चुका है। पंचायत ने सरकार को 48 घंटे का अल्टीमेटम दिया है। अगर इसके बाद भी डीजीपी को नहीं हटाया जाता तो देशव्यापी आंदोलन शुरू किया जाएगा।



महापंचायत की 31 मेंबर वाली कमेटी के अध्यक्ष प्रोफेसर जय नारायण ने कहा कि सरकार ने सिर्फ एक छोटा सा कदम उठाया है। एसपी को सस्पेंड किया है। एफआईआर में उन 15 अधिकारियों के नाम डाले गए हैं, जिनको लेकर अपने सुसाइड नोट में पूरन कुमार ने लिखा था कि इन्होंने ▶▶|शेष पेज 6 पर

### महापंचायत की तैयारी

महापंचायत ने कहा कि जिला और ब्लॉक स्तर पर भी कमेटियां गठित की जाएंगी, जो प्रशासन को ज्ञापन सौंपेंगी. कमेटी का उद्देश्य है कि चंडीगढ़ प्रशासक को भी ज्ञापन सौंपा जाए। जरूरत पड़ने पर देशव्यापी आंदोलन खड़ा किया जाए। महापंचायत ने कहा कि ये लड़ाई दलित समाज के लिए शहीद हुए आईपीएस के सम्मान की है और इसे दलित समाज ही आगे बढ़ाएगा।




As homes light up with diyas, light up your celebrations with the happiness of driving a Kia. With GST and additional festive benefits, this is your moment to start a journey filled with comfort, tech, and style. Visit your nearest Kia dealership today.

| Model | Old Ex-showroom | New Ex-showroom | GST Reduction | Additional festive benefits up to |
|---|---|---|---|---|
| Sonet | ₹ 7 99 900 | ₹ 7 30 138 | ₹ 69 762 | ₹ 90 000 |
| Seltos | ₹ 11 18 900 | ₹ 10 79 276 | ₹ 39 624 | ₹ 1 35 000 |
| Syros | ₹ 9 49 900 | ₹ 8 67 053 | ₹ 82 847 | ₹ 1 35 000 |
| Carens | ₹ 11 40 900 | ₹ 10 99 159 | ₹ 41 741 | ₹ 65 000 |
| Carens Clavis | ₹ 11 49 900 | ₹ 11 07 829 | ₹ 42 071 | ₹ 1 00 000 |

*Benefits available on other Kia cars as per applicability.

For more information, visit our dealership or contact: 1800 108 5000 | 093195 91407 | www.kia.com | Book Kia | kiacare@kiaindia.net | Look for "Kia India" @

*Terms & condition apply. Ex-showroom price mentioned is for the base variant (PAN India). Benefits shown are the combination of exchange, loyalty, corporate, scrappage and special benefits, which are applicable on select models and variants, may vary from model to model and region to region. The product shown is for representation purposes only. Actual features, colors, and specifications may not be part or standard fitment and may vary. Kia India Pvt. Ltd. reserves the right to make any changes with respect to the trims, colors, specifications, and other details of any model as mentioned or to modify/ discontinue any offer/ scheme/ service without prior notice. Kia urges you to follow traffic rules, these are meant to keep you safe on the roads. Visit your nearest Kia dealership for more details.

**Maosaji Kia:** Bilaspur, Tel: 8815103906, 8815103912 | Raigarh, Tel: 9343604983, 9343618720 | Janjgir, Tel: 9343604981
**Krishna Kia:** Korba, Tel: 8815104502 **Mahamaya Kia:** Manendragarh Road, Ambikapur, Tel: 6262600961



राजधानी रायपुर के अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम में भारत और दक्षिण अफ्रीका के बीच 3 दिसंबर को वनडे मैच होगा। इसके बाद अगले साल के प्रारंभ में 23 जनवरी को भारत और न्यूजीलैंड के बीच टी-20 मैच होगा। बीसीसीआई से रविवार को जो कार्यक्रम जारी किए हैं, उनमें इन दो मैचों की मेजबानी छत्तीसगढ़ को दी गई है।

# रायपुर में होगा भारत-दक्षिण अफ्रीका का वनडे, न्यूजीलैंड के साथ टी-20 भी, तैयारियों में जुटा क्रिकेट एसोसिएशन

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

अलग खबर

भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड ने 2025-26 सीजन का शेड्यूल जारी किया है। इसमें छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर को दो बड़े मुकाबलों की मेजबानी का मौका मिला है। यह पहला मौका होगा, जब रायपुर को बीसीसीआई के स्थाई रोटेशन सर्किट में शामिल किया जा रहा है। इसका मतलब यह है कि आने वाले हर सीजन में रायपुर को अंतर्राष्ट्रीय मुकाबलों की मेजबानी का नियमित अवसर मिल सकता है। छत्तीसगढ़ स्टेट क्रिकेट संघ के डायरेक्टर विजय शाह ने बताया, यह राज्य के लिए गर्व का क्षण है। उन्होंने कहा, बीसीसीआई ने रायपुर पर जो भरोसा जताया है, वह यहां की खेल संस्कृति और सुविधाओं की स्वीकृति है। हमारा प्रयास रहेगा कि आयोजन मानकों पर खरा उतरे। इस मौके को ऐतिहासिक बनाने के लिए प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन ने तैयारियां तेज कर दी हैं।

पहली बार बीसीसीआई के सीजन के शेड्यूल में छत्तीसगढ़ शामिल



### सुविधाएं हो रही हैं अपडेट

स्टेडियम की सीटिंग व्यवस्था, फ्लड लाइट्स, आउटफील्ड और सुरक्षा व्यवस्थाओं को बीसीसीआई के नए मानकों के अनुसार अपडेट किया जा रहा है। रायपुर का यह स्टेडियम पहले भी आईपीएल, रोड सेफ्टी सीरीज और भारत-न्यूजीलैंड वनडे जैसे कई बड़े आयोजनों का हिस्सा रह चुका है। शहीद वीर नारायण सिंह स्टेडियम में लगभग 65 हजार दर्शकों की क्षमता है। अंतर्राष्ट्रीय स्तर की सुविधाओं के साथ यह देश के चुनिंदा हाईग्रेड क्रिकेट वेन्यू में शामिल है।

### भारत में तीसरा सबसे बड़ा स्टेडियम

रायपुर का क्रिकेट स्टेडियम दर्शक क्षमता के लिहाज से देश में तीसरा सबसे बड़ा स्टेडियम है। भारत में नरेन्द्र मोदी स्टेडियम, गुजरात 1.10 लाख, ईडन गार्डन, कोलकाता 68 हजार के बाद शहीद वीरनारायण सिंह स्टेडियम तीसरा बड़ा क्रिकेट स्टेडियम है। इस स्टेडियम में 65 हजार दर्शकों के बैठने की क्षमता है और पार्किंग से लेकर सभी सुविधाओं से लैस है। मैच के समय उसकी भव्यता देखते ही बनती है।

### आईपीएल और रोड सेफ्टी मैच हुए

रायपुर के शहीद वीर नारायण सिंह मैदान में 2013 में आईपीएल के 2 मैच खेले गए थे। इसके अलावा साल 2015 में दूसरी बार आईपीएल के मैच हुए। रोड सेफ्टी और इंडिया मास्टर्स लीग क्रिकेट यहां खेला जा चुका है। स्थानीय और रणजी मैच भी लगातार होते रहे हैं।

## खबर संक्षेप

### स्टेशन में पैरालिसिस मरीज पर मधुमक्खियों का हमला, गंभीर



**बालोद।** गुण्डरदेही रेलवे स्टेशन परिसर में स्थित पेड़ में बैठे बंदरों ने मधुमक्खी के छत्ते से छेड़छाड़ कर दी। जिससे मधुमक्खियों के झुण्ड ने स्टेशन में मौजूद यात्रियों पर हमला कर दिया। इस दौरान एक लकवाग्रस्त यात्री भाग नहीं पाया और मधुमक्खियों ने लगभग 20 मिनट तक डंक मारा। युवक की हालत गंभीर बताई जाई जा रही। मिली जानकारी के अनुसार दुर्ग से भानुप्रतापुर जा रही ट्रेन जब जिले के गुण्डरदेही रेल्वे स्टेशन पहुंची। उसी दौरान परिसर में बंदरों के झुण्ड ने मधुमक्खियों के छत्ते से छेड़छाड़ कर दी। जिसके बाद स्टेशन में रूके व ट्रेन मे बैठे यात्रियों पर मधुमक्खियों ने हमला कर दिया। जिससे यात्री अपनी जान बचाकर इधर उधर भागते दिखे। इसी दौरान ट्रेन से उतरे लकवाग्रस्त युवक तिलखैरी अरमरीकला निवासी दिलेश्वर साहू 35 वर्ष पर मधुमक्खियों के झुंड ने हमला कर दिया। युवक लकवाग्रस्त होने के कारण मधुमक्खियों से बचकर नहीं भाग पाया। जैसे- जैसे वह बचने का प्रयास करता, वैसे- वैसे मुधमख्यियों ने हमला तेज कर दिया। जिसके बाद आसपास के लोगों ने 108 एम्बुलेंस को इसकी सूचना दी। मधुमक्खियों के डर से एम्बुलेंस कर्मी भी युवक के पास जाने से बचते दिख रहे थे। युवक को इशारे से नीचे झुककर घुटने के सहारे टिकट काउंटर तक बुलाया गया। युवक को 108 की सहायता से गुण्डरदेही अस्पताल में भर्ती कराया। युवक का इलाज जारी है।

### सट्टा खिलाते धरे गए दो सटोरिए, पर्ची जब्त

**रायपुर।** खमतराई पुलिस ने सट्टा संचालित करते दो सटोरियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से सट्टे की रकम के साथ सट्टा पर्ची जब्त की है। पुलिस ने सट्टा संचालित करने के आरोप में खमतराई उड़िया बस्ती निवासी विकास शर्मा उर्फ गोविंद तथा श्रीनगर निवासी राकेश जंघेल को गिरफ्तार किया है। दोनों को पुलिस ने शिवानंद रोड पर सट्टा खिलाते गिरफ्तार किया है।

### मॉपअप राउंड में शामिल हुई नयी सीटें, एडमिशन के लिए 237 सीटें खाली

# शंकराचार्य मेडिकल कालेज की यूजी सीट में 50 का इजाफा, राज्य में एमबीबीएस की कुल 2330 सीट

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर



खास खबर

थोड़े नंबर से चूक रहे एमबीबीएस की विद्यार्थियों को मेडिकल कालेजों में प्रवेश की थोड़ी और आस बन गई है। मॉपअप राउंड के आवेदन के दौरान भिलाई के निजी शंकराचार्य मेडिकल कालेज में यूजी की 50 सीटें बढ़ गई है। इसे मिलाकर राज्य में इस बार निजी और शासकीय चिकित्सा महाविद्यालयों के कुल 2330 सीटों पर एडमिशन हो रहा है। मॉपअप राउंड में कुल 237 सीटों को शामिल किया गया है। वर्ष 2025-26 के शिक्षण सत्र में राज्य के सभी पांच निजी और दस शासकीय चिकित्सा महाविद्यालयों में एडमिशन हो रहा है।

राज्य के दस शासकीय कालेजों में 1430 तथा निजी मेडिकल कालेजों में 900 सीटें है। मॉपअप राउंड के लिए आवेदन शुरू होने के पहले रावतपुरा सरकार निजी मेडिकल कालेज में 100 सीटें बढ़ी थी और आवेदन के अंतिम दिन के पूर्व श्री शंकराचार्य मेडिकल कालेज में 50 और सीटों की वृद्धि हुई है। इसके बाद राज्य में श्री बालाजी और श्री शंकराचार्य मेडिकल कालेज 250-250 सीटों के साथ सबसे बड़े कालेज बन गए हैं। तीसरे नंबर पर शासकीय मेडिकल कालेज रायपुर हैं जहां एमबीबीएस की कुल 230 सीटें हैं। दूसरे राउंड के पहले शंकराचार्य कालेज में 50 सीट बढ़ाई गई थी और मॉपअप के पहले 50 और सीटों की बढ़ोतरी की गई है। दूसरे दौर की काउंसिलिंग के पहले बालाजी और अभिषेक मिश्रा मेमोरियल मेडिकल कालेज में भी क्रमशः 100 और 50 सीटें बढ़ाई गई थी। राज्य में एमबीबीएस की सीटें बढ़ने के बाद चिकित्सा की पढ़ाई करने वाले विद्यार्थियों और ज्यादा मौका मिलेगा। सबसे बड़ी राहत उन विद्यार्थियों को मिलेगी जो कम नंबर की वजह बीडीएस में एडमिशन अथवा अगली बार बेहतर प्रयास का मन बना रहे थे। मॉपअप राउंड में एमबीबीएस की कुल 237 सीटों को शामिल किया गया है।

### अगले साल तीन नए कालेज

राज्य में अगले साल तीन नए शासकीय मेडिकल कालेज शुरू होने की संभावना है। जांजगीर-चांपा, कबीरधाम और मनेन्द्रगढ़ में कालेज निर्माण के लिए शासन द्वारा राशि भी स्वीकृत की जा चुकी है। इन कालेजों के खुलने के बाद प्रदेश में एमबीबीएस की तीन सौ सीटें बढ़ जाएगी। केंद्र सरकार की पूर्व की योजना के मुताबिक हर जिले में एक चिकित्सा महाविद्यालय खोलने की योजनाओं पर काम किया जा रहा है। इस बार शासकीय स्तर पर मेडिकल यूजी की सीट में बढ़ोतरी नहीं हो पाई है।

### राज्य में मेडिकल कालेज और कुल सीट

**शासकीय कालेज**

| | |
|---|---|
| रायपुर | 230 |
| बिलासपुर | 150 |
| नांदगांव | 125 |
| जगदलपुर | 125 |
| अंबिकापुर | 125 |
| रायगढ़ | 100 |
| कांकेर | 125 |
| कोरबा | 125 |
| महासमुंद | 125 |
| दुर्ग | 200 |

**निजी मेडिकल कालेज**

| | |
|---|---|
| श्री बालाजी | 250 |
| श्री शंकराचार्य | 250 |
| अभिषेक मिश्रा स्मृति | 150 |
| रायपुर इंस्टी. मेडि. | 150 |
| श्री रावतपुरा सरकार | 100 |

### कांटागांव गर्ल्स हॉस्टल का मामला

# हास्टल में टाई के फंदे पर लटकी मिली 11 वर्षीय छात्रा

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोण्डागांव

जिले के माकड़ी ब्लॉक अंतर्गत कांटागांव स्थित सरकारी गर्ल्स हॉस्टल में रविवार को उस समय अफरा-तफरी मच गई, जब 11 वर्षीय छात्रा का शव टाई के फंदे पर लटका मिला। पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है।

जानकारी के अनुसार छात्रा कक्षा पाँचवीं में अध्ययनरत थी और हॉस्टल में रहती थी। रविवार सुबह लगभग 10 बजे जब हॉस्टल स्टाफ ने छात्रओं को भोजन के लिए बुलाया, तो वह अपने कमरे से बाहर नहीं आई। जब कर्मचारी उसके कमरे में पहुँचे, तो छात्रा टाई के सहारे फंदे पर झूलती हुई मिली। घटना की सूचना पर छात्र के परिजन हॉस्टल पहुँचे और हॉस्टल प्रबंधन पर गंभीर लापरवाही के आरोप लगाए। परिजनों का कहना है कि पहले बताया गया कि छात्रा बेहोश हो गई है, बाद में उसकी मौत की जानकारी दी गई।

### जांच जारी

पुलिस ने बताया कि फिलहाल आत्महत्या के कारणों का पता नहीं चल सका है, सभी संभावित पहलुओं पर जांच की जा रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के वास्तविक कारणों की पुष्टि हो सकेगी। निष्पक्ष जांच का आश्वासन दिया है।


### शव परिजन को सौंपा

घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। पीएम के बाद शव परिजन को सौंपा दिया गया है। पुलिस जांच में जुटी है।

अजय उरांव
एसडीएम

# ग्रामीणों ने 50 हजार में की बांध मरम्मत सरपंच- सचिव बिल बना निकाले ढाई लाख

### ग्रामीणों ने की शिकायत, बलरामपुर के चित विश्रामपुर का मामला



हरिभूमि न्यूज ⏭ अंबिकापुर

गांव में सरपंच सचिव किस तरह से मनमानी कर शासकीय राशि का गबन करते हैं इसका अंदाजा इस घटना से लगाया जा सकता है। गांव में ग्रामीणों ने छोटे से बांध का मरम्मत खुद ही चंदा और श्रमदान कर करा लिया। इस मरम्मत कार्य में 50 हजार रुपए खर्च हुए। इस बात की जानकारी जब सरपंच सचिव को हुई तो उन्होंने इंजीनियर से बांध का प्राकलन तैयार कर ढाई लाख रुपए निकाल लिया। अब गांव के युवाओं और उप सरपंच ने घटना की शिकायत करते हुए मामले में जांच की मांग की है। एसडीएम ने इस मामले की जांच के निर्देश भी दे दिए है। बलरामपुर जिले के विकासखंड अंतर्गत ग्राम चित विश्रामपुर में पहाड़ी नाला पर एक बांध बना हुआ है। उक्त बांध जुलाई अगस्त माह में ही क्षतिग्रस्त हुआ था और नाले का पानी खेतों में घुस रहा था। इस घटना के बाद ग्रामीणों ने सरपंच सचिव से मिलकर मरम्मत की मांग की थी। लेकिन उन्होंने इसे अनसुना कर दिया था। जब पंचायत से कोई मदद नहीं मिली को गांव के उप सरपंच दारा सिंह परमार के नेतृत्व में ग्रामीणों ने 50 हजार रुपए का चन्दा एकत्र किया। फिर ग्रामीणों ने खुद ही उक्त बांध की मरम्मत कर ली।

### खुद रख लिए दो लाख रुपए

ग्रामीणों का आरोप है कि बांध मरम्मत के बाद सरपंच, सचिव को इस बात की जानकारी हुई तो उन्होंने एक इंजीनियर को बुलाकर बांध के कार्य का मूल्यांकन कराया और फिर ढाई लाख रुपए का प्रस्ताव बनाकर भेज दिया। इसी प्रस्ताव के आधार पर ढाई लाख रुपए की राशि पंचायत मद में आ भी गई। जब इस बात की जानकारी ग्रामीणों को हुई तो उन्होंने इसका विरोध करते हुए ग्राम सभा की बैठक बुलाई। इस बैठक में ग्रामीणों को 50 हजार रुपए वापस कर लिया गया और बाकी रकम खुद रख लिया।

### दिए हैं जांच के निर्देश

इस मामले की जानकारी मिली है, शिकायत पर जांच के निर्देश दिए है। जांच के बाद स्थिति स्पष्ट होगी।

अभिषेक गुप्ता
एसडीएम, बलरामपुर




### बूढ़ापारा के धरना स्थल के पास से निकालेंगे रैली, सीएम हाउस घेराव

# प्रदेश के 33 जिलों से किसान जुटेंगे आज इंडोर स्टेडियम के सामने आमसभा, प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर



भारतीय किसान संघ के आव्हान पर प्रदेश भर के 33 जिलों के किसान 9 सूत्रीय मांगों को लेकर राजधानी में जुटेंगे। वे बूढ़ापारा के इंडोर स्टेडियम के सामने आमसभा कर अपने हक की आवाज बुलंद करेंगे। इसके बाद इंडोर स्टेडियम से रैली निकालकर मुख्यमंत्री निवास घेराव के लिए कूच करेंगे। बिजली बिल हाफ योजना को फिर से लागू करने, धान के समर्थन मूल्य 3100 रुपये में दो वर्ष के समर्थन मूल्य की वृद्धि 186 रुपए जोड़कर देने और दलहन , तिलहन खेती पर 20 हजार रुपये अनुदान सहित अन्य मांगों को लेकर प्रदर्शन करेंगे। किसानों की समस्याओं को लेकर भारतीय किसान संघ के आव्हान पर 13 अक्टूबर को किसानों का प्रदेश व्यापी आंदोलन प्रातः 11 बजे से बूढ़ातालाब के सामने आयोजित होगा। प्रदेश व्यापी आंदोलन में भारतीय किसान संघ के अखिल भारतीय उपाध्यक्ष रामभरोस बासोतिया मध्यप्रदेश से शामिल होंगे। इसके अलावा भोपाल से क्षेत्रीय संगठन मंत्री महेश चौधरी, छत्तीसगढ़ प्रदेश प्रभारी चंद्रकांत गौर और भारतीय किसान संघ के प्रदेश महामंत्री नवीन शेष के अलावा सभी जिलों के जिलाध्यक्ष शामिल होंगे।

किसान आंदोलन में शामिल होने बस्तर, सरगुजा, कोरिया, सुरजपूर, दंतेवाड़ा, सहित दूरस्थ जिलों से किसान सोमवार की सुबह रायपुर के बूढ़ापारा स्थित कार्यक्रम स्थल पर जुटेंगे।

### प्रमुख मांगें

- घरेलू बिजली दर पर पुन: हाफ बिल योजना लागू की जाए, कृषि पंपों को 24 घंटे बिजली देने की मांग।
- पिछली सरकार के शेष चौथी किस्त का भुगतान किसानों को दीपावली पूर्व किया जाए।
- एग्रीस्टेक की विसंगतियों को दूर कर धान के समर्थन मूल्य 3100 रुपए में दो वर्ष के बढ़े हुए समर्थन मूल्य 186 रुपए के साथ जोड़कर दिया जाए। धान खरीदी 1 नवंबर से प्रारंभ करने की मांग।
- धान खरीदी प्रति तौल बारदाने सहित 40 किलो पर 700 ग्राम ही लिया जाए।
- दलहन, तिलहन, मक्का, सूरजमुखी की खरीदी एवं अनुदान बढ़ाया जाए।

बिलासपुर
सोमवार 13 अक्टूबर 2025
कार्तिक कृष्ण पक्ष सप्तमी
वर्ष : 25, अंक : 201
पृष्ठ : 10+6 = 16 मूल्य : 4.00***


**मौसम**
अधि. 30.4
न्यून. 21.8


# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com


# इस बार दिवाली 6 दिन की... 20 को लक्ष्मी पूजा, 21 को स्नान दान, 22 को गोवर्धन पूजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

इस बार दीपावली पूरे 6 दिनों की रहेगी। ऐसा इसलिए क्योंकि अमावस्या दो दिन है। 20 व 21 अक्टूबर, दोनों ही तिथियों में अमावस्या व्याप्त रहेगी। दीपावली पर लक्ष्मी पूजन के लिए गोधुली बेला और अमावस्या तिथि दोनों स्थितियां अनिवार्य होती हैं। ये स्थितियां 20 अक्टूबर को मिलेंगी, इसलिए लक्ष्मी पूजन भी इस दिन ही होगा। वहीं अमावस्या पर होने वाला स्नान और दान 21 अक्टूबर को होगा, क्योंकि इस दिन प्रातःकाल अमावस्या तिथि रहेगी। स्नान-दान प्रातःकाल ही किए जाने का प्रावधान है।

वहीं धनतेरस पर द्वादशी तिथि का लोप हो रहा है। एकादशी का व्रत शुक्रवार अर्थात 17 अक्टूबर को रखा जाएगा। इसके अगले दिन 18 अक्टूबर को धनतेरस मनाया जाएगा। 17 अक्टूबर को सूर्योदय के समय एकादशी तिथि व्याप्त रहेगी। उदयातिथि के आधार पर इस दिन ही एकादशी का व्रत रखा जाएगा। 17 अक्टूबर को सुबह 11 बजकर 11 मिनट से 18 अक्टूबर को दोपहर 12 बजकर 18 मिनट तक त्रयोदशी तिथि रहेगी। चूंकि धनतेरस पर दीए प्रज्ज्वलन और पूजन का विधान ▶▶|शेष पेज 6 पर

**18 को दोपहर 11.11 बजे तक व्याप्त रहेगी द्वादशी तिथि, इसके पश्चात त्रयोदशी**




### ग्रहों के कई तरह के संयोग

दीपावली के दिन तीन ग्रहों का संयोग है। मंगल, सूर्य और बुध सभी आपस में मिलेंगे। इसका संयुक्त प्रभाव सभी राशि के लोगों के लिए शुभफल देने वाला माना जा रहा है। कार्तिक अमावस्या को दीपावली पूजन स्थिर लग्न में करने का विधान है। अधिकतर लोग स्थिर लग्न में ही महालक्ष्मी का पूजन करते हैं। अमावस्या की रात जो भी स्थिर लग्न में महालक्ष्मी की पूजा करते हैं उनके घर में मां लक्ष्मी की स्थिरता बनी रहती है। इस दिन निम्नलिखित योग निर्मित हो रहे हैं-

**हंस महापुरुष योग:** यह योग धन, सम्मान, ज्ञान और सफलता के लिए सबसे शुभ माना जाता है, जब बृहस्पति अपनी उच्च राशि कर्क में गोचर करते हैं।

**शनि वक्री योग:** यह योग कुछ राशियों के लिए धन लाभ और अप्रत्याशित सफलता के योग बनाता है, जब शनि देव वक्री चाल में मीन राशि में रहते हैं।

**कलात्मक योग:** कन्या राशि में शुक्र और चंद्र की युति से बनने वाला यह योग सुख-सुविधाएं, मानसिक शांति और रिश्तों में प्रेम प्रदान करता है।

**बुधादित्य योग:** तुला राशि में सूर्य और बुध की युति से बनने वाला यह योग बुद्धि, नेतृत्व क्षमता, और सफलता प्रदान करता है।

### छह दिन ऐसे

- 18 अक्टूबर- धनतेरस
- 19 अक्टूबर- चौदस
- 20 अक्टूबर- दीपावली- लक्ष्मी पूजन
- 21 अक्टूबर -दीपावली - स्नान-दान
- 22 अक्टूबर - गोवर्धन पूजा

### मंगलवार को अमावस दोपहर तक

*अमावस्या तिथि सोमवार को दोपहर बाद 2:32 मिनट से प्रारंभ होगी। यह 21 अक्टूबर मंगलवार को दिन में 4:26 मिनट तक रहेगी। इसलिए दीपावली 20 अक्टूबर को ही मनाई जाएगी।*

*- पं.मनोज शुक्ला, महामाया मंदिर*

### पूजन को लेकर एकमत

*लक्ष्मी पूजन का मुहूर्त 20 अक्टूबर को दोपहर बाद 2:39 बजे से लेकर रात्रि पर्यंत है। अमावस्या दो दिन है, लेकिन पूजन सोमवार को ही किया जाएगा। इसे लेकर सभी एकमत हैं।*

*- पं.मोहन पाठक*
*बावली वाले हनुमान मंदिर*

### संध्या तिथि देखें

*जिस पर्व पर पूजन संध्याकाल में किया जाता है, उस पर्व में संध्या समय व्याप्त तिथि देखी जाती है। धनतेरस, चौदस और लक्ष्मीपूजन शाम के समय ही किए जाते हैं। अतः उदयातिथि ना देखकर संध्या समय व्याप्त तिथि देखी जाएगी। पूजन 20 को ही उचित है।*

*-पं.सुरेश गिरी गोस्वामी*
*हाटकेश्वरनाथ, महादेव घाट*


inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366


## खबर संक्षेप

### एकम्बरेश्वर मंदिर में 17 साल बाद फिर पूजा

**चेन्नई।** तमिलनाडु के कांचीपुरम स्थित 1,300 साल पुराने अरुलमिगु एकम्बरनाथर मंदिर में 17 साल बाद आठ दिसंबर को फिर से पूजा शुरू होगी। तमिलनाडु सरकार के हिंदू धार्मिक एवं धर्मार्थ निधि विभाग द्वारा प्रबंधित इस मंदिर का जीर्णोद्धार किया जा रहा है। हिंदू धार्मिक एवं धर्मार्थ निधि मंत्री पीके शेखर बाबू ने 12 अक्टूबर को इस तिथि की आधिकारिक घोषणा की थी। हिंदू धार्मिक एवं धर्मार्थ निधि विभाग मंदिर के रखरखाव और प्रशासन के लिए जिम्मेदार है। मानव संसाधन एवं संवर्द्धन विभाग की कार्यकारी अधिकारी मुथुलक्ष्मी पी. ने बताया कि आमतौर पर हर 12 साल में मंदिरों में प्राण-प्रतिष्ठा होती है।

### एनडीए में सीट शेयरिंग का ऐलान, भाजपा और जदयू के खाते में 101-101 सीटें

# बिहार विजय के लिए सबने किया 'समझौता', भाजपा जदयू ने पीछे खींचे कदम, मांझी-उपेंद्र हटे पीछे



*बिहार के सत्तारूढ़ गठबंधन एनडीए ने सीटों पर समझौता फाइनल कर लिया है। समझौते के अनुसार भाजपा-जदयू 101-101 सीटों पर चुनाव लड़ेंगे। उपेंद्र कुशवाहा और जीतन राम मांझी को 6-6 सीटें मिली हैं। इस पूरी डील में चिराग पासवान सबसे बड़े विजेता कहे जा सकते हैं जिन्होंने पिछली बार केवल एक सीट पर जीत पाने के बाद भी इस बार गठबंधन में 29 सीटें हासिल करने में सफलता हासिल कर ली हैं।*

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली/पटना

राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन ने बिहार के विधानसभा चुनावों के लिए सीट बंटवारे की घोषणा कर दी है। भारतीय जनता पार्टी और जनता दल दोनों 101-101 सीटों पर चुनाव लड़ेंगी। लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) को 29 सीटें मिली हैं। राष्ट्रीय लोक मोर्चा को छह सीटें दी गई हैं। हिंदुस्तानी आवाम मोर्चा (हम) को भी छह सीटों पर चुनाव लड़ने का मौका मिला है। बिहार में भाजपा के प्रभारी धर्मेंद्र प्रधान ने कहा कि हम एनडीए के साथियों ने सौहार्द्रपूर्ण वातावरण में सीटों का वितरण ▶▶|शेष पेज 6 पर

### बिहार पहले-बिहारी पहले : चिराग

लोजपा (रामविलास) के प्रमुख चिराग पासवान ने कहा, एनडीए परिवार ने सौहार्दपूर्ण वातावरण में बिहार विधानसभा चुनाव 2025 के लिए सीटों का बंटवारा पूरा किया है। बिहार है तैयार- फिर से एनडीए सरकार। इस बार पूरे दम के साथ 'बिहार पहले-बिहारी पहले' के साथ!

### बिहार एनडीए में सीट शेयरिंग का फॉर्मूला तय

| | |
|---|---|
| भाजपा | 101 |
| जदयू | 101 |
| लोजपा (रामविलास) | 29 |
| रालोमो | 06 |
| हम | 06 |



**हाईकमान का फैसला स्वीकार:** हिंदुस्तानी आवाम मोर्चा (हम) के प्रमुख और केंद्रीय मंत्री जीतन राम मांझी ने कहा कि संसद में हमें सिर्फ एक सीट मिली थी, तब भी हमने कोई नाराजगी नहीं जताई थी। बिहार विधानसभा चुनाव में हमें छह सीटें मिली हैं, तो ये हाईकमान का फैसला है और हमें स्वीकार है।

### इंडिया गठबंधन की आज बैठक

बिहार में विपक्षी महागठबंधन अगले कुछ दिनों में सीट बंटवारे को अंतिम रूप दे सकता है। संयुक्त घोषणापत्र के साथ अपने उम्मीदवारों की घोषणा कर सकता है। शीर्ष सूत्रों ने बताया कि राष्ट्रीय जनता दल और कांग्रेस के बीच बातचीत जारी है। सोमवार को उनके शीर्ष नेताओं की बैठक हो सकती है, क्योंकि राजद प्रमुख लालू प्रसाद और पार्टी नेता तेजस्वी यादव राष्ट्रीय राजधानी में हैं। कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने कहा, कांग्रेस अध्यक्ष बिहार में सभी गठबंधन सहयोगियों से बात कर रहे हैं। उन कुछ सीट पर उम्मीदवारों के चयन के लिए अंतिम चर्चा जारी है, जहां कांग्रेस और कुछ अन्य दल अपनी स्थिति मजबूत मानते हैं। कांग्रेस अध्यक्ष पिछले दो दिन से बिहार में सभी नेताओं से बात कर रहे हैं।

### ट्रेनिंग के दौरान गलत सिमुलेटर इस्तेमाल

# इंडिगो पर डीजीसीए का 40 लाख रुपए जुर्माना




हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

नागरिक उड्डयन महानिदेशालय ने इंडिगो एयरलाइन पर 40 लाख रुपए का भारी जुर्माना लगाया है। यह जुर्माना पायलट ट्रेनिंग के लिए गलत सिमुलेटर इस्तेमाल करने के कारण लगाया गया है। इंडिगो ने लेह, काठमांडू और कालीकट जैसे खतरनाक हवाई अड्डों के लिए पायलट ट्रेनिंग देते समय गैर-योग्य सिमुलेटर का इस्तेमाल किया था। इन हवाई अड्डों को कैटेगरी सी एयरोड्रम कहा जाता है क्योंकि यहां उतरना और उड़ान भरना मुश्किल होता है।

### कैसे हुई कार्रवाई?

22 अगस्त को डीजीसीए ने इंडिगो को नोटिस भेजा था और जवाब मांगा था, लेकिन इंडिगो के अधिकारियों का जवाब डीजीसीए को असंतोषजनक लगा। 23 सितंबर को डीजीसीए ने आदेश जारी करके जुर्माना लगाया। अधिकारियों को यह पैसा भारतकोश में जमा करने को कहा गया। डीजीसीए ने अपने नियमों के अनुसार दोनों अधिकारियों को एक हफ्ते के अंदर अपील करने का मौका दिया था। अभी तक यह पता नहीं चला है कि इंडिगो ने अपील की है या नहीं।





| MODEL | 125 CF | 150 | NS 125 | N160 | NS 160 | NS 200 |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 100% GST लाभ | ₹8 045/-* | ₹10 249/-* | ₹9 376/-* | ₹11 640/-* | ₹11 840/-* | ₹13 017/-* |
| PF + इंश्योरेन्स सेविंग्स | ₹2 900/-* | ₹3 700/-* | ₹3 400/-* | ₹4 200/-* | ₹4 300/-* | ₹4 700/-* |
| हैट-ट्रिक सेविंग्स | ₹10 945/-* | ₹13 949/-* | ₹12 776/-* | ₹15 840/-* | ₹16 140/-* | ₹17 717/-* |

10 YEAR WARRANTY | BAJAJ SECURE • AMC • ROAD SIDE ASSISTANCE | 72198 21111 | HDFC BANK | SHRIRAM Finance | IDFC FIRST Bank ALWAYS YOU FIRST | BAJAJ AUTO CREDIT | L&T Finance | TATA CAPITAL Two Wheeler Loans

*नियम और शर्तें लागू. हैट-ट्रिक सेविंग्स 22 सितंबर 2025 से मान्य. कुल सेविंग्स में शामिल है 100% GST लाभ, (एक्स शोरूम कीमत और लागू होने वाले RTO टैक्स पर), शून्य प्रोसेसिंग फी, और 1 साल का ओन डैमेज इंश्योरेन्स. शून्य PF और OD पर सेविंग्स फ़ायनान्सर/ इंश्योरेन्स-कर्ता पर निर्भर करते हुए लोकेशन्स के अनुसार बदल सकती हैं. फ़ायनान्स उपलब्ध है फ़ायनान्सर के अपने स्व-निर्णय पर. 5 वर्ष की स्टैण्डर्ड वॉरंटी + 5 वर्ष की विस्तारित वॉरंटी @ ₹999/-. स्टंट्स, एक्सपर्ट्स द्वारा प्रोफ़ेशनल सुपरविज़न के तहत, नियंत्रित वातावरण में किए गए हैं. कृपया इन स्टंट्स की नक़ल करने का प्रयास न करें और हर समय ट्रैफ़िक तथा सुरक्षा नियमों का पालन करें.

**Authorized Dealers for Bajaj Auto Ltd.: Bilaspur**: Tifra Over bridge TRIPUR BAJAJ 9752133444, 9754033444 • Naya Sarkanda KHANDELWAL BAJAJ 9300998989, 9165555222 • Old Bus Stand TRIPUR BAJAJ 7999848912, • **Mungeli** : KHANDELWAL BAJAJ 9399021705, 07755299124 • **Lormi** : KHANDELWAL BAJAJ 9399021701 • **Ambikapur** LAXMI BAJAJ 9074816511, 9754830536 • **Janjgir** SHREE SALASAR BAJAJ 9179981000 • **Champa** 8319235702 • **Korba** TIRUPATI BAJAJ 6232103042, 7879313041 • **Dipka** TIRUPATI BAJAJ 9302444204, **Jamnipali** TIRUPATI BAJAJ 6232123757 • **Raigarh** JINDAL BAJAJ 9589905646,7067109202 • **Jashpur** JINDAL BAJAJ 8817775566, **Baikunthpur** KOREA BAJAJ 9752949291.

## चिंतन

# चीन-अमेरिका में फिर शुरू होगी आर्थिक जंग

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने एक बार फिर 'आर्थिक जंग' को भड़काते हुए चीन पर 100% अतिरिक्त शुल्क लगा दिया। इससे दोनों देशों के बीच 'ट्रेड वार' और तेज होगी। दोनों देशों के बीच अधिकांश व्यापार ठप होने की आशंका है। दूसरी तरफ, ट्रंप का कहना है कि यह कदम चीन द्वारा दुर्लभ धातुओं के निर्यात पर लगाए गए प्रतिबंधों के जवाब में उठाया है। वहीं, चीन ने भी इसका कड़ा विरोध किया और कहा कि वह टकराव नहीं चाहता, लेकिन उकसाए जाने पर जवाबी कार्रवाई करेगा। चीन के वाणिज्य मंत्रालय ने स्पष्ट किया कि वे टैरिफ युद्ध से डरते नहीं हैं और अपनी अर्थव्यवस्था की रक्षा के लिए हर कदम उठाएंगे। बता दें कि रेयर अर्थ मिनरल्स का सबसे ज्यादा इस्तेमाल स्मार्टफोन, कंप्यूटर, इलेक्ट्रिक कार, सेमीकंडक्टर या चिप से जुड़े उद्योगों, पानी से चलने वाले टरबाइन और जेट इंजन जैसे उत्पादों में किया जाता है। इस टकराव का असर पूरी दुनिया की सप्लाई चेन पर पड़ेगा। चीन का दुनिया की 70% रेयर अर्थ सप्लाई और 90% प्रोसेसिंग पर नियंत्रण है। ऐसे में अमेरिका या यूरोप के किसी देश के लिए इन खनिजों के बिना तकनीकी उत्पादन जारी रखना असंभव है। इस कदम से टेक कंपनियों, ऑटोमेकर्स और डिफेंस सेक्टर की लागत कई गुना बढ़ेगी। शुक्रवार को ट्रंप ने चीन पर 100% टैरिफ लगाने की घोषणा की। नया टैरिफ 1 नवंबर से प्रभावी होगा। चीन से अमेरिका में आने वाले सामानों पर पहले से 30% टैरिफ है। ऐसे में चीन पर कुल 130% टैरिफ लगेगा। इससे पहले ट्रंप ने चीन पर 145% टैरिफ लगाया था, तब चीन ने यूएस पर 125% टैक्स लगाया था। बातचीत के बाद अमेरिका ने टैरिफ 30% और चीन ने 10% किया था। कुछ समय की शांति के बाद अब दोनों देश फिर ट्रेड वॉर की कगार पर खड़े हैं। इस फैसले से इसी माह होने वाली अमेरिका और चीन के राष्ट्राध्यक्षों की मुलाकात भी अधर में लटक सकती है। भारत के संदर्भ में इसे देखें तो अमेरिका ने यूक्रेन युद्ध के बीच रूस से जारी तेल खरीद पर नाराजगी के चलते भारत पर 50% टैरिफ लगाया है, जिसका भारत ने कड़ा विरोध करते हुए उसे पूरी तरह से अनुचित और अविवेकपूर्ण बताया है। हालांकि चीन-अमेरिका के बीच ट्रेड वार में भारतीय निर्यातकों को फायदा हो सकता है। चीन से जाने वाला सामान अमेरिका में महंगा होगा। इससे अब अमेरिकी बाजार में चीन की जगह भारत ले सकता है। इससे कपड़ा, खिलौना और इलेक्ट्रॉनिक सामान जैसे सेक्टरों में निर्यात बढ़ेगा। इससे पहले चीन ने रेयर-अर्थ एलिमेंट्स और संबंधित वस्तुओं पर निर्यात नियंत्रण उपाय जारी किए थे। चीन के पास दुनिया के 17 प्रमुख रेयर अर्थ खनिज हैं। पहले वह इनमें से 7 पर नियंत्रण रखता था, उसने 5 और पर निर्यात प्रतिबंध लगा दिए। अब चीन का नियंत्रण 12 पर हो गया। अब कोई विदेशी कंपनी अगर इन खनिजों का इस्तेमाल करेगी, तो उसे चीनी सरकार से लाइसेंस लेना होगा। तकनीक के रथ पर सवार 21वीं शताब्दी का उभार बहुत हद तक रेयर अर्थ मिनरल्स पर टिका है। लेकिन इसमें महारत रखने वाले चीन ने जैसे ही निर्यात नियमों पर सख्ती लागू की तो अमेरिका ने भी ड्रैगन के सभी उत्पादों पर 100% टैरिफ लगाने का ऐलान कर दिया। इससे दुनिया के दो बड़े देशों के बीच 'आर्थिक जंग' गहराने का खतरा बढ़ गया है। यदि यह जंग और बढ़ती है तो सभी देशों को खामियाजा भुगतना पड़ेगा।



संदेश
राजीव खंडेलवाल

वेनेजुएला की विपक्षी नेता मारिया कोरिना मचाडो को वर्ष 2025 का नोबेल शांति पुरस्कार दिया जाना विश्व के सभी लोकतांत्रिक (तथाकथित) तानाशाहों के लिए स्पष्ट संदेश है। जो भी व्यक्ति लोकतंत्र को बचाने और उसे सशक्त बनाने के लिए कदम उठाएगा, विश्व उसके शांतिपूर्ण प्रयासों को नमन करेगा, चाहे वह सत्ता के विरुद्ध ही क्यों न खड़ा हो। वास्तव में नोबेल शांति पुरस्कार का उद्देश्य भी यही है-शांति को बढ़ावा देना, मानवाधिकारों की रक्षा करना और संघर्षों के समाधान में योगदान देना। इस बार नोबेल समिति ने न केवल एक सच्चे लोकतंत्र सेवी को सम्मानित किया, बल्कि स्वयं "नोबेल" की गरिमा और प्रतिष्ठा भी अक्षत रखी।

# नोबेल पुरस्कार ने अपनी इज्जत बचाई

नॉर्वेजियन नोबेल समिति ने 10 अक्टूबर को ओस्लो में वेनेजुएला की विपक्षी नेता मारिया कोरिना मचाडो को वर्ष 2025 का नोबेल शांति पुरस्कार देने की घोषणा की है। यह सम्मान उन्हें वेनेजुएला के नागरिकों के लोकतांत्रिक अधिकारों की रक्षा और तानाशाही से लोकतंत्र की ओर शांतिपूर्ण संक्रमण के लिए किए गए उनके अथक प्रयासों के कारण दिया गया। वस्तुतः मारिया को यह पुरस्कार दिया जाना विश्व के सभी लोकतांत्रिक (तथाकथित) तानाशाहों के लिए स्पष्ट संदेश है। जो भी व्यक्ति लोकतंत्र को बचाने और उसे सशक्त बनाने के लिए कदम उठाएगा, विश्व उसके शांतिपूर्ण प्रयासों को नमन करेगा, चाहे वह सत्ता के विरुद्ध ही क्यों न खड़ा हो। वास्तव में नोबेल शांति पुरस्कार का उद्देश्य भी यही है-शांति को बढ़ावा देना, मानवाधिकारों की रक्षा करना और संघर्षों के समाधान में योगदान देना। नोबेल पुरस्कार में एक मिलियन अमेरिकन डॉलर अर्थात 8.30 करोड़ रुपये की राशि भी मिलेगी। अंततः नोबेल पुरस्कार की जीत हुई।

जब से डोनाल्ड ट्रंप ने वर्ष 2025 के नोबेल शांति पुरस्कार पाने की "हुंकार" लगाते हुए स्वयंभू दावेदारी भरी थी, तभी से ट्रम्प की दादागिरी, सनक व ''टैरिफ वार'' के ''हथियार'' का उपयोग कर विश्व में ट्रम्प के बढ़ते दबाव के कारण "नोबेल पुरस्कार" बहुत डरा हुआ ''असहज'' हो गया था। एक वजह यह भी थी कि "नोबेल" किसी "कसाई के खूंटे से बंधने" के लिए तैयार नहीं था और न ही घुटने टेकने के लिए तैयार था। क्योंकि "नोबेल" तो "शांति का प्रतीक" है, जिसे कोई "शांति दूत" ही प्राप्त करने का अधिकारी हो सकता है। जबकि विश्व के विभिन्न हिस्सों में चल रहे अधिकांश युद्धों में विश्व का "दादा" बनने की चाह में ट्रंप की भूमिका प्रत्यक्ष या परोक्ष रूप से रही है। ट्रम्प पहले युद्ध को भड़काने और बढ़ाने में उत्प्रेरक की भूमिका निभाते हैं, और फिर "चौधरी" बनकर ''चौधराहट'' कर सैन्य शक्ति और बमबारी के दम पर शांति स्थापित करने की नौटकीं कर "नरेटिव" बनाने की कोशिश करते हैं। ट्रंप की यह तथाकथित "शांति स्थापना" असल में 24 कैरेट की नहीं, बल्कि 5 माइक्रॉन गोल्ड-पॉलिश वाली थी। दिखने में चमकदार, पर असली नहीं। सच तो यह है कि अगर अमेरिका अपने सैन्य उद्योगों व सामानों के लिए बाजार के लिए युद्ध न भड़काए, तो विश्व में स्वयंमेव शांति बनी रह सकती है। आखिर "जिसका धंधा ही कफन और ताबूत का हो, वह शांति कैसे चाहेगा!" यही कारण है कि इस बार वास्तव में शांति और लोकतंत्र दोनों की जीत हुई है। पिछले छह महीनों से डोनाल्ड ट्रंप हर मंच पर जबरदस्त लॉबिंग कर प्रयासरत थे कि उन्हें 2025 का नोबेल शांति पुरस्कार मिल जाए। ट्रम्प ने दूसरे देशों पर भी जबरदस्ती दबाव बनाया। इतने अति आत्मविश्वास में थे कि उन्होंने वाईट हाउस में नोबेल पुरस्कार मिलने की आशा में स्वागत कार्यक्रम की तैयारी भी चालू कर दी थी। उनका तर्क था कि उन्होंने भारत-पाकिस्तान के बीच युद्धविराम से लेकर विश्व के कई हिस्सों में "शांति स्थापित करने" के सफल प्रयास किए हैं। अमेरिका के प्रतिष्ठित समाचार पत्र "द गार्जियन" के अनुसार, ट्रंप नोबेल पुरस्कार पाने की दृष्टि से इतने मोहग्रस्त हो गए थे कि उन्होंने अपनी विदेश नीति ही इस उद्देश्य से गढ़ ली थी। परंतु ट्रंप यह भूल गए कि "नोबेल"



पाने के लिए सिर्फ युद्धविराम नहीं, बल्कि मन और मंशा दोनों की शांति जरूरी है। अतः ''ट्रंप कार्ड'' (तुरूप का एक्का) नहीं चला। ट्रंप ने "नई टैरिफ नीति" लाकर "टैरिफ वॉर" छेड़ दी। यानी तथाकथित शांति की बात करते-करते नई ''अशांति'' पैदा कर दी। नोबेल के लिए जिस शांति की आवश्यकता है, वह सिर्फ युद्ध क्षेत्र तक ही सीमित नहीं है, बल्कि प्रत्येक राजनैतिक, संवैधानिक, व्यापारिक, सामाजिक, धार्मिक समस्त क्षेत्रों में। सच तो यह है कि "कच्चे घड़े में पानी भरने के प्रयास में घड़ा बिखर जाता है"। हुआ यही। आज चर्चा इस बात की नहीं कि नोबेल पुरस्कार किसे मिला, बल्कि इस बात की ज्यादा है कि ट्रंप को नहीं मिला! यही असल में "नोबेल पुरस्कार" की जीत है, जिसने ट्रंप के बनाये "नरेटिव" को पूरी तरह ध्वस्त कर अपनी सर्वकालीन प्रतिष्ठा बनाये रखी। वैसे विश्व का सबसे शक्तिशाली राष्ट्राध्यक्ष प्रेसिडेंट ट्रंप द्वारा नोबेल पुरस्कार की ''गंभीर दावेदारी करने'' नोबेल पुरस्कार की महत्ता व प्रतिष्ठा पर मोहर लगी। "नोबेल पुरस्कार" डोनाल्ड ट्रंप जैसे व्यक्ति के पास न जाकर सचमुच में उसने अपनी इज्जत बचा ली। इससे अंदाजा लगाया जा सकता है कि "चक्की में से साबुत निकल आने वाले" ट्रंप ने भारत में अपने संपर्कों के माध्यम से किस तरह का दबाव बनाने की कोशिश की थी। परंतु अंततः वे औंधे मुंह ही गिर पड़े। "ऑपरेशन सिंदूर" के बाद भारत-पाक युद्ध विराम का श्रेय लेने के लिए उन्होंने लगभग 50 बार दावा किया। यद्यपि भारत ने अधिकतम रूप से इससे इंकार किया। परन्तु प्रधानमंत्री मोदी ने उनका नाम लेकर कभी सीधा खंडन नहीं किया। ट्रंप के "पालित जमूरे" पाकिस्तान के प्रधानमंत्री के साथ परस्पर घोर विरोधी इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ट्रंप को नोबेल पुरस्कार दिए जाने के लिए नामजद किया। इसी प्रकार अजरबैजान के राष्ट्रपति इल्हाम अलीयेव सहित पांच देशों ने भी उसी तर्ज पर उनका समर्थन किया। अहा! "सूप बोले तो चलनी भी बोले, जिसमें बहत्तर छेद"! ''विश्व का सबसे पुराना'' लोकतंत्र वाला देश अमेरिका के राष्ट्रपति ट्रंप ने "विश्व के सबसे बड़े लोकतंत्र" देश ऑपरेशन सिंदूर के दौरान पाकिस्तान के विरुद्ध की गई सैन्य करवाई से टैरिफ वार की धमकी द्वारा "बातचीत की टेबल" पर लाने का दावा कर अपने लिए "नोबेल" का रास्ता खोला। परंतु सच यह है कि "कनक कनक ते सौ गुनी मादकता अधिकाय के मद में चूर" ट्रंप ने खुद को "पीस प्रेसिडेंट" बताते हुए नौ महीने के कार्यकाल में "आठ युद्धों को समाप्त करने" का झूठा दावा किया। लोकतंत्र का सीधा संबंध शांति से होता है। यही कारण है कि तानाशाही शासक वाला देश वेनेजुएला में लोकतंत्र की रक्षा हेतु 30 वर्षों से संघर्षरत मारिया को यह पुरस्कार मिला।


आज जब हम चारों ओर नजर दौड़ाते हैं, तो पाते हैं कि लोकतांत्रिक देशों में भी "प्राकृतिक शांति" नहीं, बल्कि "दादागिरी की शांति" हावी है। लोकतंत्र भी आजकल निर्वाचित निरंकुश में बदल गया। ट्रंप अपनी "दादागिरी" स्थापित करने के लिए कभी युद्ध करवाते हैं, कभी रुक जाते हैं। नोबेल शांति पुरस्कार पाने के लिए आपको "शांति दूत" बनना पड़ता है, न कि ''शांति का व्यापारी''। लेकिन आज की विश्व व्यापी राजनीति में भी ''परसेप्शन और ब्रांडिंग'' का बोलबाला है। इसलिए ट्रंप पहले युद्ध के मैदान ''सजाते'' हैं, दो देशों के बीच तनाव को बढ़ाते हुए युद्ध के दुष्चक्र में झोंक देते हैं, फिर कैमरे के सामने शांति के ''मसीहा'' बनने का असफल प्रयास करते हैं। इस बार नोबेल समिति ने न केवल एक सच्चे लोकतंत्र सेवी को सम्मानित किया, बल्कि स्वयं "नोबेल" की गरिमा और प्रतिष्ठा भी अक्षत रखी। इसलिए कहा जा सकता है। "नोबेल जीता नहीं, बल्कि इस बार सचमुच 'शांति' ने जीता है।"

(लेखक पूर्व बैतूल नगर सुधार न्यास अध्यक्ष हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया haribhoomi@gmail.com पर दे सकते हैं।

## स्वास्थ्य

मुनीष भाटिया



# त्योहारों की मिठास में घुल रहा मिलावट का ज़हर

भारत त्योहारों का देश है, जहाँ हर पर्व खुशियों, रिश्तों और मिठास का प्रतीक माना जाता है। दिवाली, दशहरा, रक्षाबंधन या होली, हर उत्सव में मिठाइयाँ हमारे भावनात्मक जुड़ाव का हिस्सा बन जाती हैं। कोई रिश्ता बिना मिठाई के अधूरा लगता है, क्योंकि यही मिठाई हमारी संस्कृति की पहचान है। दुखद सच्चाई यह है कि आज यही मिठाई धीरे-धीरे ज़हर में बदलती जा रही है। हर त्योहारी सीजन में मिलावटी मिठाइयों और नकली मावे का कारोबार चरम पर पहुँच जाता है, जिससे न केवल त्योहारों की पवित्रता प्रभावित होती है बल्कि आम लोगों का स्वास्थ्य भी गंभीर खतरे में पड़ जाता है। त्योहारों के समय मिठाइयों की मांग अचानक कई गुना बढ़ जाती है। बढ़ती मांग के बीच कुछ व्यापारी लालच के चलते शुद्धता की जगह सस्ते और हानिकारक विकल्पों का सहारा ले लेते हैं। असली दूध या खोये की जगह सिंथेटिक मावा बनाया जाता है, जिसमें यूरिया, डिटर्जेंट, तेल और स्टार्च जैसी चीजें मिलाई जाती हैं। यह दिखने में भले ही असली लगे, पर शरीर के लिए जहर साबित होता है। विशेषज्ञों के अनुसार, ऐसे पदार्थ लिवर, किडनी और दिल पर सीधा असर डालते हैं और लंबे समय में कैंसर जैसी बीमारियों का कारण बन सकते हैं। त्योहारों से पहले देश के अलग-अलग राज्यों में खाद्य विभाग और पुलिस द्वारा भारी मात्रा में नकली मावा और दूध की खेप पकड़ी जाती हैं। पिछले कुछ वर्षों में दिल्ली-एनसीआर, आगरा, मथुरा, कानपुर, झांसी, ग्वालियर और भोपाल में लाखों लीटर मिलावटी दूध और सैकड़ों किलो नकली मावा पकड़ा गया है। कई बार ये खेपें राज्यों की सीमाओं के पार से ट्रक भरकर लाई जाती हैं, ताकि त्योहारों के समय अचानक बढ़ी हुई मांग को पूरा किया जा सके। यह स्पष्ट होता है कि त्योहारों की भीड़-भाड़ और बढ़ते उपयोग ने मिलावटखोरों के लिए एक बड़ा और संगठित बाजार तैयार कर दिया है, जहाँ लालच के आगे न तो सेहत की चिंता बची है और न ही नैतिकता की परवाह। आज मिठाइयों की चमक जितनी बढ़ी है, उतनी ही उसमें खतरे की परतें भी चढ़ी हैं। बाजारों में बिकने वाली चमकीली बर्फी और रंगीन मिठाइयाँ आकर्षक ज़रूर लगती हैं, लेकिन अक्सर इनमें कृत्रिम रंगों और रसायनों का प्रयोग किया जाता है। ये रंग खाद्य उपयोग के लिए प्रमाणित नहीं होते। इन्हें वस्त्र या पेंट उद्योग में इस्तेमाल किया जाता है, पर सस्ते दामों में आसानी से मिलने के कारण कई व्यापारी इन्हें मिठाइयों में मिला देते हैं। ये रंग शरीर में एलर्जी, पेट के संक्रमण, त्वचा संबंधी रोग और दीर्घकाल में कैंसर जैसी गंभीर बीमारियां उत्पन्न कर सकते हैं। भारतीय मिठाइयों की पहचान कही जाने वाली 'चांदी का वर्क' भी अब शुद्धता की गारंटी नहीं रह गया है। परंपरागत रूप से यह वर्क असली चांदी से बनाया जाता था, जो शरीर के लिए हानिकारक नहीं है। परंतु अब कई जगहों पर एल्यूमिनियम से बने नकली वर्क का उपयोग हो रहा है, जो सस्ता होता है लेकिन स्वास्थ्य के लिए बेहद घातक है। यह एल्यूमिनियम शरीर के तंत्रिका तंत्र को नुकसान पहुंचाता है और लंबे समय तक सेवन करने पर याददाश्त कमजोर होने, सिरदर्द और न्यूरोलॉजिकल विकारों का कारण बन सकता है। कई बार मिठाई बनाने वाली इकाइयों पर छापेमारी भी होती है और मिलावटी मावा या रंगीन पदार्थ जब्त किए जाते हैं। परंतु सच्चाई यह है कि ये कार्रवाइयाँ अक्सर सीमित और दिखावटी रह जाती हैं। कई बार पकड़े गए व्यापारी मामूली जुर्माना भरकर फिर वही कारोबार शुरू कर देते हैं। स्थायी सुधार तब तक संभव नहीं, जब तक खाद्य सुरक्षा कानूनों को सख्ती से लागू न किया जाए और दोषियों को कठोर दंड न मिले। मिलावटी मिठाइयां सिर्फ स्वाद की धोखाधड़ी नहीं, बल्कि जीवन के साथ खिलवाड़ हैं। बच्चों और बुजुर्गों के लिए यह और भी खतरनाक साबित होता है। त्योहारों के मौसम में खाद्य सुरक्षा विभाग को राज्य स्तर पर विशेष अभियान चलाने चाहिए। प्रयोगशालाओं की क्षमता बढ़ाई जानी चाहिए ताकि नमूनों की जांच तेज़ी से हो सके। दोषियों पर सख्त दंड और सार्वजनिक नामांकन का प्रावधान होना चाहिए। साथ ही, ग्रामीण और शहरी इलाकों में जनजागरूकता कार्यक्रम चलाकर लोगों को बताया जाए कि असली और नकली मावे में अंतर कैसे पहचाना जाए। यदि हम मिलावटी मिठाइयों के मोह में स्वास्थ्य खो दें, तो त्योहारों की खुशी का अर्थ ही समाप्त हो जाएगा। कुछ पल की नकली मिठास का असर वर्षों तक शरीर पर भारी पड़ता है। आज आवश्यकता है सामूहिक प्रयास की, सरकार, व्यापारी और उपभोक्ता तीनों की साझा जिम्मेदारी ही इस संकट का स्थायी समाधान बन सकती है। शुद्धता से भरा एक छोटा टुकड़ा मिठाई, नकली चमक से भरे किलो भर ज़हर से कहीं बेहतर है।

(लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

## हमारा वास्तविक स्वभाव क्या है?



संकलित
दर्शन

जीवन क्या है? इसका उद्देश्य क्या है? ये प्रश्न जितने सरल लगते हैं, उतने ही रहस्यमय भी हैं। इन्हें जितना समझने की कोशिश करते हैं, वे उतने ही उलझते जाते हैं। दरअसल, जानना हृदय का विषय नहीं है, जीना हृदय का विषय है। रहस्य समझने के लिए नहीं, बल्कि जीने के लिए हैं। जीवन के रहस्य को जीना ही आनंद है। ज्ञान प्राप्त होने से पहले लगता है कि हममें अज्ञान नहीं है। लेकिन जैसे-जैसे ज्ञान बढ़ता है, तो लगता है हममें काफी अज्ञान है। एक कहावत है, आत्मज्ञान होने से पहले लकड़ी काटो और पानी भर कर लाओ। आत्मज्ञान के बाद भी, लकड़ी काटो और पानी भर कर लाओ। अंतर इतना है कि पहले हम दुखी रहकर काम करते थे। लेकिन आत्मज्ञान के बाद वही कार्य आनंद से करते हैं। हमारा जीवन कितना उत्तम है, यह हमारे मन की अवस्था पर निर्भर करता है। हम वही सुनना पसंद करते हैं, जिसमें हमारी रुचि होती है। जब हमारा जीवन प्रेम में केंद्रित होता है, तो हम प्रेम के बारे में जानना चाहते हैं। जब जीवन बच्चों के इर्द-गिर्द घूमता है, तो हम बच्चों के बारे में ही सुनना चाहते हैं। जो हमारी इच्छा हो, हमें वही सुनना पसंद है और हमारी इच्छाओं का कभी अंत ही नहीं होता।

## मृत्यु अटल है, जो समझते हैं, वे प्रसन्न रहेंगे



संकलित
प्रेरणा

एक प्रवचन के बाद एक व्यक्ति तुकाराम के पास आया और बोला कि आप इतने आनंद में और शांत कैसे रहते हैं? तुकाराम जी ने उस व्यक्ति की बातें ध्यान से सुनीं और अचानक बोले कि भाई सात दिनों के बाद तुम्हारी मृत्यु होने वाली है। ये बात सुनते ही तुरंत ही उस व्यक्ति की हालत खराब हो गई। क्योंकि वह मानता था कि तुकाराम जी बहुत सिद्ध संत हैं, इनकी बात गलत नहीं हो सकती है। उसने तय किया कि जीवन के सात दिन बचे हैं तो अब आनंद के साथ ही जीना चाहिए। उस व्यक्ति ने अपनी जीवन शैली ही बदल दी। सभी के साथ प्रेम से रहने लगा। उसने जो गलतियां की थीं, उनमें सुधार किया। जिन लोगों को उसकी वजह से नुकसान हुआ था, उनसे क्षमा मांगी। हर पर प्रसन्न रहने लगा। इसी तरह सातवां दिन आ गया। उनसे सोचा कि अंतिम दिन अपने गुरु से भी मिल लेना चाहिए। वह तुरंत ही तुकाराम जी के पास पहुंच गया। उसने कहा कि जैसा आपने कहा था कि मेरी सात दिन बात मृत्यु होगी। आज सातवां दिन है। अंतिम दिन मैं आपसे मिलने आया हूं। तुकाराम जी ने उसकी बात सुनी और कहा कि जुग-जुग जियो। ये बात सुनकर उस व्यक्ति ने कहा कि गुरु जी मैं अगले दिन तो मैं मर जाऊंगा तो आप ऐसा आशीर्वाद क्यों दे रहे हैं? तुकाराम जी ने कहा कि मैंने तो तुम्हें तुम्हारे ही सवाल का जवाब दिया था, तुमने मेरे प्रसन्न रहने का रहस्य पूछा था।

## अंतर्मन




### आज की पाती


#### न्यूनतम पेंशन में की जाए वृद्धि

केंद्र सरकार कर्मचारी भविष्य निधि संगठन कर्मचारी पेंशन योजना के तहत प्राइवेट सेक्टर के कर्मचारियों की न्यूनतम पेंशन में वृद्धि कर सकती है। अभी यह न्यूनतम पेंशन लगभग 1000 रुपए है। अगर सरकार इस पेंशन को लगभग 7500 रुपए कर देती है तो इससे करोड़ों लोगों को खुशी होगी और इससे इनकी बुढ़ापे में अपने खर्चे की टेंशन कुछ कम होगी। देश के हर कर्मचारी, चाहे वो सरकारी नौकरी का हो या निजी किसानों-संस्थान का, को पेंशन महंगाई के हिसाब से मिलनी चाहिए। 60 वर्ष के बाद तो किसी भी व्यक्ति में इतनी एनर्जी नहीं रह जाती कि वो अपने खर्चे पूरे करने के लिए और कोई नौकरी कर ले या काम धंधा कर ले। इसलिए उचित पेंशन जरूरी है। *- विकास जोशी, बिलासपुर*

## करंट अफेयर

### फिलीपीन के जहाज को चीनी तटरक्षक बल ने मारी टक्कर

चीनी तट रक्षक के एक जहाज ने रविवार को विवादित दक्षिण चीन सागर में फिलीपीनी निवासियों के एक द्वीप के पास लंगर डाले फिलीपीन सरकार के एक जहाज पर पहले तो जोरदार पानी की बौछार की और फिर उसे टक्कर मारकर क्षतिग्रस्त कर दिया। फिलीपीन के तट रक्षक बल ने यह जानकारी दी। हालांकि इस घटना में फिलीपीन के मछुआरों को सहायता प्रदान करने वाले मत्स्य बेड़े का हिस्सा रहे 'बीआरपी दातु पगबुया' जहाज के फिलीपीनी चालक दल के सदस्यों में से किसी को भी चोट नहीं आई। मनीला, बीजिंग और चार अन्य देशों के बीच लंबे समय से जारी क्षेत्रीय विवादों के बीच ताजा घटना में चीन के तट रक्षक बल ने फिलीपीन के कब्जे वाले थिटू द्वीप के पास पगबुया को निशाना बनाया। चीन ने इस घटना पर कोई प्रतिक्रिया व्यक्त नहीं की है। फिलीपीन तटरक्षक बल के प्रवक्ता कमोडोर जे टैरिएला ने एक बयान में कहा कि इस तरह की आक्रामकता फिलीपीन को ''किसी भी विदेशी ताकत को अपनी जमीन का एक इंच भी सौंपने'' के लिए मजबूर नहीं करेगी।



## ऑफ बीट

### विटामिन बी3 सप्लीमेंट से त्वचा कैंसर के खतरे कम

त्वचा कैंसर दुनिया का सबसे आम प्रकार का कैंसर है। इस कैंसर का कारण लगातार धूप में रहने, गोरी त्वचा और उम्र बढ़ने से जुड़ा है। रोकथाम की मौजूदा रणनीतियां पराबैंगनी (यूवी) किरणों से बचाव और 'सनस्क्रीन लोशन' के इस्तेमाल पर केंद्रित हैं। यह भी देखने में आया है कि एक बार त्वचा कैंसर का पता चलने पर कई बार रोगियों को इसकी पुनरावृत्ति का सामना करना पड़ता है। निकोटिनामाइड एक सस्ता और व्यापक रूप से उपलब्ध सप्लीमेंट है, जिसका इस्तेमाल त्वचा कैंसर से बचाव के लिए किया जा सकता है। शोधकर्ताओं ने पाया कि विटामिन बी3 का यह रूप पराबैंगनी किरणों से होने वाली क्षति के बाद त्वचा की प्राकृतिक मरम्मत प्रणालियों को मजबूत करता है, सूजन कम करता है और प्रतिरक्षा प्रणाली को असामान्य कोशिकाओं का पता लगाने तथा उन्हें हटाने में मदद करता है। नये अध्ययन में 12,000 से अधिक रोगियों, जिन्होंने एक महीने से अधिक समय तक प्रतिदिन दो बार 500 मिलीग्राम निकोटिनामाइड लेना शुरू किया, की तुलना 21,000 से अधिक रोगियों से की गई, जिन्होंने इसे नहीं लिया। निकोटिनामाइड लेने वालों में फिर से त्वचा कैंसर के विकास का जोखिम 14 प्रतिशत कम देखा गया।



## ट्रेंड


### आपातकाल के कष्ट

आज की युवा पीढ़ी शायद नहीं जानती कि आपातकाल के समय हमने क्या-क्या कष्ट झेले थे। घुटनों और कोहनियों पर डंडे मारे गए, गालियाँ दी गईं, किसी को बिजली के करंट के झटके दिए गए, किसी को बर्फ की सिल्ली पर सुला दिया गया
-शिवराज सिंह चौहान, केंद्रीय कृषि मंत्री



### आत्मनिर्भर भारत

दिल्ली के बाजारों, दिवाली मेलों और मिलन समारोहों में इस बार उत्साह का नया रंग है। हर आयोजन में आत्मनिर्भर भारत का संदेश है। आयोजक सभी नागरिकों को स्वदेशी उत्पादों के प्रति जागरूक कर रहे हैं और व्यापार को नई दिशा मिली है।
- रेखा गुप्ता, सीएम, नई दिल्ली




### महिलाओं का उत्पीड़न

उत्तर प्रदेश समेत देश के विभिन्न राज्यों में महिलाओं के उत्पीड़न, दुष्कर्म और हत्या की घटनाएं रुकने का नाम नहीं ले रहीं। सरकार को इसकी रोकथाम के लिए प्रभावी कदम उठाने की सख्त जरूरत है।
- मायावती, पूर्व सीएम, उप्र



### लैंगिक समानता जरूरी

लैंगिक समानता सामाजिक, राजनीतिक और आर्थिक प्रगति की आधारशिला है। हमें हर बालिका के लिए समान अवसर सुनिश्चित करने होंगे, उन्हें बदलाव की अग्रिम पंक्ति में रखकर, उनकी आकांक्षाओं पर प्रतिक्रिया देकर और उन्हें निर्णय लेने के क्षेत्र में शामिल करके।
- मल्लिकार्जुन खड़गे, अध्यक्ष, कांग्रेस



हमारा पता
हरिभूमि कार्यालय
रिंग रोड नं. 2, गौरवपथ, बिलासपुर
फोन: 401050,271016,फैक्स-271018
ई-मेल: haribhoomibsp@gmail.com
वेब-साइट: www.haribhoomi.com




शराब से साल में 12 हजार 500 करोड़ राजस्व जुटाने का है लक्ष्य

# सावन और नवरात्रि में बिगड़ा आबकारी का खाता-बही, अब त्योहारी सीजन से उम्मीद

*कम बिक्री से पूरा नहीं हो सका है मासिक लक्ष्य, 16 प्रतिशत पीछे*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

छत्तीसगढ़ में शराब पीने और पिलाने वालों पर धरम-करम का ही ये असर हो सकता है कि इस साल सावन और नवरात्रि जैसे ड्राइ सीजन के दौरान राज्य में शराब की बिक्री कम हुई है। पिछले नौ महीनों में शराब के सरकारी कारोबार का हिसाब लगाएं तो कुल मिलाकर शराब की बिक्री में पिछले साल के मुकाबले 16 प्रतिशत की कमी आई है, लेकिन आबकारी विभाग इन आंकड़ों से बिल्कुल परेशान नहीं है। विभाग को उम्मीद है कि दिवाली से लेकर क्रिसमस और न्यू ईयर जैसे त्योहारी सीजन में जमकर बिक्री होगी और राजस्व का लक्ष्य पूरा हो जाएगा।

आबकारी विभाग के उच्च पदस्थ सूत्रों के अनुसार, राज्य में सितंबर में शराब की बिक्री से 6 हजार 125 करोड़ रुपए राजस्व मिला है। प्रदेश में आबकारी विभाग को चालू वित्तीय वर्ष अप्रैल 2025 से मार्च 2026 तक 12 हजार 500 करोड़ रुपए राजस्व जुटाने का लक्ष्य मिला है। इस लक्ष्य के हिसाब से देखें तो सरकार को लक्ष्य के मुकाबले करीब 50 प्रतिशत राजस्व हासिल हो चुका है। पिछले साल इसी समय तक विभाग को यह राजस्व 5 हजार 143 करोड़ रुपए का मिला था, यानी पिछले साल के मुकाबले राशि का आंकड़ा बढ़ा है।



## हर माह के लिए तय होता है लक्ष्य

बताया गया है कि सरकार को आबकारी से जितना राजस्व जुटाने का लक्ष्य मिलता है, उसे साल के 12 महीनों में बांटकर हर माह का एक लक्ष्य तय कर लिया जाता है। इस हिसाब से देखा जाए तो पिछले महीनों में मंथली टार्गेट कम हुआ है। वजह ये बताई जाती है कि सावन और नवरात्रि के महीनों में शराब की बिक्री कम होती है। इस गणित के हिसाब से मंथली टार्गेट में कुछ माह कम बिक्री होने से टार्गेट से 16 प्रतिशत पीछे चल रहा है विभाग।

## नए सीजन से है उम्मीद

राज्य में पिछले कुछ महीनों में भले ही शराब की बिक्री कुछ कम हुई है, लेकिन विभाग के राजस्व के लिहाज से आने वाले कुछ महीने बढ़ी कमाई वाले हो सकते हैं। आबकारी सूत्रों के अनुसार दिवाली, क्रिसमस और न्यू ईयर में बिक्री अधिक हो सकती है। इसके बाद भी वित्तीय वर्ष के अंत तक जब तक ठंड का मौसम बना रहेगा, बिक्री की रफ्तार भी उसी के अनुरूप हो सकती है। अधिकारियों का कहना है कि सरकार से जो राजस्व का लक्ष्य मिला है, वह पूरा हो जाएगा।

# डिप्टी सीएम साव के निर्देश- दीपावली से पहले नगरीय निकाय कर्मियों को दें वेतन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर



उप मुख्यमंत्री तथा नगरीय प्रशासन एवं विकास मंत्री अरुण साव ने नवा रायपुर स्थित विश्राम भवन में वरिष्ठ विभागीय अधिकारियों की बैठक लेकर कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने दीपावली के पहले सभी नगरीय निकायों में कर्मचारियों को वेतन भुगतान सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग के मंत्रालय, संचालनालय और सूडा की टीम को बेहतर समन्वय के साथ समयबद्ध तरीके से कार्य करते हुए लेटलतीफी से बचने को कहा। उन्होंने कहा कि सभी कार्य तय समयसीमा में पूर्ण गुणवत्ता के साथ धरातल पर नजर आने चाहिए। नगरीय प्रशासन विभाग के सचिव डॉ. बसवराजू एस. और संयुक्त सचिव डॉ. रेणुका श्रीवास्तव भी समीक्षा बैठक में शामिल हुईं।

## एनर्जी ऑडिट की ली जानकारी

समीक्षा बैठक में नगरीय निकायों के लंबित विद्युत देयकों की समीक्षा की गई। श्री साव ने एनर्जी बिल ऑडिट की अद्यतन स्थिति की जानकारी लेते हुए प्राप्त सुझावों के त्वरित क्रियान्वयन पर जोर दिया। उन्होंने सरचार्ज एवं अतिरिक्त भार से होने वाले आर्थिक नुकसान को रोकने के लिए निकायों के सीएमओ, लेखापाल व अभियंताओं के लिए विशेष प्रशिक्षण सत्र आयोजित करने के निर्देश दिए। श्री साव ने बैठक में नवगठित नगरीय निकायों को आवश्यक आधारभूत सुविधाओं के लिए अधोसंरचना मद, चुंगी कर अथवा अन्य स्रोतों से राशि स्वीकृत कर कार्य कराने की कार्ययोजना प्रस्तुत करने को कहा। उन्होंने नवीन निकायों को शीघ्र आवश्यक वित्तीय सहायता प्रदान करने के निर्देश दिए।

## गोधाम के क्रियान्वयन में लाएं तेजी

उप मुख्यमंत्री श्री साव ने नगरीय निकायों में विकास कार्यों की अद्यतन स्थिति की जानकारी लेते हुए समयबद्ध क्रियान्वयन पर जोर दिया। उन्होंने गोधाम योजना के क्रियान्वयन के लिए कार्ययोजना को अंतिम रूप देने के निर्देश दिए। पर्यावरण संरक्षण को ध्यान में रखते हुए हरित आवरण बढ़ाने के लिए एक समग्र कार्ययोजना तैयार कर प्रस्ताव प्रस्तुत करने को कहा। उन्होंने इसके लिए राज्य प्रवर्तित योजना के अंतर्गत राशि आवंटित करने के निर्देश दिए। उन्होंने इसकी प्रभावी मॉनिटरिंग के लिए राज्य स्तर पर नोडल अधिकारी भी नियुक्त करने को कहा।

**नालंदा-अटल परिसर की प्रगति पर चर्चा-** उप मुख्यमंत्री श्री साव ने नालंदा परिसरों, अटल परिसरों तथा बजट में शामिल अन्य योजनाओं की प्रगति की भी समीक्षा की। उन्होंने कहा कि नगरीय निकायों को सर्वांगीण विकास के लिए सरकार द्वारा भरपूर राशि प्रदान की जा रही है, अतः सभी अधिकारी योजनाओं का त्वरित क्रियान्वयन सुनिश्चित करें, ताकि नागरिकों को इनका शीघ्र लाभ मिल सके।

**निकायों में सेटअप रिवीजन-** बैठक में नगरीय निकायों के अधिकारियों-कर्मचारियों की पदोन्नति, रिक्त पदों पर भर्ती, वर्गीकरण तथा सेटअप रिवीजन पर भी विस्तृत चर्चा हुई। उप अभियंताओं की भर्ती के लिए वित्त विभाग से समन्वय कर आवश्यक कार्यवाही के निर्देश दिए गए।

# बिहार चुनाव में प्रदेश के 200 से ज्यादा भाजपा नेता संभालेंगे मोर्चा

**रायपुर।** बिहार में दो चरणों में होने वाले विधानसभा चुनाव में पहले चरण के चुनाव के लिए नामांकन का दौर प्रारंभ हो गया है। प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय और दोनों डिप्टी सीएम भी कुछ प्रत्याशियों के नामांकन में शामिल होने जाएंगे। भाजपा के प्रदेश प्रभारी नितिन नवीन भी फिर से पटना के बांकीपुर चुनाव लड़े रहे हैं। उनका नामांकन 16 अक्टूबर को होगा। इसमें प्रदेश के कई मंत्रियों के साथ कई दिग्गज भाजपा नेता जाएंगे। उनके नामांकन में मुख्यमंत्री के भी जाने की संभावना है। राष्ट्रीय संगठन से जिनको जाने के निर्देश मिलेंगे, वे जाएंगे। राष्ट्रीय संगठन ने महिला मोर्चा की 100 सदस्यों को जाने के निर्देश मिले हैं। इसी के साथ भाजयुमो और अन्य मोर्चा के भी थोक में पदाधिकारी और कार्यकर्ता जाएंगे। प्रदेश के 200 से ज्यादा नेताओं को वहां की जिम्मेदारी मिलेगी। क्षेत्रीय संगठन महामंत्री अजय जामवाल को वहां पर 50 से ज्यादा विधानसभाओं का जिम्मा दिया गया है। वे वहीं पर हैं। बिहार के चुनाव में प्रदेश के मंत्रियों, विधायक, सांसदों से लेकर भाजपा के कई नेता प्रचार करने जाएंगे। प्रदेश के मंत्री लखनलाल देवांगन 14 अक्टूबर को बिहार जा रहे हैं। इसी के साथ जिन भी मंत्रियों को जाने के निर्देश मिलेंगे। वे जाएंगे। प्रदेश के कुछ विधायक भी दीपावली से पहले बिहार जा रहे हैं। दीपावली के बाद ही ज्यादातर मंत्री, सांसद, विधायक और भाजपा नेता बिहार में डेरा डालेंगे और अपनी जिम्मेदारी वाली विधानसभा का मोर्चा संभालेंगे।

**अजय जामवाल-संतोष पांडेय बिहार में-** भाजपा के राष्ट्रीय संगठन ने प्रदेश के क्षेत्रीय संगठन महामंत्री अजय जामवाल को बिहार चुनाव में बड़ी जिम्मेदारी दी है। उनको वहां पर 50 से ज्यादा विधानसभाओं का जिम्मा दिया गया है। ऐसे में श्री जामवाल ने बिहार में मोर्चा संभाल रखा है। वे वहां पर चुनाव समाप्त होने तक रहेंगे। इसी के साथ राजनांदगांव के सांसद संतोष पांडेय भी बिहार में हैं। उनको भी बड़ी जिम्मेदारी दी गई है।

**दीपावली के बाद जाएंगे कई नेता-** इस चुनाव में भी हमेशा की तरह भाजपा कई राज्यों के नेताओं को अलग-अलग जिम्मेदारी देगी। प्रदेश के भाजपा नेताओं को भी वहां जाने का मौका मिलेगा, लेकिन अभी तय नहीं है कि बिहार चुनाव में किन-किन नेताओं को जाना है। भाजपा नेताओं का कहना है कि दिल्ली से प्रदेशाध्यक्ष किरण देव के पास निर्देश आएंगे, इसके बाद यहां पर टीमें बनेंगी और तय होगा कि कौन-कौन कब जाएगा। दोनों चरणों के चुनाव के लिए अलग-अलग टीमें वहां जाएंगी। प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय और प्रदेश की भाजपा सरकार के कुछ मंत्रियों को भी वहां पर प्रचार का जिम्मा मिल सकता है। भाजपा नेताओं का कहना है कि एक सप्ताह बाद तो दीपावली है, ऐसे में संभावना यही है कि ज्यादातर नेता दीपावली के बाद ही अपनी जिम्मेदारी वाली विधानसभाओं में जाकर मोर्चा संभालेंगे। महिला मोर्चा की भी सौ सदस्य दीपावली के बाद ही वहां जाएंगी।

# प्रदेश भाजपा कार्यसमिति में भी बदलेंगे चेहरे, जल्द ऐलान की संभावना

**रायपुर।** प्रदेश भाजपा संगठन की कार्यकारिणी में बड़े बदलाव के बाद अब प्रदेश भाजपा की कार्यसमिति में भी बदलाव होगा। पुरानी कार्यसमिति में कई सांसदों के साथ जिन चेहरों को रखा गया था, उसमें से कुछ को जहां नए पद मिल गए हैं, वहीं सांसदों का चेहरा भी बदल गया है। कार्यसमिति के नए सदस्य दीपावली से पहले तय होने की संभावना है। कार्यसमिति के जल्द ऐलान के संकेत प्रदेशाध्यक्ष किरण देव ने दिए हैं। प्रदेश भाजपा की कार्यकारिणी का लंबे इंतजार के बाद बीते माह 13 अगस्त को ऐलान हुआ था। इसमें बड़ा बदलाव किया गया है। डेढ़ दर्जन से ज्यादा नए चेहरों को इसमें रखा गया। इसके पीछे का कारण यह है कि पुराने पदाधिकारियों को नए पद मिल चुके हैं। ऐसे में इनके स्थान पर नए चेहरों को मौका दिया गया है। अब कार्यकारिणी के बाद सबसे अहम कार्यसमिति के सदस्य बनाने का काम करना है। भाजपा के प्रदेशाध्यक्ष किरण देव ने हाल ही में कार्यसमिति को लेकर कहा, जल्द की कार्यसमिति का गठन हो जाएगा। इसी के साथ उन्होंने कहा, बची हुई इकाईयों का गठन भी जल्द होगा। उल्लेखनीय है, सभी मोर्चा के अध्यक्ष तो तय हो गए हैं, लेकिन प्रकोष्ठ में संयोजक और सहसंयोजकों की नियुक्ति अभी बाकी है।

■ नए सदस्य दीपावली से पहले तय होने की संभावना

**बदले जाएंगे कई चेहरे-** इस समय भाजपा की जो कार्यसमिति है, उसमें कई नाम ऐसे हैं, जिनको जहां दूसरे पद मिल गए हैं, वहीं जिन पुराने सांसदों को कार्यसमिति में रखा गया था, अब वे सांसद नहीं हैं। हालांकि इनमें से अब कुछ विधायक बन गए हैं। पुराने सदस्यों में जो सांसद थे, उसमें संतोष पांडेय और विजय बघेल तो अब भी सांसद हैं, लेकिन सुनील सोनी, गोमती साय और रेणुका सिंह इस समय सांसद नहीं हैं, लेकिन ये विधायक जरूर हैं। इनको सदस्य के रूप में रखा जा सकता है, लेकिन इसका फैसला राष्ट्रीय नेतृत्व से पूछकर ही होगा। मोहन मंडावी, गुहाराम अजगले, चुन्नीलाल साहू इस समय सांसद नहीं हैं। इसी तरह से रणविजय सिंह जूदेव भी इस समय राज्यसभा सदस्य नहीं हैं। इसी तरह से अशोक बजाज इस समय कार्यालय मंत्री बन गए हैं। संगठन के महामंत्री संजय श्रीवास्तव नान के अध्यक्ष बन गए हैं। अन्य पद पाने वालों में जो नाम शामिल हैं, उनमें पूजा विधानी और मीनल चौबे महापौर बन गई हैं।



# आकाश, पलक झपकते तबाह करेगा दुश्मन के ड्रोन और फाइटर जेट

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

21वीं सदी के युद्ध अब पहले जैसे नहीं रहे। जहां पहले सेना का मतलब ज़मीन पर लड़ी जाने वाली लड़ाई मानी जाती थी, अब परिदृश्य पूरी तरह बदल चुका है। भारत अपनी स्वदेशी वायु रक्षा क्षमता को एक नई ऊंचाई पर ले जाने की तैयारी में है। इसका सबसे ताज़ा और प्रभावशाली उदाहरण है आकाश एनजी मिसाइल प्रणाली, जिसे रक्षा अनुसंधान और विकास संगठन ने परीक्षण के बाद पूरी तरह सफल घोषित किया है। अभी हाल ही में ओडिशा के चांदीपुर स्थित इंटीग्रेटेड टेस्ट रेंज में आकाश एनजी का एक महत्वपूर्ण परीक्षण किया गया। इस परीक्षण में मिसाइल को एक हाई-स्पीड 'बैंशी' ड्रोन को निशाना बनाने के लिए लॉन्च किया गया था. खास बात यह रही कि इस पूरी प्रक्रिया में कोई भी रडार सिस्टम सक्रिय नहीं किया गया।

### क्या है आकाश एनजी मिसाइल

आकाश एनजी यानी अकाश नेक्स्ट जेनरेशन एक स्वदेशी सतह से हवा में मार करने वाली मिसाइल प्रणाली है, जो डीआरडीओ द्वारा विकसित की गई है. यह पारंपरिक रडार-निर्भर सिस्टम्स से कहीं आगे की तकनीक पर आधारित है और इसका उद्देश्य हवाई खतरों जैसे कि ड्रोन, फाइटर जेट, हेलिकॉप्टर या क्रूज मिसाइलों को बेहद तेजी और सटीकता से नष्ट करना है।



### ईओटीएस का उपयोग चुपचाप, लेकिन घातक

इस परीक्षण में मिसाइल ने अपने लक्ष्य की पहचान और मार्गदर्शन के लिए इओटीएस का उपयोग किया जिसका मतलब है कि इस प्रणाली ने कोई रेडिएशन सिग्नल उत्सर्जित नहीं किया, जिससे दुश्मन के रडार वार्निंग रिसीवर इसे पहचान ही नहीं पाए। यह प्रणाली विशेष रूप से उन परिस्थितियों के लिए डिज़ाइन की गई है, जहां दुश्मन की ओर से एंटी-रेडिएशन मिसाइलों का खतरा हो।

### कैसे काम करता है यह सिस्टम?

लक्ष्य की प्रारंभिक जानकारी भारतीय वायुसेना के आईएसीसीएस से प्राप्त होती है।
इसके बाद, इओटीएस लक्ष्य को विज़ुअली ट्रैक करता है। मिसाइल को पूरी तरह से ईओटीएस गाइड करता है, बिना रडार की मदद के। यह मिसाइल लाइन ऑफ साइट पर कार्य करती है और कुछ ही सेकंड में लक्ष्य को सटीकता से नष्ट कर देती है। परीक्षण में मिसाइल ने बहुत ही कम समय में अपने लक्ष्य को हवा में तबाह कर दिया।

### इसलिए है आकाश एनजी खास.....

45 किलोमीटर तक की रेंज में हवा में मौजूद किसी भी खतरे को सटीकता से नष्ट करने की क्षमता। रडार की आवश्यकता नहीं, जिससे पहचान से बचना आसान। इओटीएस आधारित गाइडेंस, स्टील्थ और इलेक्ट्रॉनिक वॉरफेयर के युग में अत्यंत उपयोगी। स्टील्थ एयरक्राफ्ट और हाइपरसोनिक क्रूज़ मिसाइलों जैसे भविष्य के खतरों से निपटने में सक्षम।

### भारतीय वायु रक्षा का भविष्य

आकाश एनजी मिसाइल प्रणाली सिर्फ एक तकनीकी उपलब्धि नहीं, बल्कि भारत की आत्मनिर्भर रक्षा उत्पादन क्षमता का प्रतीक भी है। इससे पहले भारत ने रूस से एस-400 जैसे महंगे सिस्टम खरीदे थे, लेकिन अब स्वदेशी तकनीक समाधानों के साथ आगे आ रही हैं। विशेषज्ञों का मानना है कि पारंपरिक रडार पर निर्भर सिस्टम की तुलना में यह तकनीक कहीं अधिक 'साइलेंट किलर' साबित हो सकती है।

## खबर संक्षेप

### सर्दियों में आतंकियों की घुसपैठ रोकने कड़ी चौकसी



**श्रीनगर।** सीमा सुरक्षा बल ने सर्दियों से पहले जम्मू-कश्मीर में नियंत्रण रेखा पर अपनी चौकसी बढ़ा दी है, क्योंकि इस दौरान सीमा पार से घुसपैठ की कोशिशें बढ़ने की आशंका है। बीएसएफ के एक अधिकारी ने बताया कि खुफिया जानकारी से पता चला है कि आतंकवादी घाटी में घुसपैठ करने के लिए सीमा पार विभिन्न लांच पैडों पर इंतजार कर रहे हैं। इसे ध्यान में रखते हुए, हमने अपने जवानों और अधिकारियों को अलर्ट पर रखा है और सीमा पर चौकसी बढ़ा दी है। उन्होंने कहा, ''हम अपनी जिम्मेदारियां बहुत अच्छी तरह निभा रहे हैं।

### पशुओं के प्रति दयालु बनें वाहनों में स्टिकर लगाने का निर्देश

**गंगटोक।** सिक्किम में पंजीकृत सभी सार्वजनिक परिवहन वाहनों को पशुओं के प्रति दयालु बनें का नारा प्रमुखता से प्रदर्शित करने के लिए कहा गया है। परिवहन सचिव व आयुक्त प्रभाकर ने कहा कि परिवहन विभाग की अधिसूचना का उद्देश्य जीवित प्राणियों के प्रति दया दिखाने का है। अधिसूचना में नए नारे "पशुओं के प्रति दयालु बनें" के प्रदर्शन के लिए सख्त अनुपालन मानकों की रूपरेखा दी गई है। अधिसूचना में कहा गया है कि इसे प्रत्येक सार्वजनिक परिवहन वाहन पर प्रमुखता से प्रदर्शित किया जाना चाहिए।

### पाक सेना का दावा अफगानिस्तान ने किया चौकियों पर कब्जा

# सीमा पर संघर्ष में 23 पाक सैनिक और 200 से अधिक तालिबान लड़ाके मारे गए

*पाकिस्तान अफगानिस्तान बॉर्डर पर इन दिनों कोहराम मचा हुआ है। अफगानिस्तान सेना की तरफ से हुई स्ट्राइक में पाकिस्तान सेना के 58 सैनिकों की मौत हो गई है। वहीं 30 से ज्यादा सैनिक जख्मी हैं। अफगानिस्तान की तरफ से हुई कार्रवाई के बाद पाकिस्तान बौखला गया है। पाकिस्तान ने अफगानिस्तान के कंधार में रिहायशी इलाकों को निशाना बनाया है। पाकिस्तानी सेना ने रविवार को कहा कि पाकिस्तान-अफगानिस्तान सीमा पर रात भर हुई भीषण झड़पों में कम से कम 23 पाकिस्तानी सैनिक और तालिबान तथा उससे संबद्ध 200 से अधिक आतंकवादी मारे गए।*

एजेंसी ▶▶| इस्लामाबाद/पेशावर

सीमा पार से आक्रमण के एक-दूसरे पर आरोप-प्रत्यारोप के बीच दोनों पड़ोसियों के बीच तनाव बढ़ गया है। यह बयान ऐसे समय में आया है जब पाकिस्तान ने सीमावर्ती क्षेत्रों में अफगान बलों द्वारा किए गए "अकारण" हमलों के जवाब में 19 अफगान सैन्य चौकियों और "आतंकवादी ठिकानों" पर कब्जा कर लिया है। वहीं, अफगानिस्तान का दावा है कि उसकी जवाबी कार्रवाई के दौरान 58 पाकिस्तानी सैनिकों मारे गये और 30 अन्य घायल हो गए। प्रवक्ता ने बताया कि कतर और सऊदी अरब के अनुरोध पर मध्यरात्रि को अभियान रोक दिया गया। पाकिस्तानी सेना ने एक बयान में कहा कि 11-12 अक्टूबर की मध्य रात्रि को अफगान तालिबान और तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान ने "पाकिस्तान-अफगान सीमा पर बिना उकसावे के हमला किया। इसमें कहा गया है कि सीमा पार से गोलीबारी और सैनिकों द्वारा किये गये हमलों सहित "कायरतापूर्ण कार्रवाई" का उद्देश्य सीमावर्ती क्षेत्रों को अस्थिर करना था, ताकि आतंकवाद को बढ़ावा दिया जा सके और आतंकवादियों के "नापाक मंसूबों" को बढ़ावा मिल सके।

### कतर और सऊदी अरब के अनुरोध पर हुआ संघर्ष विराम



### संप्रभुता से कोई समझौता नहीं होगा : पाक

पाकिस्तानी राष्ट्रपति आसिफ अली जरदारी और प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने बाद में कहा कि पाकिस्तान की संप्रभुता पर "कोई समझौता" नहीं होगा। उन्होंने सेना की "मुंहतोड़" प्रतिक्रिया की सराहना की, जिसने रातोंरात "कई" अफगान चौकियों को नष्ट कर दिया। जरदारी ने तालिबान सरकार से अफगान धरती से सक्रिय पाकिस्तान विरोधी आतंकवादी तत्वों के खिलाफ ठोस और सत्यापन योग्य कार्रवाई करने का आग्रह किया।

### हर हमले का दिया जाएगा जवाब : तालिबान

तालिबान के प्रवक्ता जबीहुल्लाह मुजाहिद ने रविवार को पाकिस्तान को चेतावनी दी है। उन्होंने कहा, 'पाकिस्तान ने अपनी सरजमीं पर आईएसआईएस की मौजूदगी पर आंखें बंद कर ली हैं। ऐसे में अफगानिस्तान के पास पूरा अधिकार है कि वह अपने हवाई और जमीनी सीमाओं की सुरक्षा करे। हमारी जमीन पर हुए हर हमले का करारा जवाब दिया जाएगा। मुजाहिद के अनुसार आईएसआईएस संगठन अफगानिस्तान समेत दुनिया के तमाम देशों के लिए बड़ा खतरा बना हुआ है।

### कई देशों ने की संयम बरतने की अपील

सऊदी अरब ने पाकिस्तान और अफगानिस्तान में तनाव पर गंभीर चिंता जताते हुए दोनों पक्षों से संयम बरतने और तनाव कम करने की अपील की है। कतर व ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराघची ने कहा, हमारा रुख है कि दोनों पक्षों को संयम बरतना चाहिए। दोनों देशों के बीच की स्थिरता क्षेत्रीय स्थिरता के लिए अहम है। पाकिस्तान पाकिस्तान के गृह मंत्री मोहसिन नकवी ने कहा है कि हमलों के बाद पाकिस्तान चुप नहीं बैठेगा। उन्होंने कहा, अफगानिस्तानी सेना द्वारा नागरिक आबादी पर गोलीबारी अंतरराष्ट्रीय कानूनों का घोर उल्लंघन है। पाकिस्तान के बहादुर बलों ने त्वरित और प्रभावी जवाब दिया है। किसी भी उकसावे को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। हमने 4 जगहों पर तोपखाने से जवाबी कार्रवाई की। दरअसल, अफगानिस्तान के हमले के बाद पाकिस्तान की सेना बौखला गई है।

### भारत सरकार ला रही नया कानून

# विदेश में नौकरी लगवाने के नाम पर नहीं होगी धोखाधड़ी



एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

विदेश में नौकरी दिलाने के नाम पर ठगी, शोषण और धोखाधड़ी के मामलों की संख्या लगातार बढ़ती जा रही है। हर साल हजारों भारतीय युवा बेहतर कमाई और जीवन की तलाश में विदेश का रुख करते हैं, लेकिन उनमें से कई फर्जी एजेंटों और दलालों के झांसे में आकर बड़ी मुसीबतों में फंस जाते हैं। ऐसी समस्याओं से निपटने के लिए भारत सरकार अब एक नया और सख्त कानून लाने जा रही है।

### क्यों जरूरी हो गया है नया कानून?

पुराना इमिग्रेशन एक्ट, 1983 करीब 4 दशक पुराना है। तब से लेकर अब तक न सिर्फ वैश्विक नौकरी बाजार में बदलाव आया है, बल्कि भारत से बाहर जाने वाले लोगों की संख्या भी कई गुना बढ़ चुकी है। मौजूदा कानून डिजिटल युग की चुनौतियों को संभालने में सक्षम नहीं है। इसके चलते फर्जी एजेंट, बिचौलिए और ट्रैवल कंपनियां कानून की कमजोरियों का फायदा उठाकर लोगों को विदेश भेजने के नाम पर धोखा देने में कामयाब हो जाती हैं। सरकार द्वारा प्रस्तावित यह नया कानून मौजूदा इमिग्रेशन व्यवस्था को व्यापक, तकनीकी रूप से मजबूत और पीड़ितों के लिए न्यायपूर्ण बनाएगा।

### आमतौर पर सामने आने वाले फर्जीवाड़े के मामले

- बिना वीज़ा या जाली दस्तावेज़ों के जरिए विदेश भेजना
- नौकरी का झांसा देकर जबरन श्रम या घरेलू कार्यों में लगाना
- पासपोर्ट और दस्तावेज जब्त कर लेना
- बिचौलियों द्वारा मोटी रकम वसूलना लेकिन नौकरी न लगवाना
- मानवीय तस्करी जैसे गंभीर मामले
- व्यक्तिगत नुकसान के साथ ही भारत की छवि को भी ठेस

### नया कानून बनेगा ओवरसीज मोबिलिटी बिल

बता दें कि ओवरसीज मोबिलिटी बिल, 2025 नाम का यह प्रस्तावित कानून पुराने इमिग्रेशन एक्ट, 1983 की जगह लेगा। सरकार का उद्देश्य है कि विदेश जाने वाले भारतीयों को न सिर्फ ठगी से बचाया जाए, बल्कि उनका पूरा अनुभव भी सुरक्षित, पारदर्शी और व्यवस्थित बनाया जाए।

## राशिफल

**मेष** — मन प्रसन्न रहेगा। परिवार में सुख-शान्ति रहेगी। घर-परिवार में धार्मिक कार्य होंगे। भवन के रख-रखाव एवं साज-सज्जा के कार्यों पर खर्च बढ़ेंगे।

**वृष** — आत्मविश्वास में कमी रहेगी। परिवार के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे। लेखनादि-बौद्धिक कार्यों से आय हो सकती है।

**मिथुन** — मन प्रसन्न तो रहेगा, परन्तु फिर भी आत्मसंयत रहें। रहन-सहन भी अव्यवस्थित रहेगा। मित्रों का सहयोग मिलेगा। स्वाथ्य का ध्यान रखें।

**कर्क** — पिता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। भाग-दौड़ बढ़ेगी। कारोबार के लिए विदेश यात्रा के योग बन रहे हैं। भाइयों का सहयोग रहेगा। यात्रा के योग बन रहे हैं।

**सिंह** — व्यर्थ के क्रोध से बचें। बातचीत में सन्तुलित रहें। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। शैक्षिक कार्यों पर ध्यान दें। व्यवधान आ सकते हैं। आय में कमी आ सकती है।

**कन्या** — अपनी भावनाओं को वश में रखें। नौकरी के लिए साक्षात्कारादि कार्यों में सफलता मिलेगी। शासन-सत्ता का सहयोग मिलेगा। मित्रों का सहयोग मिलेगा।

**तुला** — पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। शैक्षिक एवं शोधादि कार्यों के लिए किसी दूसरे स्थान पर जा सकते हैं। परिश्रम अधिक रहेगा। खर्चों में वृद्धि होगी।

**वृश्चिक** — व्यर्थ के क्रोध से बचें। बातचीत में सन्तुलन बनाये रखें। किसी पुराने मित्र से भेंट हो सकती है। घर-परिवार में धार्मिक कार्य हो सकते हैं।

**धनु** — मन में उतार-चढ़ाव रहेंगे। संयत रहें। व्यर्थ के वाद-विवाद से बचें। शैक्षिक कार्यों के सुखद-परिणाम मिलेंगे। पिता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

**मकर** — आत्मसंयत रहें। माता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। लेखनादि-बौद्धिक कार्यों में व्यस्तता बढ़ेगी और आय के साधन भी बनेंगे। खर्च भी बढ़ेंगे। रुचि बढ़ेगी।

**कुंभ** — मन शान्त तो रहेगा। फिर भी धैयशीलता बनाये रखने का प्रयास करें। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। धार्मिक संगीत के प्रति रुझान बढ़ सकता है।

**मीन** — मन अशान्त तो हो सकता है। वाणी में मधुरता भी रहेगी। परिवार में शान्ति बनाये रखने के प्रयास करें। आय में कमी एवं खर्च अधिक की स्थिति हो सकती है।

### दीपावली की खरीदारी...



**नई दिल्ली।** दीपावली का त्योहार ज्यों-ज्यों नजदीक आ रहा है त्यों-त्यों बाजार में साज सज्जा एवं अन्य जरूरी सामग्रियों की खरीद फरोख्त तेज होती जा रही है।

### झारखंड में माओवादियों ने मोबाइल टावर में आग लगाई

**चाईबासा।** प्रतिबंधित भाकपा की ओर से आयोजित किये जा रहे 'प्रतिरोध सप्ताह' के बीच, माओवादियों ने रविवार तड़के झारखंड के पश्चिमी सिंहभूम जिले में एक निजी दूरसंचार कंपनी के मोबाइल टावर को आग लगा दी। पुलिस ने बताया कि माओवादियों का एक समूह मध्य रात्रि के बाद मनोहरपुर ब्लॉक के मीना बाजार इलाके में आया और मोबाइल टावर में आग लगाने से पहले दूरसंचार कंपनी के कर्मचारियों को भगा दिया।


**कार्यालय, नगर पालिक निगम, रिसाली**

क्र. /भ.अ.वि./2025/153 रिसाली, दिनांक 08.10.2025

**//आम सूचना//**


सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि नगर पालिक निगम, रिसाली क्षेत्रान्तर्गत अवैध कॉलोनियों का नगर पालिक निगम (कॉलोनाइजर का रजिस्ट्रीकरण निर्बंधन तथा शर्त) नियम 2013 के नियम 15 (क) अतर्गत 31 जुलाई 2019 तक अस्तित्व में आयी अनाधिकृत कॉलोनियों का नियमितीकरण किये जाने हेतु अभिन्यास तैयार किया गया है, जिस हेतु संबंधित क्षेत्र के भूस्वामी / निवासियों से उक्त स्थल के तैयार अभिन्यास में आपत्ति / सुझाव दिनाक 28/10/2025 तक आमंत्रित किया जाना है। उक्त प्रस्तावित कोलोनियों का विवरण निम्नानुसार है:-

| क्र. | स्थल/कॉलोनी का नाम | खसरा क्र. | रकबा |
|---|---|---|---|
| 01 | सरस्वती कुंज पूर्व रिसाली | 652/1249, 654, 655, 658, 659, 660, (P)665 | 2.00 हेक्टेयर |

उक्त निर्धारित अवधि के भीतर अपनी आपत्ति / सुझाव लिखित रूप से कार्यालय, नगर पालिक निगम रिसाली के भवन अनुज्ञा शाखा में भवन निर्माण अधिकारी के समक्ष प्रस्तुत करेंगे। उक्त निर्धारित अवधि के उपरान्त प्राप्त होने वाले आपत्ति / सुझाव पर विचार नहीं किया जावेगा।

आयुक्त
नगर पालिक निगम
रिसाली


### शब्द पहेली - 6017



**बाएँ से दाए**

1. असहकार-5
4. शत्रुता, दुश्मनी-4
7. नाच, नृत्य (उर्दू-2)
8. विष्णु का वाहन-3
9. मादा का विलोम-2
10. ईश्वर, शिव-4
11. संज्ञा, संबोधन-2
13. वेग, गति-3
14. महसूल, राहदरी-2
15. अंधकार, अंधेरा-3
17. कुंजी, ताली-2
19. गोलाकार-5
22. इतरता, बेगानापन-5
25. समय, वक्त-2
26. स्याही का पात्र-3
28. अच्छा, सद् पुरुष-2
29. अदृश्य-3
30. मिट्टी, धूल-2
32. नट, बाजीगरी करने वाला-4
34. टैक्स, हाथ-2
36. बोलने का तरीका-3
37. खदान-2
38. जो जायज न हो-4
39. श्री रामचंद्र का नाम-5

**ऊपर से नीचे**

1. तराजू डंडा, पासा-2
2. पराजित करना-3
3. बहुत लंबा -5
4. रुकना, अड़ जाना-3
5. जंगल, कानन-2
6. तीर रखने का पात्र-4
7. सार-संभाल-2,3
10. पूंजी, धन-4
12. वोट, राय-2
16. राजा, महाराजा-3
17. चतुर्थ, चौथा-2
18. हलवा-2
20. पक्षाघात-3
21. तन, देह-2
22. क्षण-2
23. स्मारक-4
24. चोर, लुटेरा-5
25. जैकी श्राफ, अनिल कपूर, किमी काटकर व फराह अभिनीत फिल्म -5
26. टूटना, बिखरना-4
27. पानी से सराबोर-2
31. कमल, नीरज-3
33. बादलों की गड़गड़ाहट-3
35. छुट्टी, अवकाश-2
37. राख, मिट्टी-2

### शब्द पहेली - 6016 का हल



### सूडोकू नवताल - 6027

★☆☆☆☆ सरल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | | 9 | | 8 | 3 | 2 | | |
| | 2 | | 4 | | | | | 8 |
| 3 | 8 | | 5 | 2 | 6 | 1 | | |
| | 7 | | | | | | 9 | 5 |
| 9 | | 3 | 6 | | 8 | 7 | | 4 |
| 2 | 6 | | | | | | 1 | |
| | | 5 | 2 | 7 | 1 | | 8 | 6 |
| 6 | | | | | 4 | | 7 | |
| | | 8 | 9 | 6 | | 4 | | 2 |

MANGAL SENACHA, BANGALORE

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

**सूडोकू नवताल - 6026 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 2 | 5 | 3 | 6 | 7 | 9 | 1 | 4 |
| 4 | 6 | 1 | 8 | 9 | 2 | 3 | 7 | 5 |
| 3 | 7 | 9 | 1 | 5 | 4 | 6 | 8 | 2 |
| 1 | 3 | 7 | 4 | 2 | 9 | 5 | 6 | 8 |
| 6 | 5 | 2 | 7 | 1 | 8 | 4 | 9 | 3 |
| 9 | 8 | 4 | 6 | 3 | 5 | 1 | 2 | 7 |
| 2 | 4 | 6 | 9 | 8 | 3 | 7 | 5 | 1 |
| 5 | 1 | 3 | 2 | 7 | 6 | 8 | 4 | 9 |
| 7 | 9 | 8 | 5 | 4 | 1 | 2 | 3 | 6 |

# दिवाली के लंबे सप्ताहांत के कारण आतिथ्य और यात्री सेवा क्षेत्र में उछाल

एजेंसी ▸▸| नई दिल्ली

दिवाली के लंबे सप्ताहांत से पहले इस त्योहारी मौसम में आतिथ्य और यात्रा सेवा प्रदाताओं की मांग में जबर्दस्त वृद्धि देखी जा रही है। शहरी और मनोरंजन स्थलों के लिए अच्छी बुकिंग दर्ज की गई है, और इंटरसिटी बस सेवाओं में बुकिंग का स्तर 95-100 प्रतिशत तक पहुंच गया है। माल एवं सेवा कर (जीएसटी) सुधार मध्यम स्तर के होटल और मध्यम बाजार के घरेलू ग्राहकों के लिए एक प्रमुख प्रेरक के रूप में कार्य कर रहा है, जिससे यात्रियों के लिए कम प्रसिद्ध स्थलों की खोज करना आसान हो गया है।

- शहरी और मनोरंजन स्थलों के लिए अच्छी बुकिंग दर्ज

## मनोरंजनक स्थलों की अच्छी बुकिंग दर्ज

### सबसे अधिक बुकिंग पांच महानगरों से

मागो ने आगे कहा कि सबसे अधिक बुक किए गए शीर्ष 10 गंतव्यों में से पांच महानगर हैं - दिल्ली, मुंबई, बेंगलुरु, हैदराबाद और चेन्नई। मागो ने कहा, "इस साल, त्योहार सप्ताह के शुरुआत में पड़ने के कारण, कई यात्री लंबे समय तक उत्सव का आनंद लेने के लिए उससे पहले वाले शुक्रवार से ही अपनी यात्राएं बुक कर रहे हैं।"

### होटल में बुकिंग बढ़ी है

होटल एसोसिएशन ऑफ इंडिया (एचएआई) के अध्यक्ष के बी काचरू ने कहा कि शुरुआती रुझानों से पता चलता है कि होटल में बुकिंग बढ़ी है। यह परिवार, दोस्तों के साथ छुट्टियां बिताने और त्योहार मनाने के लिए यात्रियों के उत्साह को दर्शाता है।



*यात्रा विकल्पों में व्यापक विविधता : काचरू ने कहा, "यह यात्रा विकल्पों में व्यापक विविधता को दर्शाता है, क्योंकि घरेलू पर्यटक पारंपरिक महानगरों से आगे बढ़कर अधिक सार्थक और यादगार यात्राओं की ओर रुख कर रहे हैं।"*

### यात्री अनोखे अनुभवों की तलाश में


काचरू ने कहा, "इस सीजन में बुकिंग का तरीका दर्शाता है कि यात्री सुविधा, लचीलेपन और चुनिंदा अनुभवों को प्राथमिकता देते हैं। काचरू, जो रेडिसन होटल समूह के दक्षिण एशिया के चेयरमैन भी हैं, ने आगे कहा कि दूसरी श्रेणी के शहरों और उभरते गंतव्यों में मांग में उल्लेखनीय वृद्धि देखी जा रही है, क्योंकि यात्री विरासत स्थलों, स्थानीय संस्कृति और अनोखे अनुभवों की तलाश में हैं।

### पारिवारिक व अवकाश यात्राओं की संख्या बढ़ी

धवन ने कहा, "... दिलचस्प बात यह है कि विकास की गति दूसरी और तीसरी श्रेणी के 'कॉरिडोर' द्वारा संचालित हो रही है, जो अब कुल बुकिंग का लगभग 62 प्रतिशत हिस्सा है क्योंकि लोग त्योहारों के लिए अपने गृह नगर लौटते हैं। उन्होंने कहा, "विमानन क्षेत्र में भी, यात्रा तरीके में बदलाव स्पष्ट है, जहां नियमित अवधि की तुलना में पारिवारिक और अवकाश यात्राओं की संख्या लगभग 65-70 प्रतिशत है।

## खबर संक्षेप

### पूंजीकरण में सबसे आगे टीसीएस रही



**नई दिल्ली।** सेंसेक्स की शीर्ष 10 सबसे मूल्यवान कंपनियों में से आठ के बाजार पूंजीकरण (मार्केट कैप) में पिछले सप्ताह सामूहिक रूप से 1,94,148.73 करोड़ रुपये की बढ़ोतरी हुई। सबसे अधिक लाभ में टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज रही। पिछले सप्ताह, बीएसई का 30 शेयरों वाला सेंसेक्स 1,293.65 अंक या 1.59 प्रतिशत चढ़ गया।

### बीएमडब्ल्यू इंडिया की तीसरी तिमाही में बिक्री 21% बढ़ी



**नई दिल्ली।** बीएमडब्ल्यू ग्रुप इंडिया ने इस साल तीसरी तिमाही जुलाई-सितंबर में अपनी अब तक की सबसे अधिक 4,204 कारों की बिक्री की। यह पिछले साल की समान अवधि की बिक्री से 21 प्रतिशत अधिक है। जर्मनी की लक्जरी वाहन विनिर्माता बीएमडब्ल्यू को उम्मीद है कि जीएसटी दर में कटौती भारत में बढ़ेगी अनुमान से कहीं अधिक है।

### बीते सप्ताह मांग बढ़ने से मूंगफली तेल में सुधार



**नई दिल्ली।** बीते सप्ताह तेल-तिलहन बाजार में मांग बढ़ने के बीच मूंगफली तेल-तिलहन तथा संभावित सट्टेबाजी की वजह से दाम ऊंचा लगाये जाने के कारण पाम-पामोलीन के दाम में मजबूती रही। निर्यात मांग कमजोर रहने से सोयाबीन तिलहन तथा आवक बढ़ने के बीच बिनौला तेल के दाम गिरावट के साथ बंद हुए।

### एक्का इलेक्ट्रॉनिक्स ने 108 करोड़ का कोष जुटाया



**नई दिल्ली।** उपभोक्ता इलेक्ट्रॉनिक्स सामान बनाने वाली कंपनी एक्का इलेक्ट्रॉनिक्स ने सीरीज-ए इक्विटी वित्त पोषण के तहत 108 करोड़ रुपये की राशि जुटायी है। एक्का इलेक्ट्रॉनिक्स ने कहा कि इस राशि से कंपनी को अपनी विनिर्माण बढ़ाने, एवं विकास को मजबूत करने और 2027 तक शेयर बाजार में सूचीबद्ध होने के लिए आईपीओ की तैयारी में मदद मिलेगी।

### एचसीसी को हिंडाल्को से 204 करोड़ का मिला ठेका



**नई दिल्ली।** हिंदुस्तान कंस्ट्रक्शन कंपनी (एचसीसी) ने कहा कि उसे ओडिशा में आदित्य एल्युमीनियम स्मेल्टर विस्तार परियोजना के तहत पॉट शेल निर्माण, आपूर्ति और स्थापना के लिए हिंडाल्को इंडस्ट्रीज लिमिटेड से 204 करोड़ रुपये का ठेका मिला है। एल्युमीनियम गलाने की क्षमता को 2,00,000 टन प्रति वर्ष बढ़ाने की बड़े पैमाने की पहल का प्रमुख हिस्सा है।

### सिटी टेक्नोलॉजीज करेगा एआई डेटा सेंटर स्थापित



**विशाखापत्तनम।** आंध्र प्रदेश के सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री नारा लोकेश ने रविवार को यहां सिफी टेक्नोलॉजीज के 1,500 करोड़ रुपये के एआई एज डेटा सेंटर और ओपन केबल लैंडिंग स्टेशन की आधारशिला रखी। पचास मेगावाट की यह सुविधा नैस्डैक में सूचीबद्ध सिफी टेक्नोलॉजीज की अनुषंगी कंपनी सिफी द्वारा विशाखापत्तनम में सरकार द्वारा आवंटित 3.6 एकड़ भूमि पर विकसित की जा रही है। जिससे समुद्र के नीचे संपर्क और एआई बुनियादी ढांचा मजबूत होगा।'

## हमलों को रोकने साइबर योद्धाओं की टीम 24 घंटे काम करती है

# एनएसई पर रोज होते हैं 17 करोड़ साइबर हमले टीम सुनिश्चित करती है निर्बाध परिचालन

एजेंसी ▸▸| मुंबई

एनएसई को 'ऑपरेशन सिंदूर' के दौरान एक दिन में सबसे अधिक 40 करोड़ साइबर हमलों का सामना करना पड़ा था। इसे डीडीओएस सिमुलेशन के रूप में डिजाइन किए गया था। हालांकि, साइबर हमलावर कर्मियों, मशीनों और उन्नत प्रौद्योगिकी के समन्वित प्रयासों के कारण कोई नुकसान नहीं पहुंचा पाए।

### कार्य बेहद चुनौतीपूर्ण

एनएसई के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया, "एक्सचेंज पर हर दिन लाखों साइबर हमले होते हैं। लेकिन हमारी तकनीकी टीमें, उनकी प्रणाली और तकनीक विशेष सॉफ्टवेयर का उपयोग करके चौबीसों घंटे इन हमलों का मुकाबला करती हैं। उन्होंने कहा कि साइबर हमलों की संख्या प्रतिदिन 15 करोड़ से 17 करोड़ के बीच है, जिससे टीमों और प्रणालियों के लिए यह कार्य बेहद चुनौतीपूर्ण हो जाता है।

### एक्सचेंज उन्नत सॉफ्टवेयर से लैस

दोनों साइबर सुरक्षा केंद्रों की तकनीकी टीमें लगातार सक्रिय रहती हैं और वित्तीय बाजार के बुनियादी ढांचे पर बड़े पैमाने पर होने वाले हमलों को बेअसर करने और उन्हें रोकने के लिए उन्नत सॉफ्टवेयर से लैस हैं। अधिकारी ने कहा, "तकनीकी रूप से दक्ष कर्मियों, मशीनों और तकनीक से युक्त मजबूत साइबर सुरक्षा संरचना, एनएसई के संचालन को सुरक्षित बनाती है।"

*नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) को प्रतिदिन लगभग 17 करोड़ साइबर हमलों का सामना करना पड़ता है। ऐसे में निर्बाध परिचालन सुनिश्चित करने को एक्सचेंज को चौबीसों घंटे काम करने के लिए 'साइबर योद्धाओं' की एक समर्पित टीम की आवश्यकता होती है।*

### परिणाम एक्सचेंज को प्रस्तुत किए जाते हैं

एनएसई ने अपने संचालन के लिए मजबूत आंतरिक साइबर सुरक्षा उपाय लागू किए हैं और एनएसई अकादमी के माध्यम से एक साइबर सुरक्षा बुनियादी प्रशिक्षण कार्यक्रम भी चलाया जाता है। अधिकारियों के अनुसार, ट्रेडिंग सदस्यों को नियमित रूप से साइबर सुरक्षा और साइबर-जुझारू क्षमता ऑडिट करवाना पड़ता है, जिसके परिणाम एक्सचेंज को प्रस्तुत किए जाते हैं।





- आपरेशन सिंदूर के दौरान एक दिन में 40 करोड़ साइबर हमले किए गए
- हमले डीडीओएस सिमुलेशन के रूप में डिजाइन किए गया थे
- टीम विशेष सॉफ्टवेयर का उपयोग करके हमलों का मुकाबला करती हैं

### हमला उद्योगों के लिए भी गंभीर खतरा

अधिकारी ने बताया कि डीडीओएस हमला सर्वर पर कई स्रोतों से आने वाले ट्रैफिक को बढ़ा देता है, जिससे वह क्रैश हो जाता है या वैध उपयोगकर्ताओं के लिए अनुपलब्ध हो जाता है। यह शेयर बाजार जैसे निर्बाध संचालन पर निर्भर उद्योगों के लिए एक गंभीर खतरा है।

### हमलों से सुरक्षा के लिए सख्त प्रोटोकाल

सुरक्षा व्यवस्था में ई-मेल, बाहरी डेटा, पेन ड्राइव और डिस्ट्रिब्यूटिड डिनायल ऑफ सर्विस (डीडीओएस) हमलों से सुरक्षा के लिए सख्त प्रोटोकॉल शामिल हैं। उन्होंने आगे कहा कि इन माध्यमों से किसी भी संदिग्ध गतिविधि का पता चलने पर 'पॉप-अप' और 'अलर्ट' तुरंत जारी किए जाते हैं।

### वित्तीय बाजार की स्थिरता के लिए गंभीर खतरा

एनएसई नेतृत्व ने कहा कि किसी भी उल्लंघन की स्थिति में न केवल एक्सचेंज के सिस्टम, बल्कि 'हमसे जुड़ी हर चीज प्रभावित होगी। अधिकारियों ने आगे कहा कि बढ़ते वैश्विक अंतर्संबंध और प्रणाली की जटिलता ने बड़े पैमाने पर साइबर हमलों के जोखिम को और भी प्रासंगिक बना दिया है, जिससे वित्तीय बाजारों की स्थिरता को गंभीर खतरा पैदा हो रहा है।

### विदेशी निवेशकों के लिए वेबसाइट बंद की गई

शीर्ष अधिकारियों ने 'ऑपरेशन सिंदूर' के दौरान हुई एक घटना के बारे में जानकारी साझा की।अधिकारियों ने बताया कि उस अवधि के दौरान अत्यधिक सुरक्षा खतरे के जवाब में एनएसई ने एहतियाती उपाय के रूप में विदेशी उपयोगकर्ताओं के लिए अपनी वेबसाइट तक पहुंच को अस्थायी रूप से प्रतिबंधित करने का एक सचेत निर्णय लिया।

## बाल्को ने भारत के सबसे बड़े स्मेल्टर से पहली धातु का किया उत्पादन

एजेंसी ▸▸| कोरबा



- बाल्को ने 525 किलो एम्पीयर के स्मेल्टर से पहले धातु का उत्पादन

वेदांता एल्युमीनियम की इकाई भारत एल्युमीनियम कंपनी लिमिटेड (बाल्को) ने देश के सबसे बड़े 525 किलो एम्पीयर (केए) स्मेल्टर से पहली धातु का उत्पादन करके भारत के एल्युमीनियम क्षेत्र में एक बड़ी उपलब्धि हासिल की है। कंपनी ने यह जानकारी दी।

कंपनी ने बयान में कहा कि यह सफलता बाल्को की मौजूदा 10 लाख टन सालाना विस्तार परियोजना के तहत एक महत्वपूर्ण कदम है। साथ ही यह एल्युमीनियम प्रगलन प्रौद्योगिकी में एक नया राष्ट्रीय मानक स्थापित करती है। बाल्को संयंत्र छत्तीसगढ़ के कोरबा जिले में स्थित है।

### भारतीय मानक को छोड़ा पीछे

बयान में कहा गया कि 525 केए प्रगालक तकनीकी प्रगति में एक बड़ी छलांग का प्रतिनिधित्व करता है, जिसने 378 केए के पिछले भारतीय मानक को पीछे छोड़ दिया है। बयान में कहा गया कि यह उपलब्धि भारत की एल्युमीनियम आत्मनिर्भरता और औद्योगिक विकास को गति देने में बाल्को की भूमिका को रेखांकित करती है।

### बाल्को मिलियन टन क्लब में शामिल


बाल्को के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) और निदेशक राजेश कुमार ने कहा, "मिलियन टन क्लब में शामिल होने के साथ, बाल्को भारत की आत्मनिर्भरता की यात्रा में एक नया अध्याय लिख रही है।" उन्होंने कहा, "इस विस्तार के जरिये हम न केवल घरेलू क्षमता को बढ़ा रहे हैं, बल्कि रोजगार के नए अवसर भी पैदा कर रहे हैं, संबद्ध उद्योगों को बढ़ावा दे रहे हैं और छत्तीसगढ़ तथा उसके बाहर आर्थिक वृद्धि को गति दे रहे हैं।"

## महंगाई के आंकड़े इस सप्ताह तय करेंगे शेयर बाजार की दिशा

एजेंसी ▸▸| नई दिल्ली

स्थानीय शेयर बाजारों की दिशा इस सप्ताह अमेरिका और चीन के बीच नए शुल्क तनाव, घरेलू मुद्रास्फीति के आंकड़ों और एचसीएल टेक, इन्फोसिस और रिलायंस इंडस्ट्रीज जैसी बड़ी कंपनियों के तिमाही नतीजों से तय होगी।

भू-राजनीतिक घटनाक्रम भी निवेशकों की धारणा को दिशा देंगे। ऑनलाइन ट्रेडिंग और संपदा प्रौद्योगिकी कंपनी एनरिच मनी के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) पोनमुडी आर ने कहा, इस सप्ताह बाजार की दिशा घरेलू संकेतकों, वैश्विक व्यापक आर्थिक रुझानों और कंपनियों के तिमाही नतीजों पर निर्भर करेगी। अमेरिका-चीन शुल्क युद्ध के नए सिरे से बढ़ने, जिसकी वजह से शुक्रवार को वॉल-स्ट्रीट पर भारी बिकवाली देखने को मिली, से वैश्विक जोखिम लेने की धारणा कम होने की संभावना है। व्यापार तनाव की वजह से डॉलर का बहिर्वाह बढ़ सकता है, जिससे उभरते बाजारों के शेयरों और मुद्राओं पर और दबाव बढ़ सकता है। शुक्रवार को अमेरिकी बाजार बड़े गिरावट के साथ बंद हुए। नैस्डैक कंपोजिट में 3.56 प्रतिशत की गिरावट आई, जबकि एसएंडपी 500 में 2.71 प्रतिशत और डॉव जोन्स इंडसट्रियल एवरेज में 1.90 प्रतिशत की गिरावट आई।





- अमेरिका-चीन शुल्क तनाव की भी होगी महत्वपूर्ण भूमिका
- रिलायंस, इंफोसिस आदि कंपनियों के आएंगे परिणाम

### घटनाक्रमों से भरा रहेगा पूरा सप्ताह

रेलिगेयर ब्रोकिंग लि. के वरिष्ठ उपाध्यक्ष अजित मिश्रा ने कहा, "यह सप्ताह घटनाक्रमों से भरा रहेगा। सप्ताह के दौरान प्रमुख घरेलू वृहद आर्थिक आंकड़ों और कंपनियों के वित्त वर्ष 2025-26 की दूसरी तिमाही के नतीजे आएंगे। आंकड़ों के मोर्चे पर, सरकार 13 अक्टूबर को सितंबर के लिए खुदरा मुद्रास्फीति (सीपीआई) के आंकड़े जारी करेगी, उसके बाद 14 अक्टूबर को थोक मुद्रास्फीति (डब्ल्यूपीआई) के आंकड़े आएंगे।"

## एसीएमई समूह डीआरआई के लिए करेगी निवेश





**नई दिल्ली।** एसीएमई समूह डायरेक्ट रिड्यूस आयरन (डीआरआई) सुविधा स्थापित करने के लिए 5,000 करोड़ रुपये का निवेश करने की योजना बना रहा है। उद्योग सूत्रों ने यह जानकारी दी। सूत्रों ने बताया कि पहले चरण में 12 लाख टन प्रति वर्ष (एमटीपीए) की क्षमता वाली इकाई स्थापित की जाएगी, जिसमें ग्रीन एचबीआई/जीआरआई (ग्रीन हॉट ब्रिकेटेड आयरन और ग्रीन डायरेक्ट रिड्यूस्ड आयरन) का उत्पादन किया जाएगा, जिसका उपयोग हरित इस्पात के निर्माण में किया जाएगा। "हमारी नई सुविधा कुछ न्यूनतम कार्बन उत्सर्जन वाले ग्रीन एचबीआई और डीआरआई उत्पादों का उत्पादन करेगी, जो देश में स्वच्छ प्रौद्योगिकी समाधान के अगुवा के रूप में हमारी अटूट प्रतिबद्धता को रेखांकित करता है।/"

## पर्यटन क्षेत्र 25 प्रतिशत की दर से बढ़ने का अनुमान

एजेंसी ▸▸| भोपाल

केंद्रीय मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने कहा है कि पर्यटन क्षेत्र देश के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) में 20 लाख करोड़ रुपये का योगदान देता है और इसके सालाना 25 प्रतिशत से अधिक की दर से बढ़ने की उम्मीद है। केंद्रीय संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री शेखावत ने शनिवार को मध्य प्रदेश के पर्यटन विभाग द्वारा आयोजित 'एमपी ट्रैवल मार्ट' को संबोधित करते हुए कहा कि इस बदलाव के मूल में यह विश्वास निहित है कि पर्यटन एक राष्ट्रीय प्राथमिकता है, न कि एक सहायक उद्योग।

- जीडीपी में 20 लाख करोड़ रुपए का योगदान देता है



शेखावत ने कहा, "पर्यटन अब हमारे राष्ट्रीय सकल घरेलू उत्पाद में 20 लाख करोड़ रुपये से अधिक का योगदान देता है। यह 8.4 करोड़ से अधिक लोगों को आजीविका प्रदान करता है।" उन्होंने कहा, "भारत में पिछले साल 2.20 करोड़ पर्यटक आए और घरेलू यात्रियों ने 2.94 अरब यात्राएं कीं। भारत में पर्यटन क्षेत्र के सालाना 25 प्रतिशत से अधिक की दर से बढ़ने का अनुमान है।

*देश भर में यात्रा को सुगम बनाया*

*शेखावत ने कहा कि इस बदलाव के मूल में यह विश्वास है कि पर्यटन एक राष्ट्रीय प्राथमिकता है, न कि कोई सहायक उद्योग, और राजमार्गों, हवाई अड्डों, अंतर्देशीय जलमार्गों और डिजिटल बुनियादी ढांचे में अभूतपूर्व निवेश ने देश भर में यात्रा को सुगम बनाया है।*

## भारत ने 7.75 लाख टन चीनी का किया निर्यात ...



**नई दिल्ली।** भारत ने इस साल सितंबर तक समाप्त हुए चीनी विपणन सत्र में लगभग 7.75 लाख टन चीनी का निर्यात किया है। चीनी व्यापार संगठन ऑल इंडिया शुगर ट्रेड एसोसिएशन (एआईएसटीए) ने रविवार को यह जानकारी दी। चीनी का विपणन सत्र अक्टूबर से सितंबर तक चलता है। 2024-25 के लिए भारत में चीनी निर्यात की अनुमति 20 जनवरी 2025 को दी गई थी, जिसमें कुल 10 लाख टन चीनी निर्यात करने की मंजूरी शामिल थी। एआईएसटीए के अनुसार, मिलों ने 2024-25 के विपणन सत्र के फरवरी से सितंबर के बीच कुल 7.75 लाख टन चीनी का निर्यात किया है। इसमें इस वर्ष सितंबर तक सफेद चीनी का निर्यात 6.13 लाख टन, रिफाइंड चीनी का 1.04 लाख टन और कच्ची चीनी का 33,338 टन हुआ है। अबतक हुए कुल निर्यात में सबसे अधिक चीनी जिबूती भेजी गई है, जो 1.46 लाख टन है।

## बीते माह टाटा मोटर्स मारुति की बाजार हिस्सेदारी बढ़ी, हुंडई की घटी

एजेंसी ▸▸| नई दिल्ली

टाटा मोटर्स और मारुति सुजुकी इंडिया (एमएसआई) की खुदरा बिक्री में पिछले महीने सालाना आधार पर बढ़ोतरी हुई है। सितंबर के यात्री वाहन पंजीकरण के आंकड़ों से यह जानकारी मिली है।

वहीं दूसरी ओर सितंबर में हुंडई मोटर इंडिया और टोयोटा किर्लोस्कर मोटर की बाजार हिस्सेदारी में सालाना आधार पर गिरावट आई है। टाटा मोटर्स ने पिछले महीने अपनी बाजार हिस्सेदारी में सुधार देखा और पिछले साल की समान अवधि की तुलना में कंपनी की बाजार हिस्सेदारी बढ़कर 13.75 प्रतिशत हो गई। पिछले साल इस महीने में कंपनी ने 32,586 वाहन बेचे थे और कंपनी की बाजार हिस्सेदारी 11.52 प्रतिशत रही थी। आंकड़ों के अनुसार, मारुति सुजुकी इंडिया ने सितंबर में कुल 1,23,242 इकाइयों की खुदरा बिक्री की, जिससे उसकी बाजार हिस्सेदारी 41.17 प्रतिशत हो गई। सितंबर, 2024 में कंपनी की बाजार हिस्सेदारी 40.83 प्रतिशत और बिक्री 1,15,530 वाहन रही थी। कुल मिलाकर, पिछले महीने



- खुदरा बिक्री में पिछले महीने सालाना आधार पर बढ़ोतरी हुई
- हुंडई और टोयोटा की बाजार हिस्सेदारी में गिरावट

यात्री वाहनों की खुदरा बिक्री 2,99,369 इकाई रही, जो पिछले साल सितंबर के 2,82,945 इकाई के आंकड़े की तुलना में छह प्रतिशत अधिक है। समीक्षाधीन महीने में महिंद्रा एंड महिंद्रा ने 37,659 यात्री वाहनों की खुदरा बिक्री की, जिससे उसकी बाजार हिस्सेदारी 12.58 प्रतिशत रही।

### हुंडई की बाजार हिस्सेदारी 11.96 फीसदी रही

पिछले साल इसी अवधि में उसने 35,863 वाहन बेचे थे और उसकी बाजार हिस्सेदारी 12.67 प्रतिशत रही थी। हुंडई मोटर इंडिया की खुदरा बिक्री पिछले महीने 35,812 इकाई रही।

### टोयोटा की बाजार हिस्सेदारी घटकर 6.78 फीसदी रह गई

इसी तरह, टोयोटा किर्लोस्कर मोटर की बाजार हिस्सेदारी पिछले महीने घटकर 6.78 प्रतिशत रह गई, जबकि पिछले साल इसी महीने यह 7.35 प्रतिशत थी। कंपनी की खुदरा बिक्री पिछले महीने 20,303 इकाई रही, जबकि सितंबर, 2024 में यह 20,792 इकाई थी। किआ इंडिया की बाजार हिस्सेदारी पिछले महीने सालाना आधार पर मामूली घटकर 6.78 प्रतिशत रही।

## घरेलू बीयर उद्योग ने सरकार से आयात में छूट की मांग की

# एल्युमीनियम कैन की कमी से जूझ रहे बीयर उद्योग

एजेंसी ▸▸| नई दिल्ली

एल्युमीनियम कैन की भारी कमी से जूझ रहे घरेलू बीयर उद्योग ने सरकार से विदेशों से निर्बाध आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए गुणवत्ता नियंत्रण मानदंडों (क्यूसीओ) में 'अल्पकालिक नियामकीय छूट' देने का आग्रह किया है।

ब्रूअर्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया (बीएआई) के अनुसार, बीयर उद्योग को 500 मिलीलीटर के कैन की 12-13 करोड़ इकाइयों की वार्षिक कमी का सामना करना पड़ रहा है, जो देश में कुल बीयर बिक्री का लगभग 20 प्रतिशत बैठता है। इससे सरकारी राजस्व में लगभग 1,300 करोड़ रुपये की कमी आने का अंदेशा है।

## उद्योग को 500 मिली की 13 करोड़ इकाइयों कि कमी का सामना करना पड़ रहा

### भारत अपनी क्षमता तक पहले ही पहुंच चुका

प्रमुख एल्युमीनियम कैन आपूर्तिकर्ता बॉल बेवरेज पैकेजिंग इंडिया और कैन-पैक इंडिया, भारत में अपनी विनिर्माण इकाइयों में अधिकतम घरेलू क्षमता तक पहले ही पहुंच चुकी हैं। इन कंपनियों का कहना है कि वे कम से कम 6-12 महीनों तक आपूर्ति नहीं बढ़ा पाएंगी, जब तक कि नई उत्पादन लाइन नहीं जुड़ जाती।



**कैन आयात के लिए सितंबर तक समय दिया गया था**

सरकार ने बिना बीआईएस प्रमाणन वाले एल्युमीनियम के कैन के आयात के लिए आपूर्तिकर्ताओं को 30 सितंबर, 2025 तक का विस्तार दिया है। हालांकि, बीएआई के अनुसार, यह देश में कैन का आयात करने के लिए पर्याप्त नहीं है।

**यूबीएल ने भी मुद्दे को उठाया :** यूनाइटेड ब्रूअरीज लिमिटेड के प्रबंध निदेशक और सीईओ ने भी इस मुद्दे को उठाया है। उद्योग के लिए, चुनौती 'मुद्रास्फीति से ज्यादा आपूर्ति की है, खासकर पैकेजिंग सामग्री की, क्योंकि भारत में कैन की कमी है।

### एक अप्रैल 2025 से बीआईएस लागू किया गया

सरकार द्वारा गुणवत्ता नियंत्रण आदेश (क्यूसीओ) के माध्यम से एल्युमीनियम कैन को एक अप्रैल, 2025 से अनिवार्य बीआईएस (भारतीय मानक ब्यूरो) प्रमाणन के दायरे में लाया गया था। इसके चलते देश में बीयर के साथ-साथ अन्य पेय पैकेजिंग उद्योग के लिए अल्पकालिक आपूर्ति की समस्याएं पैदा हुई हैं।

### क्यूसीओ के कारण कैन आयात नहीं किया जा सकता

इसके अलावा, क्यूसीओ के कारण बीयर उद्योग विदेशी विक्रेताओं से कैन आयात नहीं कर सकता क्योंकि बीआईएस प्रमाणन में कई महीने लग सकते हैं, जिससे आपूर्ति बाधित होने का खतरा पैदा हो सकता है।

## प्रथम पृष्ठ का शेष

### 'पुष्पा-स्टाइल' में...

जाकर सिंदूरशील और सुनाबेड़ा घाट पर निकाल लिया जाता था। मगर इस बार वन अमले ने कार्रवाई करते हुए इस तस्कीर का भंडाफोड़ कर दिया है। विभाग को कुछ दिन पहले सूचना मिली थी कि दक्षिण उदंती क्षेत्र में तस्कर नदी के रास्ते सागौन लकड़ी भेज रहे हैं। इस पर विभाग ने गुप्त रणनीति बनाते हुए इलाके में घेराबंदी की। जैसे ही तस्करों ने टीम को देखा, वे मौके से फरार हो गए, लेकिन वनकर्मियों ने साहस दिखाते हुए नदी में छलांग लगाकर बहती हुई सागौन लकड़ी को बरामद कर लिया। **दो साल में 80 गिरफ्तार-**

पिछले दो वर्षों में उदंती-सीता अभयारण्य प्रशासन ने ओडिशा के तस्करों के खिलाफ 20 से अधिक सफल अभियान चलाए हैं। जिनमें करीब 80 आरोपी गिरफ्तार किए जा चुके हैं। लाखों रुपए की कीमती सागौन लकड़ी जब्त की गई है और 50 से ज्यादा वन्यजीव तस्करों पर भी कार्रवाई की गई है। अभयारण्य प्रशासन का कहना है कि सागौन और वन्यजीव तस्करी पर पूरी तरह अंकुश लगाने के लिए सीमावर्ती इलाकों में सघन निगरानी बढ़ाई जा रही है और नदी मार्ग की नियमित मॉनिटरिंग जारी रहेगी।

### सिर्फ कागज नहीं,...

मुख्य सचिव विकासशील, सभी विभागीय सचिव, संभागायुक्त और छत्तीसगढ़ के सभी जिलों के कलेक्टर उपस्थित थे।

**सुबह जल्दी उठकर निरीक्षण करें**

नगरीय निकाय पर मंथन के दौरान श्री साय ने कलेक्टरों से कहा कि वे सुबह 7 बजे के पहले नगरीय निकायों के वार्डों में जाकर निरीक्षण करें। नगर निगम और नगर पालिका के अधिकारियों के कार्यों की समीक्षा करते रहें। नगरीय निकायों के द्वारा किए जा रहे स्वच्छता और अपशिष्ट प्रबंधन के कार्यों की नियमित समीक्षा भी जरूरी है।

**कोई पात्र वंचित न हो**

प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि की समीक्षा करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा, एक भी पात्र किसान वंचित न रहे, यह प्रशासन की जिम्मेदारी है। जिलों में निर्धारित समयसीमा के भीतर सभी पात्र किसानों तक लाभ पहुंचना चाहिए। उन्होंने कमिश्नरों को निर्देश दिया कि बस्तर और सरगुजा संभाग में विशेष रूप से योजना की प्रगति की सतत समीक्षा करें।

धान खरीदी में अनियमितता पर कलेक्टर होंगे जिम्मेदार

मुख्यमंत्री ने कहा, धान खरीदी 15 नवंबर से प्रारंभ होगी और इसकी सभी तैयारियां समय पर पूरी कर ली जाएं। धान खरीदी में किसी भी प्रकार की अनियमितता पाए जाने पर सीधे कलेक्टर जिम्मेदार होंगे। उन्होंने निर्देश दिए कि प्रत्येक धान खरीदी केंद्र की मॉनिटरिंग हो। प्रभारी सचिव जिलों में लगातार निगरानी रखें और संवेदनशील केंद्रों की विशेष मॉनिटरिंग करें। उन्होंने कहा, खरीदी की चौकसी बढ़ाने के लिए अब इंटीग्रेटेड कमांड एंड कंट्रोल सेंटर का उपयोग किया जाएगा। जिलों में इससे निगरानी तेज होगी और किसी भी गड़बड़ी पर तत्काल कार्रवाई संभव होगी। उन्होंने निर्देश दिया कि अंतर्राज्यीय सीमावर्ती जिलों में विशेष सतर्कता बरती जाए, ताकि बाहर से धान की अवैध आवाजाही को रोका जा सके। विशेष पिछड़ी जनजातियों के किसानों के लिए विशेष निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि इन जनजातीय इलाकों में विशेष शिविरों के माध्यम से 100 प्रतिशत पंजीयन सुनिश्चित किया जाए।

मुख्य निर्देश

- निर्माण कार्यों के लंबित भुगतान दिवाली से पूर्व करना सुनिश्चित करें
- मंत्रालय में 1 दिसंबर से बायोमेट्रिक उपस्थिति लागू की जा रही है। जिलों में भी इसी तरह अनुशासन का पालन हो।
- जिन योजनाओं में बजट की कमी नहीं है, वहां आगामी 2-3 माह में सेचुरेशन करें

### इन कलेक्टरों को ...

के रिजल्ट सुधारने के नवाचार पर प्रशंसा

पीएम जनमन योजना के उत्कृष्ट क्रियान्वयन पर मनेंद्रगढ़ और धमतरी जिले की सराहना

पीएम सूर्या घर मुफ्त बिजली योजना के लिए कोरबा जिले की तारीफ

राजनांदगांव, दुर्ग, मानपुर मोहला में सुपोषण अभियान बेहतरीन

रायगढ़ और दंतेवाड़ा में रेडी तो ईट स्व सहायता समूहों से बनाए के काम की प्रशंसा

### धान खरीदी में...

प्रभारी सचिव जिलों में लगातार निगरानी रखें और संवेदनशील केंद्रों की विशेष मॉनिटरिंग करें। उन्होंने कहा, खरीदी की चौकसी बढ़ाने के लिए अब इंटीग्रेटेड कमांड एंड कंट्रोल सेंटर का उपयोग किया जाएगा। जिलों में इससे निगरानी तेज होगी और किसी भी गड़बड़ी पर तत्काल कार्रवाई संभव होगी। उन्होंने निर्देश दिया कि अंतर्राज्यीय सीमावर्ती जिलों में विशेष सतर्कता बरती जाए, ताकि बाहर से धान की अवैध आवाजाही को रोका जा सके। विशेष पिछड़ी जनजातियों के किसानों के लिए विशेष निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि इन जनजातीय इलाकों में विशेष शिविरों के माध्यम से 100 प्रतिशत पंजीयन सुनिश्चित किया जाए।

### कोरबा बना सूर्य...

रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा, कोरबा का यह नवाचार अन्य जिलों के लिए रोल मॉडल साबित हो सकता है। उन्होंने निर्देश दिए कि ग्रामीण क्षेत्रों में हितग्राहियों को बैंक फाइनेंस की सुविधा आसानी से उपलब्ध कराई जाए, ताकि कोई भी पात्र परिवार योजना से वंचित न रहे।

### ऐसे भी निर्देश...

0 प्रधानमंत्री आवास योजना 1.0 के शेष सभी मकानों को 31 दिसंबर तक पूरा करने के निर्देश

0 स्वच्छ भारत अभियान के अंतर्गत किए कार्यों के भुगतान को लंबित रखने पर रिपोर्ट पेश करने के निर्देश

### डीजीपी को हटाएं,...

मदद नहीं की है, लेकिन उनकी मौत के लिए दो लोग ही जिम्मेदार हैं। जय नारायण ने बताया कि सुसाइड नोट में दो लोगों को जिम्मेदार बताया गया है। एसएसपी रोहतक रोहतक और डीजीपी शत्रुजीत कपूर! एसएसपी रोहतक को तो हटा दिया लेकिन डीजीपी पर कार्रवाई क्यों नहीं हुई? कमेटी आंदोलन शुरू कर रही है यह आंदोलन रुकने वाला नहीं है। आगे के कदम को लेकर चर्चा की जाएगी। हमारी सरकार से अपील है कि लोगों की मांग सुने, वरना देशव्यापी आंदोलन शुरू किया जाएगा। **पत्नी की अपील पर जोड़ी धाराएं-** हरियाणा के आईपीएस अधिकारी वाई पूरण कुमार की कथित आत्महत्या मामले में एससी-एसटी अधिनियम के 'संबंधित प्रावधान' जोड़ने की उनकी पत्नी की अपील के बाद, पुलिस ने इस मामले में दर्ज प्राथमिकी में और आरोपों को शामिल किया है। पूरण कुमार की पत्नी एवं वरिष्ठ आईएएसअधिकारी अमनीत पी कुमार ने पुलिस को लिखे पत्र में कहा था कि प्राथमिकी में एससी/एसटी (अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति) अधिनियम की कमजोर धाराओं को संशोधित किया जाना चाहिए और एससी/एसटी (अत्याचार निवारण) अधिनियम की धारा 3 (2) (पांच) इस मामले में 'लागू होने वाली उपयुक्त धारा' है। 'आत्महत्या' के मामले की जांच के लिए गठित छह सदस्यीय विशेष दल का नेतृत्व कर रहे चंडीगढ़ के आईजी (महानिरीक्षक) पुष्पेंद्र कुमार ने रविवार को फोन पर संपर्क किए जाने पर पुष्टि की कि प्राथमिकी में अधिनियम की धारा 3 (2) (पांच) लगाई गई है।

### इस बार दिवाली...


संध्या समय का होता है, इसलिए इसमें उदयातिथि ना देखकर संध्या समय व्याप्त तिथि देखी जाती है। अंतः धनतेरस पूजन 18 को ही किया जाएगा।

### बिहार विजय के...

पूर्ण किया। जद(यू) के कार्यकारी अध्यक्ष संजय कुमार झा, उपमुख्यमंत्री व भारतीय जनता पार्टी नेता सम्राट चौधरी और केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान के 'एक्स' हैंडल पर यह घोषणा की गई। भाजपा महासचिव विनोद तावड़े ने एक्स पर लिखा, संगठित व समर्पित एनडीए...आगामी बिहार विधानसभा चुनाव के लिए एनडीए परिवार के सभी सदस्यों ने सौहार्द्रपूर्ण वातावरण में आपसी सहमति से सीटों का वितरण पूर्ण किया। उन्होंने आगे लिखा, एनडीए के सभी दलों के नेताओं व कार्यकर्ताओं ने इस फैसले का खुशी से स्वागत किया है। सभी साथी कमर कस चुके हैं और बिहार में फिर से एनडीए सरकार बनाने के लिए संकल्पित हैं। एनडीए के सीट समझौते पर सभी सहयोगियों ने कहा है कि बिहार के हित में उन सबने आपस में मिलजुलकर निर्णय किया है, लेकिन असलियत यह है कि गठबंधन का कोई भी हिस्सेदार बिहार से सरकार अपने हाथ से फिसलने नहीं देना चाहता था, और इसलिए सबने अपने-अपने हिस्से की कुर्बानी देकर एनडीए गठबंधन को बनाए रखने का निर्णय किया है। भाजपा पूरे गठबंधन की जान है। चुनाव में सबसे ज्यादा वोट प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नाम पर पड़ते हैं। पिछले चुनाव में उसने 74 सीटों पर जीत हासिल की थी, इस लिहाज से उसे गठबंधन में सबसे ज्यादा सीटें मिलनी चाहिए थी, लेकिन इसके बाद भी नीतीश कुमार को अपने पाले में बनाए रखने के लिए पार्टी ने न केवल मात्र 101 सीटों पर लड़ने का फैसला किया, बल्कि उसने मुख्यमंत्री पद के साथ-साथ 101 सीटें भी जदयू को दी।

## ऑटो वाले की कमाई जान एआई इंजीनियर हैरान

**नई दिल्ली ।** भारत की सिलिकॉन वैली के तौर पर मशहूर बेंगलुरु अपनी हाई टेक्निकल जॉब्स और स्टार्टअप की दुनिया के लिए जाना जाता है। यहां इंजीनियर्स को हाई पैकेज वाली नौकरी मिलती है। लेकिन, इस बार हम इंजीनियर नहीं, बल्कि एक ऑटो ड्राइवर की बात कर रहे हैं। शहर के एक साधारण ऑटो-रिक्शा ड्राइवर ने अपनी असाधारण प्रॉपर्टी का खुलासा करके पूरे इंटरनेट जगत में अविश्वास और जिज्ञासा का तूफान खड़ा कर दिया है।



सोशल मीडिया पर इससे जुड़ा पोस्ट वायरल हो रहा है। इस पोस्ट में दावा किया जा रहा है- एपल वॉच और एयरपॉड्स पहने हुए इस ऑटो चालक ने बताया कि उसने 4-5 करोड़ रुपए के दो मकान किराए पर दिए हुए हैं, जिससे वह हर महीने लगभग 2-3 लाख रुपए की शानदार कमाई करता है। और तो और, उसने एक एआई-आधारित स्टार्टअप में भी निवेश कर रखा है। इस वायरल सोशल मीडिया पोस्ट ने लोगों को सोचने पर मजबूर कर दिया है। वहीं, एआई इंजीनियर आकाश आनंदानी ऑटो वाले की बातें सुनकर हैरान रह गए। आकाश आनंदानी कम्यूट के लिए जिस ऑटो में बैठे, उसके ड्राइवर के गैजेट्स देखकर चौंक गए। ड्राइवर की कलाई पर एपल वॉच थी। और कानों में एयरपॉड्स। उत्सुकता में बातचीत शुरू हुई तो ड्राइवर ने फिल्मी कहानी जैसी लाइफ स्टोरी सुना दी। चालक ने बताया कि पहले ऑटो चलाना ही उनका प्राइमरी काम था, लेकिन अब वह केवल वीकेंड पर पुरानी यादों को ताजा करने या हॉबी के लिए ऑटो चलाते हैं।

सभी प्रकार की एलर्जी | डेंटल सुविधा भी उपलब्ध..
• जैसे नाक • कान • गला • आंख • श्वास की (अस्थमा) • त्वचा
छाती रोग- • अस्थमा • सी.पी.ओ.डी. • फेफड़े सिकुड़ना
• पानी भरना • न्यूमोनिया • स्वाइन फ्लू • मोटापे • खर्राटे • छाती दर्द
50 बिस्तरों का सर्वसुविधायुक्त हॉस्पिटल
Vrinda Multispeciality Hospital Chest & Allergy Centre
वृन्दा चेस्ट एंड एलर्जी मल्टीस्पेशियालिटी हॉस्पिटल
अवंति बाई चौक, लोधीपारा, पंडरी रोड, कांपा, रायपुर (छ.ग.) संपर्क: 8962566221, 07714916125, 7223065604

मोतियाबिंद
आयुष्मान कार्ड सुविधा
SBH साईं बाबा नेत्र हॉस्पिटल
छोटी लाईन ब्रिज के पास, फाफाडीह, रायपुर 9644099925

बच्चों के सभी ऑपरेशन किये जाते हैं।
अष्टविनायक हॉस्पिटल
आयुष्मान कार्ड/राशन कार्ड द्वारा ऑपरेशन संभव
बच्चों के विशेषज्ञ सर्जन डॉ. रितेश रंजन (MCH, पीडियाट्रिक सर्जन)
आमा सिवनी, विधानसभा रोड, रायपुर (छ.ग.) 7987225800, 9301744425

डायबिटिज मधुमेह का सर्वोत्तम इलाज - अब दिल्ली, मुंबई, चेन्नई क्यू जाना
मधुमीत डायबिटिज हॉस्पिटल | डॉ राका शिवहरे MBBS, MD FNIC FIPA | भर्ती सुविधा उपलब्ध
Ecg, Echo, Tmt, Doppler, Carotid, Doppler, Insulin, Pump, Cgms, Homa IR
शिव मंदिर चौक, अवंति विहार, रायपुर, फोन : 0771- 4060929, मो. 7389485756

हरिभूमि छत्तीसगढ़ के डायग्नोस्टिक सेन्टर
THE DIAGNOSTIC CARE
दि अमेरिकन लेबोरेटरी अ सुपरस्पेस्लिटी डायग्नोस्टिक
ट्यूबरक्युलोसिस
मध्यभारत का सबसे बड़ा सुपरस्पेस्लिटी डायग्नोस्टिक
• जीनएक्सपर्ट/सीबीएनएटी (टीएटी- 12-24 घंटे) बलगम
• क्वांटिफेरॉन-टीबी गोल्ड प्लस (क्यूएफटी प्लस) (टीएटी-48 घंटे) खून
• एएफबी कल्चर (एमजीआईटी320) (टीएटी- 21-42 दिन)
पता- सीटी कोतवाली के पास, सीएसईबी ऑफिस के सामने, बुढ़ापारा, रायपुर 492007
मो. 8098518020, 9004051230, 7828184773



असली केंदवा मलहम
ढक्कन पर केंदवा मलहम लिखा देखें। रजि.नं. 573034बी देखकर खरीदें। ओरिजनल का हॉलोग्राम (हरि) देखकर खरीदें।
दाद, खाज, खुजली, केंदवा के लिये। HMS देखकर खरीदें
सीला मलहम ®
अंदर की खुजली व बदबू के लिये, चिंगार पानी, शिला, छितरी सफेद दाग, पुरानी खुजली एवं शरीर में जलन तथा मिठी खुजली में केवल तीन दिनों में असर देखें
94060-21769

epaper- www.haribhoomi.com
हरिभूमि Classified
Email- hbclassified375@gmail.com
आवश्यकता आपकी सुविधा हमारी
Contact For Advertisement Booking
Ring Road No.-2, Gourav Path, Bilaspur
Mo.- 9826782100

### आवश्यकता है

**आवश्यकता है-** घरेलु कार्य करने हेतु युवक की आवश्यकता है रहने, खाने की व्यवस्था है। सम्पर्क करें- सुबह 11 से 2बजे एवं शाम 5 से 9बजे गगन फ्लैक्स 27खोली चौक बिलासपुर 9039768650 (38904)

**आवश्यकता है-** MSCW Rural Projects कम्पनी में फिल्ड वर्क के लिए दो लड़कों की आवश्यकता है। वेतन आकर्षक सम्पर्क करें- सिन्धी कॉलोनी, SBI ऑफिस के बगल में कारगिल चौक बिलासपुर 07752412720, 7000047338 (38906)

**आवश्यकता है-** सेल्स एवं कम्प्यूटर ऑपरेटर लड़कियां चाहिए अनुभवी को प्राथमिकता। वेतन योग्यता अनुसार। कार्य समय 9.30AM to 6PM पता- शाश्वत प्रकाशन आरके लाइब्रेरी के पास, महामाया चौक सरकंडा बिलासपुर 9993608128, 9993608164 (38890)

**आवश्यकता है-** ड्यूटी डॉक्टर (RMO) BHMS की तत्काल आवश्यकता है। सैलरी योग्यता एवं अनुभव के अनुसार सम्पर्क करें- वर्मा नर्सिंग होम, विद्या नगर, L-2 डीपू पारा अम्बा टावर बिलासपुर 8305931718, 07752428039 (38893)

**आवश्यकता है-** डीजल टेक्नीशियन-2 (वेतन 12000-15000), सर्विस मैनेजर-1 (वेतन 15000- 20000) सेल्समैन-2 (वेतन 12000-15000) पियागियो ईवी, डीजल हेतु चाहिए। सम्पर्क- चावलानी एनर्जीज अधिकृत डीलर व्यापार विहार मेन रोड बिलासपुर 9303118000 (38887)

**आवश्यकता है-** मोबाइल दुकान में काम करने के लिए लड़के की आवश्यकता है वेतन योग्यता अनुसार सम्पर्क करें- श्रीश्याम कम्युनिकेशन (सैमसंग स्टोर) जायका रेस्टोरेन्ट के पास मुंगेली नाका चौक बिलासपुर 70001 75787, 9584844447 (38874)

**आवश्यकता है-** सर्व मंगला एजेंसी में सेमसंग मोबाईल डिस्ट्रीब्यूशन के लिए सेल्समेन की आवश्यकता है तत्काल संपर्क करें सर्व मंगला एजेंसी महाराणा प्रताप चौक के पास बिलासपुर 9752394144, 9827976705 (38894)

**आवश्यकता है-** डेंटल क्लीनिक में कार्य करने हेतु असिस्टेंट (मेल या फीमेल) एवं रिसेप्शनिस्ट की आवश्यकता है सम्पर्क करें- प्रेम आपर्टमेन्ट स्वीमिंग पूल ग्राउण्ड के सामने मुंगेली नाका चौक बिलासपुर 9111052333 (38896)

**आवश्यकता है-** होलसेल मनिहारी दुकान में काम करने के लिए मेहनती लड़कों एवं लडकी की आवश्यकता है। सम्पर्क करें- माँ वैष्णो सुहाग भण्डार अजीत होटल के पास मेन रोड तेलीपारा बिलासपुर (38883)

**आवश्यकता है-** बागेश्वर बालाजी कोल एण्ड ट्रान्सपोर्ट में फिल्ड वर्क के लिए लड़कों की आवश्यकता है। वेतन योग्यता अनुसार। सम्पर्क करें- 8516900999 (38889)

**आवश्यकता है-** खेती बाड़ी का सभी काम करने हेतु परिवार वाले की आवश्यकता है जो वहां रहकर काम कर सके। दोनों मिलाकर तनख्वाह 13000 रूपए सम्पर्क करें- 9754293974 (38882)

**आवश्यकता है-** टेन्ट हाउस में काम करने के लिए कम्प्यूटर जानकार सुपरवाइजर की आवश्यकता है सम्पर्क करें- 80019 75775, 8516986000 (38885)

**आवश्यकता है-** रेडीमेड शोरूम में 4वर्ष अनुभवी युवक/ युवती सेल्समैन, साड़ी काउंटर, गर्ल्स काउंटर, ब्वॉयज सेल्स काउंटर संभालने का अनुभव हो। वेतन 12000 से अधिक सम्पर्क करें- नेशनल होजयरी NX सदर बाजार बिलासपुर (38898)

**आवश्यकता है-** आफिस कार्य करने हेतु 2 पढ़े लिखे लड़कों की आवश्यकता है, वेतन- 10000 से 12000 तक सम्पर्क करें- 9373695934, 9617969000 (38888)

**आवश्यकता है-** ड्राईवर की आवश्यकता है लाईसेंस अनिवार्य है। आटोमैटीक एवं मैनूवल गाड़ी चालाना जानता हो 5साल से अधिक अनुभव वाले ही सम्पर्क करे- मिनोचा कॉलोनी के पास बिलासपुर 7024691300 (38892)

**आवश्यकता है-** बिलासपुर गौरव पथ स्थित जिनदत्त साइंटिफिक एंड केमिकल्स दुकान में काम करने हेतु 10वीं, 12वीं पास, अंग्रेजी, कम्प्यूटर जानकार लड़कों की आवश्यकता है। वेतन योग्यता अनुसार। सम्पर्क करें- 98274 10308, 8839800791 (38875)

**आवश्यकता है-** बुटीक में कार्य करने के लिए लड़कों की आवश्यकता है। वेतन योग्यता अनुसार बायोडाटा के साथ सम्पर्क करें- सलोनी बुटिक एल-8 विनोबा नगर बिलासपुर 8999999760 (38878)

**आवश्यकता है-** रायपुर+ लोकल बिलासपुर में सुरक्षा गार्ड की आवश्यकता है वेतन- 10000 से 13000 सम्पर्क करें- एक्समैन सिक्युरिटी सर्विस वैशाली टॉवर हेमू नगर बिलासपुर 9754713125, 9827618359 (38880)

**आवश्यकता है-** सीएसडी कैंटीन रायपुर के लिए मैनेजर 22000/- असिस्टेंट मैनेजर 21000/- अकाउंट क्लर्क/ ऑफिस क्लर्क- 16000/- दुर्ग एवं बिलासपुर के लिए मैनेजर 21000/- रायपुर, बिलासपुर एवं दुर्ग के लिए स्टोर होल्डर 18000/- बिलिंग क्लर्क/बिल चेकर/ एमटीएस 15000/- सफाईकर्मी 10700/- आवेदन ईमेल करें-hqcosaurc1985@gmail.com पर दिनांक 15.10.2025 तक करें। अधिक जानकारी के लिए https://www.hqcosaraipururc.in पर विजिट करें संपर्क 9685726593 (305)

**आवश्यकता है-** दुकान में काम करने के लिए लड़के एवं लड़कियों की आवश्यकता है सम्पर्क करें- गोविन्द इलेक्ट्रॉनिक गेट नम्बर 1 बुधवारी बाजार बिलासपुर 9300635599 (38879)

**आवश्यकता है-** उमा एजेंसी में दुकान में कार्य हेतु लड़के/ लड़कियों की और ऑटो, छोटा हाथी व कार ड्राइवर की आवश्यकता है, वेतन योग्यतानुसार संपर्कः- विजय नगर देवरीखुर्द 9301517722 (310)

**आवश्यकता है-** दुकान में स्कूल कालेज उपयोगी सामग्री निकालने, पैक करने, पहुंचाने आदि कार्य करने 10वीं, 12वीं पास बिलासपुर निवासी युवक चाहिए (कार्य समय सुबह 11 से रात 9 बजे) सम्पर्क करें- 9827174503 (38865)

**आवश्यकता है-** बम्पर भर्ती Ordeal कम्पनी में 60 लड़के, लड़कियों की आवश्यकता है आय 8500 से 22000 रहना खाना, परमानेंट जॉब पता- उस्लापुर ओवर ब्रिज के पास दीपसागर नगर बिलासपुर 8003402269, 6393559091 (38870)

**आवश्यकता है-** इंदौर, भोपाल में ऑफिस कार्य हेतु 18 से 30वर्ष 10वीं 12वीं ग्रेजुएट लड़के चाहिए। वेतन 10000+ कमीशन बोनस के साथ कमाए 15000 से 20000 रहना फ्री+ गाड़ी किराया कोई शुल्क नहीं लगेगा सम्पर्क करें- 98930 29618, 9685913389 (418)

**आवश्यकता है-** पीएम सूर्य घर योजना के अन्तर्गत अनुभवी सोलर पावर प्लांट इंस्टॉलर की आवश्यकता है वेतन योग्यता अनुसार सम्पर्क करें- अधिकृत विक्रेता टाटा पावर सोलर भट्ट एंटरप्राइजेज बिलासपुर 7003837779, 8085548615 (38876)

### बेचना

**बेचना है-** (1) बलेजा स्मार्ट रोड पर 1562 वर्गफुट कामर्शियल प्लॉट (2) सागरदीप कालोनी स्वतंत्र मकान (3) वार्ड नं.-1 शांति नगर प्लॉट (4) सकरी बटालियन सामने 100 फुट रोड पर 80डिस. जमीन शादी घर फैक्टरी अन्य हेतु कमर्शियल प्लाट सम्पर्क- 9340723055, 9827408205 (38905)

**बेचना है-** उषालता काम्प्लेक्स में किम्स हॉस्पिटल के सामने मगरपारा रोड में फर्स्ट फ्लोर फ्रंट साइड की दुकान 450 वर्गफुट एवं ग्राउड फ्लोर नं-3, 200 वर्गफीट बेचना है सम्पर्क करें- 8964980000, 9826681000 (38884)

**बेचना है-** 140 का फ्रंट 95 डिसमिल जमीन रायपुर बिलासपुर नेशनल हाईवे से एक किलोमीटर अन्दर सरगांव के पास किरना गांव में 40 फीट धारसा रोड में बेचना है सम्पर्क 9300833924 (38895)

**बेचना है-** कमर्शियल प्लॉट मसानगंज मेनरोड पर डबलरोड पुराना बना, 3 मंजिल बना हुआ मकान मिश्रा पुस्तकालय से मध्यनगरी चौक के बीच में साइज 26×50 टोटल 1292Sq जमीन है शीघ्र बेचना है संपर्कः- 98279 73444 (309)

**बेचना है-** आवासीय/ कमर्शियल प्लॉट सोनगंगा कॉलोनी 40X56, शिवम विहार 30X55, शिवा विहार 40X55, जुगल पैलेस के पास 40X60, विजयापुरम 40X60, प्रथम हॉस्पिटल के पास 2123 वर्गफिट, अरपा बिजनेस पार्क से लगी 22 फ्रंट 2617 वर्गफिट, 24 फ्रंट 2182 वर्गफिट संपर्क 9300878897 (315)

**बेचना है-** कॉलोनी हेतु खमतराई में 1 एकड़ 64 डिस., बिरकोना में 6एकड़, सेंदरी कोनी में 7एकड़ 32 डिस., 6एकड़ 15 डिस., मोहतराई में 5एकड़ 40 डिस., 8एकड़ 25 डिस., कच्छार में 24एकड़, अमतरा में 1एकड़ 80 डिस., घुटकू में 11एकड़ 79 डिस., शिवपुर खैरा रतनपुर में 13एकड़ 25 डिस. एंव पौसरा नगोई में 7एकड़ 44 डिस. संपर्क 9827973060 (316)

**बेचना है-** रियांश श्री स्टार होटल से 200 मीटर की दूरी पर तखतपुर के जरौंदा गांव में मेन रोड से 100 मीटर अन्दर 6000 वर्गफुट प्लाट बेचना है सम्पर्क करें- 9691732957, 79997 98836 (388903)

**बेचना है-** फैज़ान- ए- मदीना मस्जिद के पास फैज़ नगर तालापारा बिलासपुर में 30×50 का तीन बेडरूम, हॉल, पोर्च, किचन, लेटबाथ 2 अटैच, लेटबाथ 2 अलग सर्वसुविधायुक्त मकान बेचना है सम्पर्क करें- 9407619644 (38886)

**बेचना है-** देवी नगर गली नं.- 4, महाराणा प्रताप चौक के पास बिलासपुर में पूर्व दिशा स्थित गेट बाउंड्रीवॉल सहित प्लाट साईज 70×35.7= 2500 वर्गफीट जमीन अतिशीघ्र बेचना है। सम्पर्क करें- 91111 69686, 8319755938 (38891)

**बेचना है-** राजकिशोर नगर गणेश वैली से लगा माँ शारदा विहार कॉलोनी में 40x60 फीट का सर्वसुविधायुक्त डायवर्टेड प्लाट 30 फीट रोड पर बेचना है (ब्रोकर क्षमा) संपर्क करेः- 9425557903, 79993 10004 (320)

**बेचना है-** कमर्शियल जमीन बेचना है होलसेल कपड़ा मार्केट करबला रोड कश्यप कालोनी मेन रोड बिलासपुर में स्थित 16×50 बेचना है सम्पर्क 9827913007 (38877)

**बेचना है-** परसदा (सकरी) कोटा मोड़ दीनदयाल हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी से लगे सर्व सुविधायुक्त 2BHK मकान 25लाख एवं 3BHK मकान 27लाख में उपलब्ध हैं। बुकिंग कराने हेतु सम्पर्क करें- 98842 61185, 9827404638 (38838)

**बेचना है-** मोपका (चिल्हाटी) LIC city (साईं विहार कॉलोनी) में TNC रेरा एप्रूव्ड, रेडी पोजीशन में 3BHK मकान 44 लाख में उपलब्ध है बुकिंग कराने हेतु सम्पर्क करें- 9827404638, 90391 04638 (38839)

**बेचना है-** सरस्वती कॉलेज के सामने कोनी में 100X130, अरपा बिजनेस पार्क के सामने 92X150, सेंदरी बस स्टैंड चौक में 15000 वर्गफिट, मोपका सेंदरी बायपास नगोई में 11336 वर्गफिट, 22672 वर्गफिट, सेंदरी पेंड्रीडीह बायपास निरतू कोनी में 132X184 प्लाट बिलासपुर संपर्क 9575788444 (314)

**बेचना है-** मंगला लोखंडी मुख्य मार्ग पर पूर्ण विकसित आवासीय प्लाट, बाउंड्रीवॉल, सीसी रोड, मन्दिर, नाली, बैंक फाइनेन्स सुविधा। मात्र 899/- प्रति वर्गफीट में दीपावली तक बुकिंग पर रजिस्ट्री फ्री सम्पर्क- 9713666001 (38858)

### व्यापार

**व्यापार-** जुड़िये ऐसे आकर्षक व्यवसाय से जो बिना रिस्क आपको घर बैठे दें सकता है 30000- 50000 प्रति माह आमदनी, जिसमे ऑटोमैटिक मशीन द्वारा डिस्पोजल दोना पत्तल, प्लेट्स बनायें, कच्चा माल देने तैयार माल लेने का अनुबंध पेशेवर प्रशिक्षण सहित सम्पर्क करें-APS इंटरप्राइजेस रायपुर-9111760925, 99776 76447, बिलासपुर, कोरबा, रायगढ़, अंबिकापुर-88278 48099 (302)

### फायनेंस

**फायनेंस-** रोजगार योजना अंतर्गत पूरे छत्तीसगढ़ मे लोन सिर्फ आधारकार्ड पर (50,000/- से 25 लाख तक) (1% ब्याज वार्षिक) प्रॉपर्टी, पर्सनल, बिजनेस, दुकानदारी, ग्रुप लोन, सिविल खराब लोन पाए संपर्कः- 9311830460 (319)

छोटा विज्ञापन बड़ा लाभ

Medicare Specialists
छोटा लिंग निराश क्यों?
जोश जगा दे धूम मचा दे।



18 से 80 वर्ष तक लाभदायक
लिंगको 8-9 ईन्च लम्बा मोटा, कठोर बनाये। सैक्स टाइम 30 से 45 मिनट बढाएं। नसों की कमजोरी नामर्दी, धातु का पतलापन, शुगर, बी.पी. में भी जबरदस्त लाभदायक।
घर बैठे मंगवाये।
लाभ नही तो पैसे वापिस।
09083218330

### सूचना

पाठकों से अनुरोध है कि वे समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संबंध में किसी भी प्रकार का कदम उठाने (पैसे भेजने, कोई भी खर्च उठाने, चिकित्सकीय सलाह, विवाह संबंधित) या किसी भी वादे-दावे पर अमल करने से पहले अच्छी तरह से जांच पड़ताल कर लें। पाठक पूर्ण जानकारी लेवें व स्वविवेक से निर्णय लेकर ही लेन देन करें। किसी भी उत्पाद या सेवाओं के संबंध में किए किसी भी विज्ञापनदाता के किसी प्रकार के दावों की हरिभूमि (प्रेस प्रबंधक व कर्मचारी) की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। प्रकाशक, संपादक, कर्मचारी और हरिभूमि के स्वामी किसी विज्ञापन के संबंध में उठाए किसी कदम के नतीजे और विज्ञापन दाताओं के अपने वायदों पर खरा न उतरने के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

# पेनल्टी किक पर गोल करने से चूके रोनाल्डो

एजेंसी ▶▶| लंदन



दिग्गज फुटबॉलर क्रिस्टियानो रोनाल्डो पेनल्टी किक पर गोल करने से चूक गए लेकिन आखिरी क्षणों में रुबेन नेवेस के गोल की बदौलत पुर्तगाल ने विश्व कप क्वालीफाइंग के यूरोपीय चरण में आयरलैंड को 1-0 से हराकर ग्रुप एफ की तालिका में अपनी बढ़त मजबूत कर ली। रोनाल्डो मैच के 75वें मिनट में पेनल्टी पर चूक गए लेकिन नेवेस ने (90+1 मिनट) में गोल कर टीम को लगातार तीसरी जीत दिलाई। इस जीत के साथ ही टीम ने ग्रुप तालिका में नौ अंक के साथ दूसरे स्थान पर काबिज हंगरी पर पांच अंक की बढ़त कायम कर ली है। ग्रुप के दूसरे मैच में हंगरी ने डेनियल लुकाक्स और ज़ोम्बोर ग्रुबर के गोल की मदद से आर्मेनिया को 2-0 से हराया। स्पेन ने ग्रुप ई के मैच में जॉर्जिया को 2-0 से हराने के बाद तालिका में शीर्ष पर अपनी स्थिति मजबूत कर ली।

# 1990 के बाद क्वालीफाई करने के करीब यूएई

एजेंसी ▶▶| दोहा

संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) 2026 फीफा विश्व कप के एशियाई क्वालीफाइंग के चौथे दौर में ओमान को 2-1 से हराकर 1990 के बाद पहली बार विश्व कप के लिए क्वालीफाई करने के करीब पहुंच गया है। यूएई को स्वतः क्वालीफिकेशन के लिए अब मंगलवार को मेजबान कतर के खिलाफ सिर्फ ड्रॉ की जरुरत है। इस हार से ओमान की तीन-टीम वाले ग्रुप ए को जीतकर पहली बार विश्व कप के लिए स्वतः क्वालीफाई करने की उम्मीदें समाप्त हो गईं। टीम हालांकि अब भी दूसरे स्थान पर रहकर पांचवें दौर में आगे बढ़ सकती है। यह विश्व कप अमेरिका, कनाडा और मैक्सिको की सह मेजबानी में आयोजित होगा।



## खबर संक्षेप



### जापान ओपन स्क्वाश के सेमीफाइनल में पहुंची जोशना

**नई दिल्ली।** स्क्वाश खिलाड़ी जोशना चिनप्पा ने जापान के योकोहामा में चल रहे जापान ओपन पीएसए चैलेंजर में मिस्र की नारदीन गैरास को सीधे गेमों में हराकर के सेमीफाइनल में प्रवेश किया। विश्व रैंकिंग में पूर्व में नंबर 10 पर रही इस 39 साल की खिलाड़ी ने क्वार्टर फाइनल में मिस्र की दूसरी वरीयता प्राप्त गैरास को 11-8, 15-13, 11-9 से हराया। जोशना अंतिम चार में अब चौथी वरीयता प्राप्त मिस्र की राणा इस्माइल से भिड़ेंगी। पूर्व एशियाई चैंपियन और विश्व युगल चैंपियन ने इससे पहले दूसरे दौर में फ्रांस की पांचवीं वरीयता प्राप्त लॉरेन बाल्टायन को 11-7, 11-4, 11-9 से और पहले दौर में मलेशिया की एनरी गोह को 11-6, 11-6, 11-6 से हराया था।

### न्यूजीलैंड को हराकर जोहोर कप में भारत का अजेय अभियान जारी



**जोहोर।** भारतीय जूनियर पुरुष हॉकी टीम ने न्यूजीलैंड को 4-2 से हराकर सुल्तान जोहोर कप में अपना अजेय अभियान जारी रखा। भारत के लिए अर्शदीप सिंह (दूसरे मिनट), पीबी सुनील (15वें मिनट), अरिजीत सिंह हुंडल (26वें मिनट) और आर कुमुर (47वें मिनट) ने गोल किए जबकि न्यूजीलैंड के लिए गस नेल्सन (41वें मिनट) और ऐडन मैक्स (52वें मिनट) ने गोल दागे। भारत ने इससे पहले टूर्नामेंट के अपने पहले मैच में ब्रिटेन को 3-2 से हराया था। भारत ने पहला गोल शुरुआती क्वार्टर के दूसरे मिनट में कर दिया जिसमें अर्शदीप ने आसान मौके को गोल में बदल दिया। उन्होंने दाईं ओर से सर्कल में तेजी से दौड़ लगाई और शॉट लगाया, लेकिन शुरुआत में न्यूजीलैंड के गोलकीपर ने इसे बचा लिया लेकिन वह रिबाउंड पर गोल करने में कामयाब रहे।

### वाशेरोट ने जीता शंघाई मास्टर्स खिताब



**शंघाई।** वैलेंटिन वाशेरोट ने क्वालीफाइंग दौर से मुख्य दौर में जगह बनाने के बाद रविवार को अपने चचेरे भाई आर्थर रिंडरनेच को 4-6, 6-3, 6-3 से हराकर शंघाई मास्टर्स का खिताब अपने नाम किया। विश्व रैंकिंग में 204वें स्थान पर काबिज 26 साल के वाशेरोट एटीपी मास्टर्स 1000 के इतिहास में सबसे कम रैंकिंग वाले विजेता है। वह एटीपी मास्टर्स 1000 स्तर का खिताब जीतने वाले मोनाको के पहले खिलाड़ी भी है। वाशेरोट ने सेमीफाइनल में 24 बार के ग्रैंड स्लैम चैंपियन दिग्गज नोवाक जोकोविच को हराया था जबकि रिंडरनेच ने चार ग्रैंडस्लैम का फाइनल खेलने वाले दानिल मेदवेदेव को शिकस्त दी थी।

## वेस्टइंडीज दूसरी पारी में 173/3, भारत से अभी 97 रन पीछे

# फॉलोऑन के बाद वेस्टइंडीज का पलटवार कैंपबेल और होप की शतकीय साझेदारी

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

सलामी बल्लेबाज जॉन कैंपबेल और शाई होप के अर्धशतकों के साथ दोनों के बीच तीसरे विकेट के लिए 138 रन की अटूट साझेदारी के दम पर वेस्टइंडीज की टीम भारत के खिलाफ दूसरे और अंतिम टेस्ट मैच को चौथे दिन खींचने में सफल रही। वेस्टइंडीज फालोऑन मिलने के बाद रविवार को तीसरे दिन स्टंप्स तब अपनी दूसरी पारी में तीन विकेट पर 173 रन बना लिए। टीम को पारी की हार से बचने के लिए अभी और 97 बनाने होंगे। स्टंप्स के समय कैंपबेल 87 और होप 66 रन पर बल्लेबाजी कर रहे थे। मैच में भारत का पलड़ा अब भी काफी भारी है लेकिन कैंपबेल की आत्मविश्वास से भरी पारी से दिन का तीसरा सत्र वेस्टइंडीज के नाम रहा। यह पूरी श्रृंखला का पहला ऐसा सत्र है, जो वेस्टइंडीज के नाम रहा। कैंपबेल ने 145 गेंद की पारी में नौ चौके और दो छक्के लगाए। खासकर कुलदीप यादव के खिलाफ आक्रामक रुख अपनाया। उनकी और होप की साझेदारी से वेस्टइंडीज के खिलाड़ियों का न्यूजीलैंड के आगामी दौरे से पहले हौसला बढ़ेगा।

- भारत के खिलाफ अंतिम टेस्ट को चौथे दिन खींचने में सफल वेस्टइंडीज



### कुलदीप का कमाल

*कुलदीप यादव ने शनिवार को दूसरे टेस्ट में सबसे पहले एलिक एथानाजे को सबसे पहले आउट किया, जिनका कैच रवींद्र जडेजा ने लिया। फिर रविवार की सुबह उन्होंने शे होप को आउट किया। कुलदीप यादव का तीसरा विकेट टेविन इमलैच के तौर पर आया। इसके बाद उन्होंने जेडन ग्रीव्स को पवेलियन भेजा। लेफ्ट आर्म स्पिनर ने पांचवां शिकार जेडन सील्स का किया।*

### गिल ने लपका कमाल का कैच

पहली पारी में 270 रन की बढ़त होने के कारण मुख्य कोच गौतम गंभीर और कप्तान शुभमन गिल ने वेस्टइंडीज को फालोऑन करने को कहा। चाय के विश्राम से पहले मोहम्मद सिराज ने सपाट पिच पर तेगनारायण चंद्रपॉल (10) को और एक तेज शॉर्ट गेंद फेंकी, जो अपने पुल-शॉट पर नियंत्रण नहीं रख पाए। कप्तान शुभमन गिल ने डाइव लगाकर कैच लपक कर उनकी पारी का अंत किया। एलिस अथानजे (सात) को वाशिंगटन सुंदर ने एक बेहतरीन ऑफ स्पिन लेती गेंद पर आउट किया। बता दें कि साउथ अफ्रीका के पॉल एडम्स ने 45 टेस्ट में 4 बार 5 विकेट लेने का कारनामा किया है। वॉर्डल ने इंग्लैंड और साउथ अफ्रीका के बीच खेले गए मुकाबले में रेड बॉल मैच में साल 1957 में 5वीं बार 5 विकेट लेने का कारनामा किया था। इस गेंदबाज ने पहली पारी में 20.2 ओवरों में 61 रन देकर 5 बैटर्स को आउट किया था।

### कुलदीप ने 5 विकेट लेकर रचा इतिहास



5 विकेट लेकर कुलदीप यादव ने इंग्लैंड के स्पिनर जॉनी वॉर्डल के सबसे ज्यादा 5 विकेट लेने के रिकॉर्ड की बराबरी कर ली। ये रिकॉर्ड लेफ्ट आर्म स्पिनर के जरिए है। वॉर्डल ने अपने 9 साल के इंटरनेशनल करियर में 28 टेस्ट खेले हैं और 5 बार 5 विकेट लेने का कारनामा किया। कुलदीप ने अब 15 टेस्ट मैचों में 5 बार 5 विकेट लेकर कमाल कर दिया है।

### स्कोर बोर्ड

| वेस्टइंडीज दूसरी पारी | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| जॉन कैंपबेल नाबाद | 87 | 145 | 9 | 2 |
| चंद्रपॉल का गिल बो सिराज | 10 | 30 | 1 | 0 |
| एलिस अथानजे बो सुंदर | 07 | 17 | 1 | 0 |
| शाई होप नाबाद | 66 | 103 | 8 | 2 |

**अतिरिक्त :** 28,
**कुल योग:** 49 ओवर में दो विकेट पर 173 रन
**गेंदबाजी :** सिराज 6-2-10-1, जडेजा 14-3-52-0, वाशिंगटन 13-3-44-1, कुलदीप 11-0-53-0, बुमराह 4-2-9-0, जायसवाल 1-0-3-0

## ऑस्ट्रेलिया ने रचा इतिहास, हीली की कप्तानी पारी से महिला वनडे में हासिल किया सबसे बड़ा लक्ष्य



एजेंसी ▶▶| विशाखापत्तनम

ऑस्ट्रेलियाई महिला टीम ने रविवार को भारत के खिलाफ 331 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए इतिहास रच दिया। टीम ने महिला वनडे क्रिकेट में सबसे बड़े लक्ष्य को तीन विकेट शेष रहते हासिल कर नया रिकॉर्ड अपने नाम किया। विशाखापत्तनम में खेले गए इस रोमांचक महिला विश्व कप मुकाबले में भारत ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 48.5 ओवर में 330 रन बनाए। भारत की ओर से प्रतिका रावल और स्मृति मंधाना ने शानदार बल्लेबाजी करते हुए 155 रनों की साझेदारी की। लक्ष्य का पीछा करने उतरी ऑस्ट्रेलियाई टीम ने कप्तान एलिसा हीली की बेहतरीन पारी की बदौलत 49 ओवर में सात विकेट पर 331 रन बनाकर मैच जीत लिया। हीली ने 107 गेंदों में 142 रनों की दमदार और मैच जिताने वाली पारी खेली। भारत की ओर से श्री चरणी ने तीन विकेट हासिल किए, जबकि अमनजोत कौर और दीप्ति शर्मा ने दो-दो विकेट लिए।

### ऑस्ट्रेलिया ने हासिल किया महिला वनडे का सबसे बड़ा लक्ष्य

छह गेंदों के शेष रहते ऑस्ट्रेलिया ने 331 रनों के लक्ष्य को सफलतापूर्वक हासिल कर लिया। यह महिला वनडे इतिहास का सबसे बड़ा रन चेज है। इससे पहले का रिकॉर्ड 302 रन का था, जिसे श्रीलंका महिला टीम ने 2024 में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ हासिल किया था।

### शीर्ष पर पहुंचा ऑस्ट्रेलिया

चार मैचों में तीन जीत के साथ सात अंक लेकर ऑस्ट्रेलियाई टीम महिला विश्व कप की अंक तालिका में शीर्ष पर पहुंच गई है। वहीं, इंग्लैंड एक बार फिर दूसरे स्थान पर खिसक गई। भारत लगातार दो मैचों में हार के साथ तीसरे स्थान पर बना हुआ है। उसके खाते में चार अंक हैं और नेट रन रेट 0.682 है। चौथे पायदान पर दक्षिण अफ्रीका की टीम है जिसके भी चार अंक हैं। हालांकि, उसका नेट रन रेट -0.888 है।

#### वनडे में किया 5 हजार का आंकड़ा पार

# स्मृति ने रचा इतिहास, 1 कैलेंडर ईयर में बनाए 1 हजार रन

एजेंसी ▶▶| विशाखापत्तनम



भारतीय उप कप्तान स्मृति मंधाना रविवार को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ महिला विश्व कप ग्रुप मैच के दौरान महिला वनडे में एक कैलेंडर वर्ष में 1,000 रन बनाने वाली पहली खिलाड़ी बन गईं। उनतीस साल की इस सलामी बल्लेबाज ने महिला वनडे में 5,000 रन भी पूरे किए और मिताली राज के बाद यह उपलब्धि हासिल करने वाली केवल पांचवीं और दूसरी भारतीय बल्लेबाज बन गईं। वह यह उपलब्धि हासिल करने वाली सबसे कम उम्र की खिलाड़ी हैं और उन्होंने सबसे कम पारियों में 1,000 रन बनाए। मंधाना ने 112 पारियों और 5,569 गेंदों में यह उपलब्धि हासिल की, जिससे उन्होंने स्टेफनी टेलर की 129 पारियों और सूजी बेट्स की 6,182 गेंदों की संख्या को पीछे छोड़ दिया। मंधाना ने हालांकि टूर्नामेंट में धीमी शुरुआत की लेकिन इस बाएं हाथ की बल्लेबाज ने शानदार वापसी करते हुए 66 गेंद में 80 रन (नौ चौके और तीन छक्के) बनाकर फॉर्म में वापसी की और प्रतिका रावल के साथ 155 रन की साझेदारी की, जो इस प्रतियोगिता में सलामी बल्लेबाजों के बीच पहली शतकीय साझेदारी भी थी।

### एक ओवर में बनाए 16 रन

इस मैच से पहले मंधाना के 17 मैच में 982 रन थे। उन्होंने आठवें ओवर में 1,000 रन का आंकड़ा छुआ, जिसमें उन्होंने ऑस्ट्रेलियाई बाएं हाथ की स्पिनर सोफी मोलिनू की धज्जियां उड़ाते हुए इस ओवर में चौका, छक्का और चौका जड़ा, जिससे 16 रन बने। मंधाना ने इस तरह महिला वनडे में ऑस्ट्रेलिया की बेलिंडा क्लार्क (1997 में 970 रन) का एक कैलेंडर वर्ष में सबसे ज्यादा रन बनाने का पुराना रिकॉर्ड तोड़ दिया। उन्होंने अपनी पारी की शुरुआत सकारात्मक तरीके से की और किम गार्थ के पहले ओवर की आखिरी गेंद पर चौका लगाकर खाता खोला। लेकिन मोलिनू के ओवर में मंधाना ने पहली गेंद को मिड-ऑन के ऊपर से चौका जड़ा, अगली गेंद को डिफेंड किया, फिर तीसरी गेंद पर लांग-ऑन के ऊपर से छक्का जड़ा और फिर स्क्वायर लेग के ऊपर से एक और चौका लगाकर रिकॉर्ड बुक में अपना नाम दर्ज कराया। मंधाना ने टूर्नामेंट में इससे पहले श्रीलंका, पाकिस्तान और दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ क्रमशः 8, 23 और 23 रन बनाए थे।

## आचार संहिता के उल्लंघन पर सील्स को जुर्माना

**नई दिल्ली।** वेस्टइंडीज के तेज गेंदबाज जेडेन सील्स को भारत के खिलाफ खेल जा रहे दूसरे टेस्ट मैच के पहले दिन आईसीसी के लेवल एक आचार संहिता के उल्लंघन का दोषी पाए जाने पर उनकी मैच फीस का 25 प्रतिशत जुर्माना लगाया गया है। इसके साथ ही उन्हें एक डिमेरिट अंक भी दिया गया है। यह घटना शुक्रवार को भारत की पहली पारी के 29वें ओवर में घटी जब सील्स ने गेंदबाजी करने के बाद गेंद को बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल की ओर फेंक दिया, जिससे गेंद उनके पैड पर लगी। आईसीसी ने कहा, 'सील्स को खिलाड़ियों और सहयोगी स्टाफ के लिए आईसीसी आचार संहिता के अनुच्छेद 2.9 का उल्लंघन का दोषी पाया गया। यह अंतरराष्ट्रीय मैच के दौरान किसी खिलाड़ी की ओर या उसके पास अनुचित या खतरनाक तरीके से गेंद (या किसी अन्य क्रिकेट उपकरण) फेंकने से संबंधित है।' इसके साथ ही सील्स के खाते में 24 महीनों की अवधि में कुल डिमेरिट अंक की संख्या अब दो हो गई है।



# बांग्लादेश के खिलाफ जीत की हैट्रिक लगाने की कोशिश करेगा दक्षिण अफ्रीका

एजेंसी ▶▶| विशाखापत्तनम

दक्षिण अफ्रीका की टीम लगातार दो जीत से महिला वनडे विश्व कप में अपने अभियान को शानदार अंदाज में पटरी पर लाने के बाद सोमवार को बांग्लादेश के खिलाफ जीत की हैट्रिक लगाने की कोशिश करेगी। अपने पहले मैच में इंग्लैंड से 10 विकेट की करारी हार झेलने के बाद दक्षिण अफ्रीका महिला टीम ने न्यूजीलैंड और मेजबान भारत पर दमदार जीत दर्ज कर शानदार वापसी की है। इन दो जीतों से टीम का आत्मविश्वास काफी बढ़ गया है। टीम अंक तालिका में चौथे (-0.888 के नेट रन रेट के साथ) स्थान पर है। कप्तान लॉरा वोल्वार्ड्ट, मारिजन काप, ताजमिन ब्रिट्स, सुने लुस और अयाबोंगा खाका जैसी खिलाड़ियों से सजी दक्षिण अफ्रीका की टीम कागजों पर काफी मजबूत नजर आती है।



### शानदार फॉर्म में दक्षिण अफ्रीका का शीर्ष क्रम

इंग्लैंड के खिलाफ 69 रनों पर ऑल आउट होने के बाद, उनका शीर्ष क्रम शानदार फॉर्म में है। ब्रिट्स और लुस ने न्यूजीलैंड के खिलाफ शानदार प्रदर्शन किया, वहीं वोल्वार्ड्ट ने भारत के खिलाफ अपनी बेहतरीन बल्लेबाजी का प्रदर्शन किया।

### बांग्लादेश की हार ने कमजोरियों को उजागर किया

बांग्लादेश ने पाकिस्तान पर मनोबल बढ़ाने वाली सात विकेट से जीत के साथ टूर्नामेंट की शानदार शुरुआत लेकिन इंग्लैंड और न्यूजीलैंड के खिलाफ लगातार हार ने उनकी कमजोरियों को उजागर किया है। बीस साल की प्रतिभाशाली तेज गेंदबाज मारुफा अख्तर की अगुवाई में गेंदबाजों ने अच्छा प्रदर्शन किया है लेकिन टीम को शीर्ष क्रम में लचर बल्लेबाजी से परेशानी का सामना करना पड़ा है। कप्तान और विकेटकीपर निगार सुल्ताना जोटी भी रन बनाने के लिए जूझती रही हैं और टूर्नामेंट में उनका औसत सिर्फ नौ रन का है। बांग्लादेश को मुकाबले में बने रहने के लिए ऐसे में शीर्ष क्रम के बल्लेबाजों से बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद होगी।

## दिल्ली हाफ मैराथन को जोशीले धावकों ने उत्सव की तरह मनाया

# 40 हजार से अधिक प्रतिभागियों ने दौड़ की भावना का मनाया जश्न

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

राजधानी दिल्ली का जवाहरलाल नेहरु स्टेडियम रविवार को खेल प्रेमियों से गुलजार हो गया जब वेदांता दिल्ली हाफ मैराथन में 40 हजार से अधिक प्रतिभागियों ने भाग लेकर दौड़ की भावना का शानदार जश्न मनाया। इस साल का आयोजन शीर्ष खिलाड़ियों की प्रतिस्पर्धा को यादगार बनाया। दूसरी ओर जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला, दिल्ली के उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना और रक्षा प्रमुख जनरल अनिल चौहान जैसे प्रमुख हस्तियों ने भी आम खेल प्रेमियों के साथ दौड़ में भाग लेकर आयोजन को ऐतिहासिक बना दिया। मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने शनिवार को बड़े उत्साह से अपनी बिब और किट ली थी। उन्होंने ओपन 10के (10 किलोमीटर) दौड़ पूरी की। दौड़ पूरी करने के बाद उन्होंने कहा, 'यह केवल खिलाड़ियों की दौड़ नहीं होती, बल्कि इससे जुड़ा पूरा परिस्थितिक तंत्र होता है। इस स्पर्धा से जितने गरीब और वंचित लोग लाभान्वित होते हैं, वह वाकई अद्भुत है।

- राजधानी दिल्ली का जवाहरलाल नेहरु स्टेडियम खेल प्रेमियों से गुलजार



### बीमार भाई की खुशी के लगाया जोर : मटाटा

*कीनिया के एलेक्स मटाटा ने वेदांता दिल्ली हाफ मैराथन में पुरुष वर्ग का खिताब जीतने के बाद कहा कि वह अपने बीमार भाई के चेहरे पर खुशी लाने के लिए दौड़ के दौरान खुद को प्रेरित कर रहे थे। मटाटा ने इस जीत के बाद कहा, 'यह जश्न... मैं अपने और अपने भाई के लिए मना रहा हूं। मुझे लग रहा था कि यहां मेरी जगह मेरा भाई दौड़ रहा है। वह बीमार है तो मैंने सोचा की उसकी चेहरे पर खुशी के लिए पूरी ताकत झोंक देनी चाहिए।'*

### मटाटा और रेंगरुक बने चैंपियन

*कीनिया के लंबी दूरी के धावक एलेक्स मटाटा और लिलियन कासैट रेंगरुक ने वेदांत दिल्ली हाफ मैराथन में क्रमशः पुरुष और महिला वर्ग की एलीट दौड़ जीतीं। पिछले साल दूसरे स्थान पर रहे मटाटा ने 59 मिनट 50 सेकंड का समय निकालकर बोयेलिन टेशागर (एक घंटा 22 सेकंड) और जेम्स किपकोगी (एक घंटा 25 सेकंड) को पछाड़ा। रेंगरुक ने एक घंटे सात मिनट 20 सेकंड का समय निकालकर महिला वर्ग का खिताब जीता। इथियोपिया की जोड़ी मेलाल सियूम बिरातु (एक घंटा सात मिनट 21 सेकंड) और मुलत टेकले (एक घंटा सात मिनट 29 सेकंड) क्रमशः दूसरे और तीसरे स्थान पर रहीं। अभिषेक पाल और सीमा भारतीय पुरुष और महिला वर्ग में सबसे तेज धावक रहे। उन्होंने क्रमशः एक घंटे चार मिनट 17 सेकंड और एक घंटे 11 मिनट 23 सेकंड का समय लिया। दिल्ली हाफ मैराथन का यह 20वां सत्र है, जिसे यहां के जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम से हरी झंडी दिखाई गई थी। इसकी कुल पुरस्कार राशि 260,000 डॉलर है।*

लंदन। स्पेस में धरती पर छलांग लगाने की तो दूर की बात सोचा भी नहीं जा सकता है, लेकिन क्या आप जानते हैं किसी इंसान ने अंतरिक्ष से धरती पर छलांग लगा दी थी आपको भी ये बात कुछ अजीब सी लग रही होगी और सोच में भी आ गए होंगे की क्या ये सब भी होता है, तो आपको बता दें ये सब हुआ है। दुनिया में एक ऐसा शख्स है, जिसने ये सब काम कर दिया है और यही नहीं उस समय उनका वीडियो जमकर वायरल भी हो गया था।

# इस शख्स ने अंतरिक्ष से धरती पर लगा दी थी छलांग



## कौन है वो जिसने अंतरिक्ष से लगाई थी छलांग?

ये बात सुनकर ही बहुत ज्यादा अजीब लग रही है, क्या कोई इंसान भी स्पेस से धरती पर छलांग लगा सकता है हम बात कर रहे हैं ऑस्ट्रियन स्काइडाइवर फेलिक्स बॉमगार्टन की, जिसने ये कारनामा भी कर दिखाया है। 14 अक्टूबर 2012 को इन्होने स्पेस से धरती पर छलांग लगा दी थी। इन्होने वर्ल्ड रिकॉर्ड भी बनाया हुआ है।

## कैसे लगाई थी छलांग?

ऐसा कहा जाता है कि उन्होने अपना पैराशूट नहीं खोला था और हीलियम बैलून की मदद से अंतरिक्ष तक पहुंचने के बाद ही उन्होने छलांग लगा दी थी। 1000 किमी. प्रति घंटे की रफ्तार से जमीन पर गिरे थे। इन्होने साउंड की स्पीड को भी क्रॉस कर दिया था, ये बात बेहद ही डरावनी सुनाई दे रही है, लेकिन धरती से कुछ मीटर पहले उन्होने अपना पैराशूट खोल दिया था।



## बनाया था वर्ल्ड रिकॉर्ड

सबसे तेज रफ्तार की छलांग लगाने के लिए इनका नाम वर्ल्ड रिकॉर्ड में भी दर्ज किया गया। इनकी छलांग लगाने की स्पीड 833.9 एमपीएच थी। बिना किसी मदद के उन्होंने छलांग लगा दी थी।



(ल्यूकोडर्मा) का लेसर व्दारा ईलाज
कालड़ा प्लास्टिक कॉस्मेटिक सर्जरी एवं बर्न सेंटर
आर.के.सी. के सामने, जी.ई. रोड, चौबे कालोनी एवं गंगा डायग्नोस्टिक्स के उपर, कलर्स माल के पास, पचपेढ़ी नाका, रायपुर (छ.ग.)
9827143060
Ajay Advt.

# अफगानिस्तान के बॉर्डर पर सुरक्षाकर्मियों ने किया भारतीय यात्री का स्वागत



काबुल। अफ़गानिस्तान का बताया जा रहा एक वीडियो इंटरनेट पर काफ़ी चर्चा का विषय बना हुआ है। इसमें तालिबान सुरक्षाकर्मी एक भारतीय पर्यटक का बड़े ही गर्मजोशी और सम्मान के साथ स्वागत करते दिखाई दे रहे हैं। एक्स पर शेयर की गई इस क्लिप में एक शख्स मोटरसाइकिल से जा रहा है और उसे एक नियमित चेक प्वाइंट पर रोका जाता है। जब उससे उसका पासपोर्ट मांगा जाता है, तो वह खुद को भारतीय बताता है। सुरक्षाकर्मी तुरंत मुस्कुराते हैं, उसका स्वागत करते हैं और उसके डॉक्यूमेंट्स देखे बिना ही उसे जाने देते हैं। वीडियो के साथ पोस्ट में लिखा है- 'अफ़ग़ानिस्तान में एक भारतीय पर्यटक को तालिबान ने एक चेक प्वाइंट पर नियमित पासपोर्ट जांच के लिए रोका। लेकिन, जैसे ही उसने कहा कि वह भारत से है, वे मुस्कुराए, उसका स्वागत किया और उसके दस्तावेज़ देखे बिना ही उसे जाने दिया। अफ़ग़ानिस्तान अपने सच्चे दोस्तों के साथ ऐसा ही व्यवहार करता है।' फ़ुटेज के मुताबिक, अधिकारियों को यह कहते हुए सुना जा सकता है कि भारत और अफ़ग़ानिस्तान 'भाई जैसे' हैं।

## लोगों ने शेयर किया अपना एक्सपीरियंस

इस वीडियो पर ऑनलाइन हज़ारों प्रतिक्रियाएं आईं, और कई यूज़र्स ने इसे भारत और अफ़ग़ानिस्तान के सांस्कृतिक और ऐतिहासिक संबंधों की एक दिल को छू लेने वाली याद बताया। एक यूज़र ने लिखा, 'यह बहुत ही खूबसूरत क्षण है। सबसे अप्रत्याशित जगहों पर भी, सम्मान और दोस्ती झलकती है।' एक अन्य ने कमेंट किया, 'यह दोस्ती बहुत पुरानी है,'जबकि तीसरे ने कहा, 'यही सच्ची दोस्ती की ताकत है।' एक यात्री ने अपनी निजी जानकारी साझा की: मैं तीन बार काबुल गया हूं, और मैं कह सकता हूं कि यह सच है। अफ़ग़ानिस्तान में सुरक्षाकर्मी भारतीयों का सम्मान करते हैं। अफ़ग़ान लोग भी भारतीयों के साथ गर्मजोशी से पेश आते हैं - वे आपको अपने घरों में आमंत्रित करते हैं और अगर आप उनके साथ खाना खाते हैं तो उन्हें गर्व महसूस होता है।

MARUTI SUZUKI ARENA
त्योहारों की ख़ुशी
अब हुई और बड़ी
GST लाभ और सीमित अवधि फैस्टिव ऑफ़र्स के साथ
23 अक्टूबर, 2025 तक मान्य

| MODEL | S-PRESSO | ALTO K10 | CELERIO | WAGONR | SWIFT | DZIRE | BREZZA | ERTIGA | EECO |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| REDUCTION IN PRICE^ (₹) UP TO | 129 600 | 107 600 | 94 100 | 79 600 | 84 600 | 87 700 | 112 700 | 46 400 | 68 000 |
| NOW STARTING AT^ (₹) | 349 900 | 369 900 | 469 900 | 498 900 | 578 900 | 625 600 | 825 900 | 880 000 | 518 100 |
| ADDITIONAL FESTIVE OFFERS* (₹) UP TO | 60 500 | 60 500 | 60 500 | 65 500 | 55 500 | - | 33 000 | - | 50 500 |

BOOK NOW | UP TO 100% PROCESSING FEE WAIVER ON CAR FINANCE#



ARENA SAFETY SHIELD
SCAN TO CONNECT TO SHOWROOM NEAR YOU
E-BOOK TODAY AT WWW.MARUTISUZUKI.COM
Contact us at 1800-102-1800

T&C available at dealership. Features/accessories vary by variant. Black glass shade on the vehicle is due to lighting effect. *Offers / Prices differ by variant/model/location/city and may change or end without notice. Includes consumer, exchange, and institutional/rural offers (where applicable) on select models. Offer values shown are maximums. Prices subject to GST rates as notified by the Government. ^Reductions and starting prices vary by variant. #Valid with select financiers, for personal-use vehicles only.




एक्सचेंज बोनस ₹2 500#
डाउन पेमेंट ₹1 999^ से शुरू
इंस्टेंट डिस्काउंट ₹10 000^ तक HDFC BANK FESTIVE TREATS क्रेडिट कार्ड Powered by pine labs
कॉर्पोरेट ऑफ़र्स ₹2 200# तक
SCAN TO KNOW MORE ASK FOR XTEC

INDIA'S FIRST 5 YEAR WARRANTY* *Conditions apply
Hero GoodLife
जीतने का मौका 100% कैशबैक | सोने का सिक्का
और भी बहुत सुनिश्चित बेनिफिट्स#
Additional offers on Flipkart amazon.in

Hero MotoCorp Ltd, Regd. Office: The Grand Plaza, Plot No.2, Nelson Mandela Road, Vasant Kunj Phase - IL. New Delhi - 110070, India. I CIN: L35911DL1984PLC0173541. For further information, contact your nearest Hero MotoCorp authorised outlet or CALL TOLL-FREE 1800 266 0018 or visit us on www.heromotocorp.com . Accessories and features shown may not be a part of standard fitment. Always wear a helmet while riding a two-wheeler. As per cumulative dispatch numbers till August 2025. $Mileage of Hero Super Splendor Xtec as per internal testing conditions. ^Finance offers are at the sole discretion of the financier, subject to its respective T&Cs. Hero MotoCorp reserves the rights to modify or withdraw any or all the offers without prior notice. #Limited period offer, T&C apply. *Ex-showroom prices are applicable in Chhattisgarh.

TOLL FREE 1800 266 0018

अधिकृत डीलर: बिलासपुर: सत्या हीरो 9289922464, गैलेक्सी हीरो 9289922706, अंबिकापुर: आनंद हीरो 9289922359, सरगुजा हीरो 9289923110, कोरबा: शांति हीरो 9289922813, छत्तीसगढ़ हीरो 9289923057, रायगढ़: गोयल हीरो 9289922373, आदित्य हीरो 9289923091, जांजगीर: आनंद हीरो 9289922772, बैकुंठपुर: आर.के. हीरो 9289922812, जशपुर: आकाश हीरो 9289922909, एसोशिएट डीलर: खड़गांव: बंसल ऑटो एजेंसी 7000103415, चौरा: ओम ऑटो एजेंसी: 7000316070, सरिया: अग्रवाल ऑटो सेण्टर 9993121909, गौरेला: श्री माँ नर्मदा मोटर्स 7587796622 / 7587796611, सनावल: सोनी ऑटोमोबाइल्स 9479235816, रतनपुर: माँ महामाया मोटर्स 9754240437 / 8839972027, बलोदा: श्री कमला ऑटो 9926515216, मरवाही: राहुल ऑटोमोबाइल्स 8889467369 / 8719087320, मुगेली: महावीर मोटर्स 9993855199, मनेन्द्रगढ़: विवेक ट्रेडर्स 6261178785, कटघोरा: श्री शारदा एंटरप्राइज 9809809925, शिवरीनारायण: सुल्तानिया ऑटो केयर 9407600319, सक्ती: गोयल ऑटो 9303571001, 7000490324, खरसिया: विजय ऑटो एजेंसी 9993093829, सीतापुर: श्रीराम हीरो, 7000043001, पत्थलगांव: ज्योति ऑटो 9406399000, सारंगढ़: गोपाल ऑटो सेंटर 9827893203, सूरजपुर: आशा ऑटोमोबाइल्स 9826440096, अकलतरा: श्री ऑटो 9424174274, कोटा: उर्मिला मोटर्स 9340252857, श्री पुष्कर मोटर्स: 6268000180 / 8718888789, रामानुजगंज: प्रीति ऑटोमोबाईल 8827674000, बारद्वार: दुर्गा ऑटो एजेंसी 8319982160, उदयपुर: बंसत ऑटोमोबाईल्स 9406022927, तपकरा: प्रीति ऑटोमोबाईल्स, 7354334545/7999851514, प्रतापपुर: तायल ऑटोमोबाईल्स 9617218005, पटना: आयुश ऑटोमोबाईल्स 8839141926, पाली: आनंद ऑटोमोबाईल 7089519999, राजपुर: महामाया एजेंसी, 9516209272 / 9340726288, महापाली: साहू ऑटोमोबाइल, 7746028455, मदनपुर: ओम ऑटो एजेंसी, 7000316070, सीपत: मेसर्स गणेश मोटर्स, 9993194005, ऐडिशनल वर्कशॉप: अम्बिकापुर: आनंद ऑटोमोबाईल्स, देवीगंज 7771008601/9289922359, जेन्युइन स्पेअर पार्ट्स के लिए संपर्क करें: अधिकृत स्टॉकिस्ट: ओरियन ऑटोव्हील्स 07752-252088, अधिकृत सिटी वर्कस्: उरगा: बालाजी सर्विस स्टेशन 279600, डीलर एक्सटेंशन काउंटर: बिलासपुर (सकरी) सत्या सर्विसेज़, 9111107951, गैलेक्सी हीरो (जगमल चौक) 8085152612, चम्पा: आनंद हीरो 7909901444, कोरबा: शांति हीरो, 7440299000, Hero Sure (Buy, Sell, Exchange Any Used Two Wheeler) बिलासपुर: सत्या हीरो 9289922464, खड़गांव: बंसल ऑटो एजेंसी 7000103415.

RS/Hero/10/25

हरिभूमि कम्युनिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक प्रियंक सिंह परिहार द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशन्स, रिंग रोड नं. 2, गौरवपथ, बिलासपुर (छत्तीसगढ़)-495001 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, रिंग रोड नं. 2, गौरव पथ, बिलासपुर (छत्तीसगढ़)-495001 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी, स्थानीय संपादकः प्रवीण शुक्ला। RNI No. CHHHIN/2001/03764, फोन : 07752-401050, फैक्स : 07752-401052. e-mail : bilaspur@haribhoomi.com